श्री हनुमान गढ़ी, अयोध्याजी

दैनिक

यशोभूमि

अपनी भाषा अपनी भूमि

मुंबई, ठाणे, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

3 केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी...

4 भाजपा प्रचारकों की सूची जारी

9 बिहार: हादसों में 22 की मौत

12 जेल से नहीं चलेगी दिल्ली सरकार

वर्ष 29 | अंक 60 | मुंबई, गुरुवार, 28 मार्च 2024

पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 रुपए | www.yeshobhumi.com

केजरीवाल को राहत नहीं

उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप करने से किया इनकार

नयी दिल्ली (भाषा), दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार किया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए केजरीवाल द्वारा दायर की गयी याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने रिहाई की अंतरिम राहत देने के केजरीवाल के अनुरोध पर भी ईडी का रूख जानना चाहा। न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि अंतिम निस्तारण के लिए इस विषय पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। उच्च न्यायालय ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। बाद

में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय से इस आधार पर उन्हें तत्काल रिहा करने का अनुरोध किया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले एक वर्तमान मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी संविधान के मूल ढांचे के विरूद्ध है।

उन्होंने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, ' गिरफ्तारी का मकसद सबूत ढूंढना नहीं बल्कि मुझे और मेरी पार्टी को पंगु बनाना था। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा किया जाए।' ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि कई पन्नों वाली याचिका (की प्रति) मंगलवार को ही ईडी को दी गयी है और उस पर उसका (ईडी का) रूख सामने लाने के लिए समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरिम राहत संबंधी अनुरोध पर भी जवाब के लिए उपयुक्त समय दिया जाना चाहिए। इस बीच इस बात की संभावना है कि ईडी केजरीवाल को उनकी हिरासत खत्म होने पर बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश कर सकती है।

मौसम

मुंबई 33° 28°

सुर्यास्त गुरुवार 6.51 बजे

सुर्योदय शुक्रवार 6.35 बजे

आज का इफ्तार | 6.54

कल की सेहरी | 5.12

महा विकास आघाड़ी से अलग हुए प्रकाश आंबेडकर

अकोला । भाषा

वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने बुधवार को महाराष्ट्र

पहले चरण के लिए उम्मीदवार घोषित

में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करते हुए संकेत दिया कि उनकी पार्टी विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के साथ गठजोड़ नहीं करेगी। आंबेडकर ने यहां

संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि एमवीए के घटक दल-कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) वंशवादी राजनीति के प्रचार के लिए उनकी पार्टी का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ बी आर आंबेडकर के पौत्र प्रकाश आंबेडकर ने पहले चरण के चुनाव के लिए अपनी पार्टी के आठ प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जिनमें उन्होंने अकोला से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। आंबेडकर ने कहा, 'वे (एमवीए) वंशवादी ⏭ शेष पृष्ठ 7 पर...

दाते एनआईए के महानिदेशक नियुक्त

नयी दिल्ली। भाषा

महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते के प्रमुख सदानंद वसंत दाते को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक

विभाग ने इस बाबत आदेश जारी किया है। दाते महाराष्ट्र कैडर के 1990 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने एनआईए के महानिदेशक (डीजी) पद पर दाते की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है और उनका कार्यकाल 31 दिसंबर ⏭ शेष पृष्ठ 7 पर...

छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ : दो महिला समेत 6 नक्सली ढेर

बीजापुर। भाषा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिपुरभट्टी गांव के करीब तालपेरू नदी के किनारे जंगलों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो महिला नक्सली समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है। सुंदरराज ने बताया कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान के तहत रवाना किया गया था। अभियान में जिला रिजर्व

गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) के जवान शामिल थे।

जब्त धन को जनता को लौटाना मेरा उद्देश्य : मोदी

नयी दिल्ली। भाषा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से 'लूटा गया' और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्क किया गया धन जनता को वापस मिले। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने बताया कि मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पार्टी की उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर बातचीत में

सरकार भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध

यह बात कही। भाजपा के एक नेता ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने 'राजमाता' अमृता रॉय से कहा कि भ्रष्टाचारियों ने आम जनता का पैसा लूटा है और ईडी ने उन

भ्रष्टाचारियों से जो भी संपत्ति और धन जब्त किया है, उसे गरीब जनता को वापस दिया जाए... यह सुनिश्चित करने के लिए वह कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं।' भाजपा नेताओं के अनुसार, मोदी ने कहा कि एक तरफ वर्तमान केंद्र सरकार देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सारे भ्रष्ट एक दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं। प्रधानमंत्री और रॉय के बीच हुई बातचीत का विवरण देते हुए पार्टी के नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री का ⏭ शेष पृष्ठ 7 पर...

संक्षिप्त समाचार

विशेष ट्रेनों की सेवाओं में विस्तार

मुंबई । प्रतिनिधि
मध्य रेल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए कई विशेष ट्रेनों के सेवाओं की अवधि का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसके मुताबिक दादर-बलिया त्रि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन संख्या 01025 दादर-बलिया त्रि-साप्ताहिक विशेष, जो 29 मार्च 2024 तक अधिसूचित थी, अब 1 अप्रैल 2024 से 30 जून 2024 तक चलेगी। (40 सेवाएं)। इसी तरह ट्रेन संख्या 01026 बलिया-दादर त्रि-साप्ताहिक विशेष, जो 31 मार्च 2024 तक अधिसूचित थी, अब 03 अप्रैल 2024 से 03 जुलाई 2024 तक चलेगी। दादर-गोरखपुर सप्ताह में 4 दिन विशेष ट्रेन संख्या 01027 दादर-गोरखपुर सप्ताह में 4 दिन विशेष जो 31 मार्च 2024 तक अधिसूचित थी, अब 2 अप्रैल 2024 से 30 जून 2024 तक (2 मई 2024 को छोड़कर) तक चलेगी । ट्रेन संख्या 01028 गोरखपुर-दादर सप्ताह में 4 दिन विशेष, जो 2 अप्रैल 2024 तक अधिसूचित थी, अब 4 अप्रैल 2024 से 02 जुलाई 2024 तक (दिनांक 10 जून 2024 को छोड़कर) चलेगी। उपर्युक्त ट्रेनों के समय, संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

मंदिर से चरण पादुका चुराने वाले तीन गिरफ्तार

कल्याण । प्रतिनिधि मंदिर में देवी माता की चरण पादुका चुराने वाले तीन चोरों को तिलकनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चोरों का नाम राजेश उर्फ राजू मारुति वंजारे, कैलाश रामजग निषाद और फारुख अली मोहम्मद हनीफ बताया जा रहा है। चोरों के पास से पुलिस ने चोरी की पादुका भी बरामद कर लिया है। बता दें कि शुक्रवार दोपहर कचोरे गांव की गांवदेवी मंदिर में दो अज्ञात शख्स दर्शन के बहाने मंदिर में आए थे। दोनों ने देवी माता की चरण छूकर पूजा-अर्चना की, उसके बाद माता की चरण पादुका चोरी कर फरार हो गए।

मध्य रेल
सिग्नलिंग कार्य

भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसटी 400001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भवन दिनांक 22/04/2024 को 15.00 बजे तक निविदा का समय, तिथि और प्रस्तुतीकरण उसी दिन 15.15 बजे खोला जाएगा। **कार्य का नाम:** उत्तर खंड के विभिन्न स्टेशनों पर सीटीआर/टीटीआर कार्यों के संबंध में सिग्नलिंग कार्य और मुंबई मंडल के उत्तर खंड के खंडाला स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज कार्य के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा सं:–सीआर–बीबी–एसएंडटी–उत्तर–2024–19 लगभग मूल्य:** Rs.1.52/- Crores **खुलने की तारीख:** 22/04/2024 **ईएमडी:** Rs. 226500.00/- **वैधता:** 60 Days **समापन अवधी:** 12 Months. यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है । आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है । निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है । 1007

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

मध्य रेल
विद्युतीकरण कार्य

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई–निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण** : (A) परेल, दादर, माटुंगा, कुर्ला, विद्याविहार, घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप, मुलुंड, ठाणे, कलवा, दिवा, भायखला–कोपर सेक्शन में एफओबी की सतह एवं छत और सीढ़ियों के सुधार का विद्युतीकरण कार्य करने हेतु। (B) कर्जत – लोनावाला खंड में खंडाला स्टेशन पर 3 मीटर चौड़े एफओबी के लिए विद्युतीकरण कार्य करने हेतु। (C) नेरल में 6.0 मीटर चौड़े एफओबी के प्रतिस्थापन सुधार का विद्युतीकरण कार्य करने हेतु । (D) डोंबिवली में सी.एस.एम.टी. छोर पर प्लेटफॉर्म 5 के खुले हिस्से पर सीओपी का प्रावधान और प्लेटफॉर्म 3–4 पर सीओपी में सुधार का विद्युतीकरण कार्य करने हेतु। (E) हमरापुर, रसायनी और दातिवली में बुकिंग कार्यालयों का विद्युतीकरण कार्य करने हेतु। (F) दादर में प्लेटफॉर्म 1–2 की अतिरिक्त चौड़ाई पर सीओपी के प्रावधान के लिए विद्युतीकरण कार्य करने हेतु। **निविदा सूचना क्र. 128/2023 (BB.LG.W.BY.2023.07) कार्य की औसत लागत** : रु. 69,97,736/– **बोली प्रतिभूति** : रु. 1,40,000/– **वैधता** : 60 दिन **समापन अवधि** : 06 माह (समापन) **अनुदेश: 1.** उपर्युक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय **23.04.2024** को 13.00 बजे और उसी दिन 13.00 बजे बाद खोली जाएगी। **2.** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के सम्पूर्ण विवरण एवं शुद्धीपत्र, यदि कोई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3.** निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य सेवा) मध्य रेलवे, एनेक्स भवन प्रथम तल, छ. शि. म. ट. मुंबई –400001 से संपर्क कर सकते हैं। **5.** यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है। **खुली ई–निविदा सूचना क्र. 128/2023 दिनांक 22.03.2024** 1009

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

भारत को विकसित देश बनाने में लॉजिस्टिक्स सेक्टर का योगदान अहम

मुंबई। प्रतिनिधि
किसी भी देश को विकसित बनाने में निर्यात क्षेत्र और विशेषकर लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण है, यह बात राज्य के गवर्नर रमेश बैस ने मंगलवार को कहा। उन्होंने कहा कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स सर्विस की जरूरत है। गवर्नर बैस मंगलवार को गोरेगांव के एक होटल में आयोजित मुंबई में लॉजिस्टिक्स उद्योग की पांचवीं तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन 'लॉजिक्स इंडिया - 2024' के उद्घाटन पर बोल रहे थे। सम्मेलन का आयोजन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया गया था। भारत सरकार ने भारत को वैश्विक लॉजिस्टिक हब बनाने के लिए एक राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति की घोषणा की है। लॉजिस्टिक्स उद्योग का विस्तार न केवल औद्योगीकरण को बढ़ावा देता है, बल्कि इसमें रोजगार सृजन की भी बड़ी संभावना है। राज्य में 27 सार्वजनिक विश्वविद्यालय हैं और विश्वविद्यालयों में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए आवश्यक कुशल जनशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने की क्षमता है। इस संबंध में राज्यपाल ने कहा कि वह विश्वविद्यालयों को सुझाव देंगे कि विश्वविद्यालयों को लॉजिस्टिक्स सेक्टर में एक्सपोर्ट फेडरेशन के साथ मिलकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा परिषद की सूचना पुस्तिका का विमोचन किया गया।

विश्वविद्यालयों को लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए कुशल जनशक्ति की आवश्यकता

भारतीय सदविचार मंच ने खाद्य सामग्री वितरित किया

ठाणे । प्रतिनिधि
प्रसिद्ध सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था 'भारतीय सदविचार मंच' द्वारा दत्तक लिए गांव काजूपाड़ा (वरदान लोक आश्रम के सामने, घोड़बंदर रोड, ठाणे) के निवासियों के बीच भेंट स्वरूप त्योहार संबंधित खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉ. राधेश्याम तिवारी, संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव श्याम तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार अरुण उपाध्याय, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. हृदय नारायण मिश्रा, श्रीकांत पाण्डेय, इंद्रमणि दुबे, हरिप्रसाद पाण्डेय, संस्था पदाधिकारी मनोज चतुर्वेदी, नागेंद्र मिश्रा, रत्नेश दुबे, रामप्रकाश तिवारी और उमेश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम सफल बनाने में काजूपाढ़ा के रहिवासियों ने चढ़-बढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यार्थियों ने जलाई अनोखी होली

पालघर । प्रतिनिधि
प्लास्टिक जलाना प्रबंधन नहीं, बल्कि केवल कचरे का निपटान है। आज की दिनचर्या में बदलती जीवन शैली प्लास्टिक, गुटखा, तम्बाकू और शराब का बढ़ता प्रयोग हमारे समाज में कई लोगों के परिवारों को बर्बाद कर रहा है, इसलिए पर्यावरण और समाज परिवार की सुरक्षा को देखते हुए लीलकपाड़ा कोसबड के छात्रों ने इससे उत्पन्न होने वाले कचरे को जलाकर अनोखी होली जलाई और इन चीजों को हमसे दूर रखने का निर्णय लिया, साथ ही यह संदेश भी दिया कि गांव के सभी अभिभावकों को भी पर्यावरण के बारे में सोचना चाहिए और इन घातक पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। बताया जाता है कि विद्यार्थियों ने इस अनोखी होली के साथ ही इस होली पर प्राकृतिक रंगों का प्रयोग और पानी का कम से कम इस्तेमाल करते हुए मनाने का भी संदेश दिया।

नशामुक्ति का संदेश दिया

लोकसभा चुनाव के लिए शिवसेना के 40 स्टार प्रचारक

मुंबई। यशोडेस्क
शिवसेना केंद्रीय कार्यालय द्वारा राज्य में चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची की घोषणा की गई। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत कुल 40 नेता स्टार प्रचारक के रूप में शामिल हैं। इसका अलावा राष्ट्रीय समाज पार्टी के अध्यक्ष महादेव जानकर, पीपल्स रिपब्लिकन पार्टी के अध्यक्ष जोगेंद्र कवाड़े, शिवसेना नेता रामदास कदम, शिवसेना नेता गजानन कीर्तिकर, शिवसेना नेता आनंदराव अडसूल, भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, सांसद प्रफुल्ल पटेल, सांसद मिलिंद देवरा, मंत्री गुलाबराव पाटिल, शिवसेना नेता नीलम गोऱ्हे, शिवसेना नेता मीना कांबली, सांसद श्रीकांत शिंदे, मंत्री उदय सामंत, मंत्री शंभुराज देसाई, मंत्री दीपक केसरकर, मंत्री अब्दुल सत्तार, विधायक डॉ. मनीषा कायंदे, मुख्य समन्वयक नरेश म्हस्के, प्रवक्ता ज्योति वाघमारे चुनाव प्रचार करेंगे।विधायक आशीष जयसवाल आदि भी शिवसेना के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी सहित कई दिग्गज शामिल

मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या–1

निविदा सूचना नं. सी आर – बी बी – दु.सं. – 2024– 14 के लिये शुद्धिपत्र संख्या 1 जारी किया गया है। **1.** "समान कार्य की परिभाषा" ("Defination of Similar Work") बदल दिया गया है । **2.** आइटम "ए–13" की "आइटम मात्रा" को "9" में बदल दिया गया है। **3.** आइटम नंबर D-1 हटा दिया गया है। **4.** आइटम नंबर D-2 जोड़ दिया गया है। **5.** "विज्ञापित मूल्य" बदल गया है रुपये 27,91,59,763/–। **6.** "बयाना धन (रुपये)" बदल गया है रुपये 15,45,800/–। **7.** निविदा दस्तावेज अपलोड कर दिया गया है। अन्य सभी विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी। 1010

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

मध्य रेल
विभिन्न संशोधन और अन्य कार्य

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) दादर, तिलक ब्रिज के पास, पश्चिम रेलवे के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के सामने, दादर (पश्चिम) मुंबई-400028, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये प्रतिष्ठीत ठेकेदारों से क्रिस वैबसाइट पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित की जाती है:- **कार्य का नाम तथा स्थान:** मध्य रेलवे में मुंबई डिवीजन की एनबीएसयू परियोजना के संबंध में उरण टीएसएस और आपूर्ति, संशोधन, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और जेएनजे एसएसपी को जेएनजे एसपी में परिवर्तित करने का बचा हुआ काम। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 2,17,92,998/- (मात्र दो करोड़ सत्रह लाख निन्यानबे हजार नौ सौ अट्ठानबे रुपये) **जमा कराये जाने वाली बयाना राशि:** रु. 2,59,000/- (मात्र दो लाख उनचास हजार रुपये) या वेबसाइट **ireps.gov.in** द्वारा निर्देशित अनुसार। **निविदा पप्रत्र की लागत:** 00 (शून्य) **कार्य पूर्ण करने का अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने के दिन से चार (4) महीना तक (मानसून सहित)। **ऑफर की वैधता:** निविदा खुलने के 90 दिन तक। **पूरी जानकारी के लिए वैबसाइट, नोटिस बोर्ड का स्थान:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज क्रिस कि वैबसाइट पता **ireps.gov.in** से देखे जा सकते हैं। **निविदा भरने की तारीख तथा समय:** निविदा दस्तावेज ऑनलाइन दिनांक 18/04/2024 समय 15:00 बजे तक या पहले भरी जा सकती है। **निविदा खोलने तारीख तथा समय:** निविदा इस कार्यालय मे 15:15 बजे दिनांक 18/04/2024 को खोली जाएगी। **नोट:-** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से उनके प्रस्तावों को निविदा भरने से पहले, नियम और शर्तों, पात्रता मानदंड, ईएमडी और निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने के तरीके के संबंध में निविदा विवरण के क्रिस के वेबसाइट **ireps.gov.in** का संदर्भ लेना चाहिए। **ई निविदा सूचना क्रमांक: एलसीएफ/डीआर/पीएसआई/ 464/2023/ 34, दिनांक 26/03/2024** 1012

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

बी. के. बिड़ला महाविद्यालय में राष्ट्रीय परिसंवाद संपन्न

कल्याण । प्रतिनिधि
कल्याण पश्चिम बी. के. बिड़ला रात्रि महाविद्यालय के सयुंक्त तत्वावधान में 'ग्लोबल ट्रेंड्स एंड ट्रांसफॉर्मेशन इन ह्यूमेनिटीस बिजनस एंड टेक्नोलॉजी : अनविलिंग द फ्यूचर' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विविध विषयों के अंतरानुशासनिक पक्ष पर चर्चा करना और वर्तमान में इसकी महत्ता को स्पष्ट करना था। परिसंवाद का उद्घाटन केडीएमसी की कमिश्नर डॉ. इंदुरानी जाखड़ द्वारा किया गया। उन्होंने इस विषय को वर्तमान के लिए अत्यंत प्रासंगिक और उपयोगी बताते हुए कहा कि जब अनेक विषयों के विद्वान एक प्लेटफॉर्म पर आकर विचार करेंगे तो निश्चित ही समाज के विकास के लिए कुछ नए रास्ते खुलेंगे। महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे अंतरानुशासनिक आयोजनों को आवश्यक और उपयोगी बताया। प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटिल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे नें सबके प्रति आभार व्यक्त किया। प्रपत्र वाचकों में जतिन चौहान, डॉ. संजय प्रेमचंदानी, निरानजन मटकर,मानसी यादव, पूरी कौर, भारती, विलास, सरदा, सयाली, आयशा, ग्रेसी, भगवान, श्वेता, राजेश, कौस्तुभ, संतोष, अक्षय, मंदिरावंदना, किरण, रक्षा, आशुतोष आदि प्रमुख थे। यह आयोजन डॉ. रुपेश पाटिल, प्रनित कसारे, सौम्या पुजारी, सान्वी नोटानी, अखिलेश जैसल, कोमल शिंदे, देवेन्द्र शर्मा आदि प्राध्यापकों एवं अमित आदि छात्रों के अथक प्रयासों से संपन्न हुआ।

परिसंवाद का उद्घाटन डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने किया

कोपरखैरणे में प्लास्टिक विरोधी अभियान

नवी मुंबई। यशोडेस्क
प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसी के चलते राज्य सरकार प्लास्टिक पर प्रतिबंध किया है। इसे ध्यान में रखते हुए कोपरखैरणे प्रभाग कार्यालय के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग ने प्लास्टिक का उपयोग करने वाले विभिन्न व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने उनसे 15 हजार का जुर्माना भी वसूला। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत अपर आयुक्त शरद पवार, डॉ. राहुल गेठे-उपायुक्त, सोमनाथ पोटर-उपायुक्त, कोपरखैरणे के सहायक आयुक्त सुनील कठोले के मार्गदर्शन में और ई डिवीजन कोपरखैरणे के स्वच्छता अधिकारी राजूसिंह चव्हाण के निर्देशानुसार कोपरखैरणे में प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया गया।

मध्य रेल
स्टेनोग्राफर की भर्ती हेतु अधिसूचना

रेलवे दावा न्यायाधिकरण मुंबई पीठ
19/टी विगवाम, 180, पी डी' मेल्लो रोड, मुंबई–400001
रेलवे दावा न्यायाधिकरण – (आरसीटी) मुंबई कार्यालय में 11 माह की अवधि के लिए रु. 37,230/– प्रति व्यक्ति प्रति माह (नियत) पारिश्रमिक के साथ अनुबंध आधार पर स्टेनोग्राफर के दो (02 नग) पदों को भरा जाना है। अतिरिक्त रजिस्ट्रार/आरसीटी को संबोधित करते हुए आवेदन डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से 22.04.2024 तक या उससे पूर्व भेजें। विस्तृत विवरणों के लिए वेबसाइट **www.rct.indianrail.gov.in** (अपलोड्स) या आरसीटी/मुंबई कार्यालय में नोटिस बोर्ड को देखें।
नं. आरसीटी/मुंबई/4/8 **दिनांक: 21.03.2024**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे 1008

कांग्रेस-शिवसेना के उम्मीदवार उतारने से शरद पवार नाराज

मुंबई। एजेंसी
महाराष्ट्र में विपक्ष के राज्य स्तरीय गठबंधन महा विकास अघाड़ी में फूट पड़ती दिख रही है। गठबंधन के अन्य दलों की ओर से उम्मीदवारों का ऐलान करने पर एनसीपी ने नाराजगी जताई है। एनसीपी की आंतरिक बैठक में पार्टी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि सहयोगी गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर रहे हैं। संसदीय बैठक में शरद पवार ने कहा कि अन्य सहयोगी दलों ने गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया। पवार ने कहा कि कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया। उन्होंने कहा, 'एमवीए को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक साथ सीटों की घोषणा करनी चाहिए थी। एमवीए के सभी नेताओं को एक साथ आना चाहिए था और एक जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी चाहिए थी।' शरद पवार ने यह भी कहा कि जब सीट बंटवारे पर चर्चा अभी चल रही थी तो एमवीए भागीदारों की ओर से अलगअलग सीटें क्यों घोषित की गईं? पहले कांग्रेस और फिर उद्धव ठाकरे शिवसेना की ओर से अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करने के बाद अब शरद पवार की पार्टी एनसीपी भी अलग से अपनी सीटों की घोषणा करेगी। शुरुआत में एमवीए को एक जॉइंट प्रेस कान्फ्रेंस में एक साथ सीटों की घोषणा करनी थी लेकिन अब सभी पार्टियां अलगअलग सीटों और उम्मीदवारों का ऐलान कर रही हैं। पार्टी की संसदीय बैठक में 10 लोकसभा सीटों पर चर्चा हुई है। उद्धव की शिवसेना ने बुधवार को 17 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। कई सीटें ऐसी हैं जिन पर कांग्रेस भी अपना उम्मीदवार उतारना चाहती थी। इनमें सांगली और मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट भी शामिल है, वहीं कांग्रेस महाराष्ट्र की 16 लोस. सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

सहयोगी गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर रहे हैं

उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने बुधवार को 17 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इनमें से कई सीटें ऐसी हैं जिन पर कांग्रेस भी अपना उम्मीदवार उतारना चाहती थी।

मारवाड़ी सांस्कृतिक कला मंच का होली उत्सव संपन्न

मुंबई । प्रतिनिधि
मारवाड़ी सांस्कृतिक कला मंच बोरीवली का होली उत्सव घूमर कला अकेडमी, मनोज छापर वाल टीम द्वारा 25 मार्च 2024 को बोरीवली स्थित माहेश्वरी प्लाट पर सम्पन्न हुआ। गोपाल शेट्टी, उत्तर भारतीयों के शीर्षस्थ नेता कैप्टन योगेश दुबे, सुनील राणे, सम्माननीय अतिथि पदम जी धूत, अतिथि विशेष श्रीमती सविता दिलीप जी चौधरी, अध्यक्ष सांवर खण्डेलवाल, महामंत्री गोपाल सोनी, कोषाध्यक्ष नवीन मिश्रा, संगठन मंत्री दिनेश सोमाणी, कार्यक्रम संयोजक राकेश ओस्तवाल व मोतीलाल जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में करीब 2000 परिवार जनों की उपस्थिति रही।

सांगली से 245 करोड़ की ड्रग्स बरामद

मुंबई। प्रतिनिधि
मुंबई क्राइम ब्रांच ने सांगली जिले में 245.28 करोड़ रुपए कीमत की 126.141 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की। पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार करने के बाद मामले की गहन छानबीन शुरू की। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लख्मी गौतम के अनुसार मुंबई क्राइम ब्रांच क्रमांक 7 की टीम ने फरवरी में कुर्ला इलाके से महिला ड्रग तस्कर परवीन बानो गुलाम शेख को 641 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान परवीन बानो ने बताया कि मीरा रोड इलाके से एक व्यक्ति उसे ड्रग्स सप्लाई करता है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने मीरा रोड से हम्माद आसिफ शेख उर्फ डेबस को 6 करोड़ रुपए कीमत की 3 किलो एमडी के साथ गिरफ्तार किया। इन तस्करों ने बताया कि ड्रग्स की सप्लाई गुजरात से की जा रही थी। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने सूरत से इजाज अली इमदाद अली अंसारी और आदिल इम्तियाज बोहरा को गिरफ्तार किया।

126 किलो ड्रग्स के साथ 6 गिरफ्तार

ऋषि और कृषि का मिलन सीता राम का मिलन है-मदन मोहन मिश्र

मुंबई । प्रतिनिधि
श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्री शिव शंकर मंदिर सेवा मंडल के प्रांगण, गांव देवी अमृतनगर घाटकोपर पश्चिम मुंबई में काशी धाम वाराणसी से पधारे पंडित मदन मोहन मिश्र जी महाराज मानस कोविद ने श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए कहा किश्री राम यज्ञ से जो ऋषि प्रकट हुए वह संस्कृति का प्रतीक है और जनक जी ने हल चलाया तो उससे सीता जी प्रकट हुई वह कृषि संस्कृति का प्रतीक है, इसलिए ऋषि और कृषि का मिलन सीता राम का मिलन है। जनक जी का सारा पुण्य सीता जी हैं, दशरथ जी का सारा पुण्य श्रीराम हैं। भगवान शिव के ऊपर 3 पत्तों का बेल पत्र चढ़ाने का तात्पर्य सत रज तम से ऊपर उठकर आराधना करना है। कालरात्रि, शिवरात्रि, मोह रात्रि का तात्पर्य मुंह से ऊपर उठकर काल के ऊपर विजय पाकर शिव को प्राप्त करना ही जीव का परम कल्याण है। कथा 26 मार्च से 30 मार्च तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक और 31 मार्च को छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान पार्क साइट में होली स्नेह सम्मेलन का आयोजन दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजक समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर आर. शुक्ल तथा दिवाकर मिश्र, प्रभाकर शुक्ल, दलजीत पाण्डेय, आदेश मिश्र, शिवाजी घुगे, दिलीप तिवारी, शैलेंद्र गुप्ता, दिनेश यादव, उपेंद्र चौहान, अवधेश तिवारी, अरविंद शुक्ल, दिनेश सिंह, राजन सिंह, शुभम सिंह, राजेश सिंह आदि लोग कथा को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

31 को होली स्नेह सम्मेलन

मुंबई में मनाया गया बिहार दिवस

मुंबई। प्रतिनिधि
बिहार फाउंडेशन मुंबई के तत्वावधान में मुंबई के षणमुखानंद हॉल में बिहार स्थापना दिवस मनाया गया। तीन हजार से ज्यादा लोगों की उपस्थिति में उक्त समारोह हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। बिहार सरकार द्वारा उन क्षेत्रों में जिसमे प्रवासी बिहारियों की बड़ी संख्या है, अपनी ब्रांडिंग , बॉडिंग एवं बिजनेस इन नीति के तहत बिहार फाउंडेशन के विविध चैप्टर्स स्थापित किये गए हैं। मुंबई स्थित बिहार फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से न केवल इस दिशा में कार्यरत है बल्कि इन प्रयासों के फलस्वरूप मुंबई के मस्जिद बन्दर के समीप बिहार भवन की स्थापना हेतु 155 करोड़ की कीमत पर भू खंड की प्राप्ति की गई है। बिहार दिवस उत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में अल्केम लेबोरेटरीज के चेयरमैन बी. एन. सिंह उपस्थित थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप भोजपुरी फिल्मों के निर्माता अभय सिन्हा, इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शामिल हुए। इसके साथ प्रधान आयकर आयुक्त और बिहार फाउंडेशन के पूर्व सीईओ रविशंकर श्रीवास्तव ने बिहार फाउंडेशन मुंबई द्वारा किये जाने वाले कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर गायिका देवी और प्रिया मल्लिक ने लोगों का दिल जीत लिया। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष केपीएन केसरी, कार्यक्रम के संचालक कवियत्री ज्योति त्रिपाठी, भोजपुरी अभिनेता चिंटू पांडेय, अनारा गुप्ता, संगीत निर्देशक सरोज सुमन, निर्देशक राजकुमार पांडे, निर्माता निशांत उज्जल का सम्मान हुआ। आईआईटी प्रोफेसर रवि सिन्हा तथा बिहार मित्र अवार्ड से सोनू सूद और मधुकांत पथरिया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजन और संचालन में आयुक्त निर्यात एवं बिहार फाउंडेशन मुंबई के उपाध्यक्ष असलम हसन, आयकर आयुक्त सुमन कुमार, बिहार फाउंडेशन के उपाध्यक्ष, सचिव सुखदेव शर्मा, संयोजक रणवीर, प्रवक्ता मनोज सिंह राजपूत का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर संजय सरन, के. के. मिश्रा, पूर्व सचिव अहसान हुसैन, शुभ चंद मिश्रा, रवीन्द्र झा, रंजीत यादव, नरेंद्र सिंह, कैप्टन एन. बी. पांडेय, अनूप कुमार पांडेय, सुमन कुमार, दाया किशोर भारती, संजीव दुबे, विनोद गुप्ता, संतोष कुमार, शीला चंद झा, बी. के. सिंह, निरंजन कुमार, यासीन अंसारी, अबरार शेख, मुश्ताक भाई अंसारी, राजकुमार, सोनू शाह, मनोज सिंह आदि सम्मानित अतिथि उपस्थित थे। इस वर्ष बिहार - मित्र सम्मान के लिए अभिनेता सोनू सूद का चयन किया गया। सोनू सूद का बिहारियों से खासा लगाव है।

बिहार, महाराष्ट्र की सांस्कृतिक झलक दिखी

संक्षिप्त समाचार

आवेदन करने की आखिरी तारीख बढ़ी

मुंबई। यशोडेस्क, राज्य में 17 हजार 300 पदों पर होने वाली पुलिस भर्ती में पुलिस कांस्टेबल कैडर के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी गई है और अब सभी उम्मीदवार 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। कई छात्रों ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था। राज्य सरकार ने हाल ही में मराठा आरक्षण विधेयक पारित किया है और इसकी कार्यान्वयन प्रक्रिया सरकारी स्तर पर शुरू हो रही है, तदनुसार चूंकि उम्मीदवारों को एसईबीसी प्रमाणपत्र प्राप्त करने में देरी का सामना करना पड़ रहा है।

मनपा को संपत्ति कर से मिले 2,213 करोड़ रु.

मुंबई। यशोडेस्क, मनपा के मूल्यांकन और संग्रह विभाग ने बड़े संपत्ति मालिकों से संपत्ति कर संग्रहकर्ताओं की खोज जारी रखी है। मनपा का लक्ष्य अगले चार दिनों में और अधिक टैक्स वसूलने का है। वर्ष 2023-24 के लिए बुधवार, 27 मार्च 2024 की दोपहर तक 2 हजार 213 करोड़ रुपए का संपत्ति कर एकत्रित हो चुका है। मनपा प्रशासन ने मुंबई के नागरिकों से 31 मार्च 2024 तक संपत्ति कर का भुगतान करके सहयोग करने की अपील की है। जकात बंद होने के बाद नगर पालिका के लिए संपत्ति कर ही राजस्व का स्रोत है, इसलिए नगर पालिका से अधिक से अधिक टैक्स वसूलने का लक्ष्य रखा गया है।

पहले चरण के लिए 229 नामांकन दाखिल

मुंबई। प्रतिनिधि, राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा। बुधवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था। बुधवार शाम तक 229 आवेदन दाखिल किये गये हैं। पहले चरण में कुल 5 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल 2024 को मतदान होगा जिसमें रामटेक, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली-चिमूर और चंद्रपुर शामिल हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन तक रामटेक से 51, नागपुर से 62, भंडारा-गोंदिया से 49, गढ़चिरौली-चिमूर से 19 और चंद्रपुर से 48 नामांकन दाखिल की गई हैं।

मुंबई में १५ दिन के लिए निषेधाज्ञा लागू

मुंबई। यशोडेस्क, विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर सार्वजनिक शांति और व्यवस्था भंग होने की संभावना तथा संपत्ति नुकसान एवं किसी प्रकार के दंगा-फसाद को रोकने के लिए पुलिस ने मुंबई में 27 मार्च से 10 अप्रैल की रात 12 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की है ताकि असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करना आसान हो जाए। मुंबई के पुलिस उपायुक्त (अभियान) अकबर पठान ने यह जानकारी दी है। इस दौरान पांच से अधिक लोगों को एक जगह इकट्ठा होने, सार्वजनिक बैठकें करना, जुलूस, बिना अनुमति के लाउडस्पीकर आदि पर प्रतिबंध रहेगा।

खरीद-फरोख्त के नाम पर धोखाधड़ी

नवी मुंबई। यशोडेस्क, साइबर पुलिस ने कम समय में उच्च रिटर्न की पेशकश करके सट्टेबाजी बाजार में धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नवी मुंबई में एक शख्स से 44 लाख 72 हजार रुपये की ठगी की हुई थी। आरोपियों के पास से 5 चेक बुक, 6 डेबिट कार्ड, 4 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपियों के नाम नीलेश अरुण इंगवाले और संजय रामभाऊ पाटिल हैं। शुरुआत में आरोपियों ने शिकायतकर्ता को अच्छा रिफंड दिया, लेकिन बाद में उन्होंने रिफंड देना बंद कर दिया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व सुनील मेंढे ने भरा नामांकन

मुंबई। प्रतिनिधि

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन के आखरी दिन बुधवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने नागपुर में नागपुर के लोगों से नितिन गडकरी को रिकॉर्ड मत देने की अपील की।

नामांकन से पहले जनसभा आयोजित

बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे

फडणवीस नागपुर निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा, शिवसेना, राकांपा, रिपब्लिकन पार्टी के महागठबंधन के उम्मीदवार केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले आयोजित एक जनसभा में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता प्रफुल्ल पटेल, रामटेक महागठबंधन प्रत्याशी राजू पार्वे, पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी नेता पूर्व सांसद जोगेन्द्र कवाडे, सुलेखा कुम्भारे सहित महागठबंधन के घटक दल के नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस बैठक के बाद महायुति ने विधान भवन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए भव्य जुलूस निकाला। लोगों को संबोधित करते हुए फडणवीस ने नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री मोदी का कमांडर-इन-चीफ बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में जो काम किया है, वह ट्रेलर है, देश को मजबूत और विकसित बनाने के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

लोगों को संबोधित करते हुए फडणवीस ने नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री मोदी का कमांडर-इन-चीफ बताया।

मुंबई में नहीं होगी पानी कटौती

मुंबई। यशोडेस्क

महापालिका प्रशासन ने यह रुख अपनाया है कि पानी में कटौती करने की कोई जरूरत नहीं है, भले ही शहर को पानी की आपूर्ति करने वाले सात जलाशयों में जल भंडारण पिछले तीन वर्षों में सबसे निचले स्तर पर है। यह स्पष्ट होने के बाद कि जलाशय में पानी का भंडारण तेजी से कम हो रहा है, महापालिका प्रशासन ने पानी की स्थिति की समीक्षा के लिए मंगलवार को एक तत्काल बैठक बुलाई। इस बैठक के बाद पानी में कटौती नहीं करने का निर्णय लिया गया है। 2023 के मानसून सीजन के दौरान जून से सितंबर तक कम वर्षा के कारण, मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सभी सात जलाशयों में पिछले दो वर्षों की तुलना में कम जल भंडारण है, हालांकि प्रशासन का कहना है कि मुंबईकरों को पानी की आपूर्ति कम करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि राज्य सरकार ने रिजर्व स्टॉक उपलब्ध करा दिया है। उच्चस्तरीय बैठक के बाद अधिकारियों ने बताया कि योजना बनायी गयी है कि आगामी मानसून सीजन तक पर्याप्त जलापूर्ति होगी। महापालिका प्रशासन जलाशय में उपलब्ध जल भंडारण पर बारीकी से नजर रख रहा है। राज्य सरकार पहले ही निभावनी जलाशय से पानी की आपूर्ति करने पर सहमत हो चुका है। प्रशासन की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि मौजूदा स्थिति में बृहन्मुंबई महापालिका का पानी में कटौती का कोई प्रस्ताव नहीं है।

भारत विकास परिषद का रजत जयंती समारोह संपन्न

मुंबई । प्रतिनिधि

भारत विकास परिषद बोरीवली शाखा की रजत जयंती समारोह गत दिनों तेरापंथ भवन कांदीवली में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कमल जी पोद्दार, विशेष अतिथि संपत खुरदिया, विशेष अतिथि ओ. पी. कानूनगो, सम्मानीय अतिथि राकेश ओस्तवाल, अध्यक्ष कैलाश जी काबरा, सचिव,

सुरेश जाजू व कोषाध्यक्ष राकेश कोगटा उपस्थित थे। समारोह में भारत विकास परिषद बोरीवली की 'रजत पुष्प' स्मारिका भी प्रकाशित की गई।

नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। प्रतिनिधि

रंग लगाने के लिए एक नाबालिग लड़की का हाथ पकड़कर उसे घर से बाहर खींचकर उसके साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में 35 वर्षीय आरोपी को दिंडोशी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर आरोपी ने पीड़ित लड़की और उसकी मां की पिटाई कर दी। दिंडोशी पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। मालाड में 35 साल का आरोपी 16 साल की लड़की को रंग लगाने के लिए पीड़िता को घर से बाहर खींचने लगा।

सड़कों पर चार साल में 2.20 लाख गड्ढे

मुंबई। यशोडेस्क

मुंबई में सड़कों पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद महापालिका को मुंबईकरों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कम समय में ही सड़कें गड्ढों में तब्दील हो रही हैं। पिछले चार वर्षों में सड़कों पर 2.20 लाख से अधिक गड्ढे हो गए हैं। सड़कों पर गड्ढे भरने के लिए महापालिका को लगातार टेंडर मंगाने पड़ रहे हैं, इसलिए महापालिका अब सड़क बनाने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की स्थिति में है। बारिश से पहले मुंबई महापालिका का सड़क विभाग गड्ढों को भरने का काम शुरू करता है। यह काम सितंबर तक चलता है। भले ही इसके लिए करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हों, लेकिन कम समय में ही सड़कों के गड्ढायुक्त होने की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में मुंबईकरों को गड्ढों का सामना करना पड़ता है। इस पृष्ठभूमि में भविष्य में सड़कों पर गड्ढे बनने से रोकने के लिए ठोस उपाय किए जाएंगे। अब से गारंटी अवधि के दौरान गड्ढे होने पर ठेकेदार पर जुर्माना लगाया जाएगा। मुंबई महापालिका के अधिकार क्षेत्र में लगभग दो हजार किलोमीटर लंबी सड़कें हैं। इन सभी सड़कों को पक्का करने की नीति भी क्रियान्वित की जा रही है। सड़कों के निर्माण के बाद ठेकेदार द्वारा उन सड़कों की विशिष्ट वारंटी अवधि दी जाती है। वारंटी अवधि के दौरान सड़क के लिए ठेकेदार जिम्मेदार माना जाता है।

सड़क बनाने वाले ठेकेदारों पर गिर सकती है गाज

चार साल में गड्ढों का इतिहास	
2020	65 हजार 617
2021	43 हजार 478
2022	38 हजार 310
2023	71 हजार 773 (सितंबर तक)

'शिवाजी पार्क' में सभाओं का दौर

मुंबई। प्रतिनिधि

आगामी लोकसभा चुनाव में जनसभा करने के लिए सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने दादर के शिवाजी पार्क मैदान के लिए बीएमसी में आवेदन किया है। शिवसेना शिंदे गुट, राष्ट्रवादी पार्टी (अजित पवार गुट), भाजपा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, शिवसेना (ठाकरे समूह) ने विभिन्न तिथियों पर मैदान के लिए अनुरोध किया है और इसलिए संभावना है कि लोकसभा चुनाव के दौरान शिवाजी पार्क में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी। शिवाजी पार्क और राजनीतिक सभाओं का पुराना रिश्ता है। वैसे भी शिवाजी पार्क और शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे और शिवसेना से गहरा संबंध रहा है।

हत्या का आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

डहाणू। प्रतिनिधि

मामूली विवाद पर अपनी शादीशुदा प्रेमिका की हत्या करने वाले प्रेमी को डहाणू पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान रवींद्र रेड्डी के रूप में की गई है।

डहाणू पुलिस उपाधीक्षक अंकिता कंसे मामले की आगे की जांच कर रही हैं। पिछले हफ्ते पालघर जिले के डहाणू के लोनीपाड़ा इलाके के एक घर में एक महिला का शव मिला था। बाद में पता चला कि उसकी हत्या उसके प्रेमी ने की थी, जो पश्चिम बंगाल भाग गया था। यह प्रेमी जोड़ा शादीशुदा है और पिछले कुछ महीनों से अपने पति-पत्नी को छोड़कर फर्जी नाम से डहाणू में रह रहा है।

संपत्ति कर भुगतान करने के लिए अंतिम चार दिन शेष

पनवेल। यशोडेस्क

पनवेल मनपा का संपत्ति कर भुगतान करने के लिए अंतिम चार दिन शेष हैं। संपत्ति मालिकों से 31 मार्च से पहले अपना कर भुगतान करने की अपील की गई है। इसी बीच खारघर फोरम की ओर से मनपा संपत्ति कर के खिलाफ जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर के समक्ष हुई सुनवाई में उच्च न्यायालय ने पनवेल मनपा के अधिकार क्षेत्र में संपत्ति कर लगाने में मनपा को कोई रोक नहीं दी है। संपत्ति कर भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च है। जिन संपत्ति मालिकों ने अपना मोबाइल नंबर अपने खाते से लिंक नहीं कराया है, उन्हें अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर लेना चाहिए। जिससे प्रॉपर्टी टैक्स का बिल सीधे उसी प्रॉपर्टी मालिक के मोबाइल पर चला जाए, साथ ही अगर संपत्ति बिल में छोटे-मोटे सुधार हों तो संपत्ति कर विभाग की ओर से अपील की गई है कि उन्हें तुरंत करा लिया जाए। इस बीच सप्ताहांत कार्यालय नागरिकों के लिए खुले रखे जाएंगे क्योंकि संपत्ति कर भुगतान के लिए अंतिम चार दिन शेष हैं।

अंतिम तिथि 31 मार्च

भाजपा आयोजित करेगी 21 हजार 'नमो संवाद' बैठक

मुंबई। प्रतिनिधि

लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 वर्षों में किए गए कार्यों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहती है।

इसीलिए भाजपा ने महाराष्ट्र में स्टार प्रचारकों की बैठकों के साथ-साथ पार्टी संगठन के शक्ति केंद्र स्तर पर 21 हजार 'नमो संवाद' बैठकें आयोजित करेगी। बीजेपी का लक्ष्य 'नमो संवाद' सभाओं के जरिए एक करोड़ मतदाताओं से संपर्क साधना है। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश महासचिव विक्रांत पाटिल ने बुधवार को दी। पाटिल भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया विभाग प्रमुख नवनाथ बाण, प्रवक्ता ओमप्रकाश चौहान भी उपस्थित थे। इस दौरान 2014 से पहले के भारत और मोदी सरकार के दौरान बने नए भारत की तुलनात्मक तस्वीर पेश करने की कोशिश की जाएगी।

मोदी के कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य

पारंपरिक प्रौद्योगिकी की सीमाओं से परे होगा कैंसर का निदान

मुंबई। यशोडेस्क

वर्तमान में प्रचलित तकनीकों की सीमाओं को समाप्त करके, अधिक सटीक और दुष्प्रभाव-मुक्त तकनीक कैंसर निदान में वास्तविकता बन सकती है। मूल रूप से लोनावला के रहने वाले फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता ने इस पर शोध किया है। उन्होंने पुरानी बीमारियों के निदान के लिए चुंबकीय कण इमेजिंग (एमपीआई) की तकनीक का उपयोग किया है।

उनके शोध को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के साथ अमेरिका, यूरोपीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीन पेटेंट प्राप्त हुए हैं। कैंसर निदान के लिए एमआरआई, साथ ही अन्य नैदानिक स्कैनिंग में आंतरिक छवियों को प्राप्त करने के लिए शरीर में विशिष्ट दवाओं को इंजेक्ट करना शामिल है। ऐसा करने से रोगी के शरीर में इस औषधि का प्रभाव बना रहता है। इस तरल के दुष्प्रभावों को अक्सर गंभीरता से नहीं लिया जाता है। कुछ प्रकार के कैंसर में शरीर के अंदर ट्यूमर तेजी से फैलते हैं और ये ट्यूमर दिखाई नहीं देते हैं।

चुंबकीय कण इमेजिंग की तकनीक का उपयोग

शिवसेना (यूबीटी) की पहली सूची जारी

मुंबई। भाषा

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 17 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी और कहा कि वह राज्य की कुल सीट में से 22 सीट पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत गीते को रायगढ़ और अरविंद सावंत को दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी ने सभी पांचों निवर्तमान सांसदों को फिर से मैदान में उतारा है जो 2022 में संगठन के विभाजन के बाद पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ थे। इन सांसदों में अरविंद सावंत (दक्षिण मुंबई), राजन विचारे (ठाणे), विनायक राउत (रत्नागिरीसिंधुदुर्ग), ओमराजे निंबालकर (धाराशिव) और संजय जाधव (परभणी) हैं। पार्टी के नेता संजय राउत ने बताया कि शिवसेना (यूबीटी) ने मुंबई दक्षिणमध्य सीट से राज्यसभा सदस्य अनिल देसाई को मैदान में उतारा है। देसाई का कार्यकाल अगले माह खत्म होने जा रहा है। इसके साथ ही पार्टी ने मुंबई से चार उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। महाराष्ट्र में सत्तासाझेदारी समझौते को लेकर अविभाजित शिवसेना के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग होने के बाद सावंत ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। विचारे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह क्षेत्र ठाणे का प्रतिनिधित्व करते हैं। शिंदे के विद्रोह के कारण, 1966 में बाला साहब ठाकरे द्वारा स्थापित की गई शिवसेना का विभाजन हो गया था। शिवसेना (यूबीटी) ने छत्रपति संभाजीनगर से पार्टी के दिग्गज नेता चंद्रकांत खैरे को मैदान में उतारा है। खैरे 2019 में ऑल इंडिया मजलिसएइत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के उम्मीदवार इम्तियाज जलील से हार गए थे। पार्टी ने मुंबई उत्तरपूर्व से निवर्तमान सांसद संजय पाटिल को प्रत्याशी घोषित किया है। पाटिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक भी रह चुके हैं लेकिन वह बाद में शिवसेना में शामिल हो गए थे। मुंबई उत्तरपश्चिम से पार्टी ने शिवसेना सांसद गजानन कीर्तिकर के बेटे अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार बनाया। गजानन मुख्यमंत्री शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना से हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने नरेंद्र खेडेकर को बुलढाणा से, संजय देशमुख को यवतमालवाशिम से, संजोग वाघेरे को मावल से, राजाभाऊ वाजे को नासिक से, भाऊसाहेब वाकचौरे को शिरडी से और नागेश पाटिल अष्टिकर को हिंगोली से अपना उम्मीदवार बनाया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना राज्य में महा विकास आघाडी (एमवीए) का घटक दल है। एमवीए के एक अन्य घटक दल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक राज्य में अपने उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। गठबंधन के तीसरे घटक दल कांग्रेस ने कुछ ही सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। यह वह सीटें हैं जहां गठबंधन सहयोगियों के बीच कोई विवाद नहीं है। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं। उत्तर प्रदेश (80 सीट) के बाद सबसे ज्यादा लोकसभा सीट वाला राज्य महाराष्ट्र ही है। राज्य में 19 अप्रैल से पांच चरणों में मतदान होगा। राउत ने कहा, 'शिवसेना कुल सीट में से 22 पर चुनाव लड़ेगी। अन्य पांच सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा अगले दो दिन में की जाएगी। पालघर, कल्याण, डोम्बिवली, मुंबई उत्तर, जलगांव और हातकणंगले सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम तय किए जा चुके हैं।' उन्होंने बताया कि स्वाभिमानी शेतकरी संघटना के राजू शेट्टी शिवसेना (यूबीटी) के समर्थन में हातकणंगले सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में इस सीट पर अविभाजित शिवसेना ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने बताया कि पार्टी निर्णय लेगी कि वह हातकणंगले सीट से अपना उम्मीदवार उतारेगी या फिर शेट्टी का समर्थन करेगी।

गीते और सावंत के नाम

निवर्तमान 5 सांसदों को फिर मिला टिकट

गठबंधन के तीसरे घटक दल कांग्रेस ने कुछ ही सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। यह वह सीटें हैं जहां गठबंधन सहयोगियों के बीच कोई विवाद नहीं है।

गर्मी की छुट्टियों में हर हफ्ते एयरलाइंस की 24 हजार उड़ानें

मुंबई। यशोडेस्क

गर्मी की छुट्टी में इस साल मुंबई से आठ फीसदी अधिक उड़ाने भरी जाएंगी, साथ ही आगामी गर्मी की छुट्टियों और हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भारतीय एयरलाइंस 31 मार्च से हर हफ्ते कुल 24 हजार 275 उड़ानें भरेंगी। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में उड़ानों की संख्या में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल इसी अवधि में एयरलाइंस ने 23 हजार 732 उड़ानें भरी थीं। खबर है कि इस साल आजमगढ़, अलीगढ़ और चित्रकूट एयरपोर्ट पर उड़ानें बढ़ेंगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पिछले दस वर्षों में देश में 70 से अधिक नये हवाई अड्डे परिचालन में आये हैं। इससे हवाई यात्रियों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है, इसलिए एयरलाइंस ने और उड़ानें बढ़ाने का फैसला किया है। इस दौरान मुंबई एयरपोर्ट से पिछले साल की तुलना में आठ फीसदी अतिरिक्त उड़ानें होंगी। ग्रीष्म ऋतु कार्यक्रम 31 मार्च से 26 अक्टूबर तक लागू है। इस दौरान मुंबई से प्रति सप्ताह कुल 6,657 यात्राएं होंगी। इनमें अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर पेरिस, दोहा, हनोई और ताशकंद के लिए अतिरिक्त उड़ानें होंगी।

मुंबई से आठ फीसदी अधिक उड़ानें

संक्षिप्त समाचार

बलात्कार के आरोप में प्रोफेसर हिरासत में

शिमला। भाषा हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में कथित तौर पर एक छात्रा से बलात्कार करने के आरोप में एक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कांगड़ा के सहायक पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर ने कहा कि यह मामला तब सामने आया जब छात्रा ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई। अपनी शिकायत में छात्रा ने आरोप लगाया कि 44 वर्षीय एक प्रोफेसर ने उसके साथ बलात्कार किया। बहादुर ने कहा कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और उसे आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है।

महात्मा गांधी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

राजगढ़। भाषा मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में महात्मा गांधी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त पाए जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खिलचीपुर कस्बे में सरकारी महाविद्यालय के परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा को मंगलवार को क्षति पहुंचाई गई। खिलचीपुर पुलिस थाना प्रभारी रघुवीर सिंह धाकड़ ने महाविद्यालय के प्राचार्य के हवाले से कहा, कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया।

पिघला हुआ लोहा गिरने से मजदूर की मौत

दुर्ग। भाषा छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक इस्पात संयंत्र में पिघला हुआ लोहा गिरने से 24 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के रसमढ़ा गांव स्थित जे डी इस्पात लिमिटेड में काम करने के दौरान पिघला हुआ लोहा गिरने से मजदूर जितेंद्र भुइयां की मौत हो गई है।

होटल मालिक ने खुद को मारी गोली

भोपाल। एजेंसी राजधानी के विख्यात होटल जहांनुमा पैलेस के चेयरमैन नादिर राशिद (72) ने बुधवार सुबह खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना बुधवार सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार नादिर राशिद ने श्यामला हिल्स इलाके की नादिर कॉलोनी में अपने घर पर सुसाइड किया है। परिजनों ने इस घटना की जानकारी सुबह 10 बजे पुलिस को दी।

भाजपा प्रचारकों की सूची जारी

भोपाल। भाषा

मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री

उमा भारती राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारकों की सूची से गायब हैं जबकि कांग्रेस

उमा भारती का नाम नहीं सूची में हैं 40 नाम

छोड़कर हाल ही में भाजपा का दामन थामने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी को इस सूची में जगह दी गई है। सत्तारूढ़ भाजपा ने मंगलवार की रात प्रदेश के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। राज्य में वर्ष 2003 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने के अभियान की अगुवा उमा भारती 2023 के आसन्न लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में जगह बनाने में विफल रहीं। इस महीने की शुरुआत में भारती ने कहा था कि वह अगले दो वर्षों तक चुनाव नहीं लड़ेंगी और इसके बजाय गंगा नदी के पुनर्जीवन के लिए काम करेंगी, लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि वह राजनीति से संन्यास नहीं लेंगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अलावा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, असम के हिमंत बिस्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं जो मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे।

इस महीने की शुरुआत में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री पचौरी को सूची में शामिल किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री-राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, फग्गन सिंह

कुलस्ते, ज्योतिरादित्य सिंधिया, स्मृति ईरानी और वीरेंद्र कुमार खटीक उन 40 प्रमुख नेताओं में शामिल हैं जिन्हें पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने के लिए चुना गया है।

भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में राज्य की 29 में से 28 सीटें जीती थीं, जबकि एकमात्र छिंदवाड़ा सीट कांग्रेस के खाते में गई थी। आसन्न लोकसभा चुनावों के पहले चरण में 19 अप्रैल को सीधी, शहडोल (अनुसूचित जनजाति), जबलपुर, मंडला (अनुसूचित जनजाति), बालाघाट और छिंदवाड़ा में मतदान होगा। चुनाव अधिकारियों के अनुसार लोकसभा चुनावों के लिए राज्य के लगभग 5.65 करोड़ लोगों को मताधिकार हासिल है।

इंदौर में महिला को निर्वस्त्र करने के बाद पीटते हुए गांव में घुमाया

इंदौर। भाषा

मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में होली के त्योहार पर 30 वर्षीय महिला को मामूली विवाद में दिनदहाड़े निर्वस्त्र करके

चार महिलाएं हुईं गिरफ्तार

मामूली विवाद में हुई घटना

पीटने और आम रास्ते पर घुमाने के आरोप में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुनील मेहता ने बताया कि गौतमपुरा थाना क्षेत्र के बछोड़ा गांव में सोमवार को होली के त्योहार पर चार महिलाओं ने एक महिला को उसके घर से जबरन बाहर निकालकर पीटा और सरेआम निर्वस्त्र करके अपमानित किया। उन्होंने बताया कि चारों आरोपी

महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। मेहता ने बताया कि उन्होंने बुधवार को गांव का दौरा किया। उन्होंने बताया कि गांव में हालात शांतिपूर्ण हैं, लेकिन अपने साथ अपमानजनक कृत्य से क्षुब्ध होकर पीड़ित महिला अपने मायके चली गई है। मेहता ने बताया कि आरोपियों में शामिल एक महिला को संदेह था कि पीड़ित महिला उसकी सास को उसके खिलाफ भड़का रही है और वह उसकी सास को उसे बिना बताए मंदसौर ले गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीड़ित और आरोपी पक्ष की महिलाएं अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग से ताल्लुक रखती हैं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना को लेकर भारतीय दंड विधान की धारा 323 (मारपीट), धारा 354-ए (लैंगिक उत्पीड़न) और धारा 452 (मारपीट की तैयारी के बाद जबरन घर में घुसना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शादी के आठ माह बाद दुल्हन ने दी जान

कोरबा। एजेंसी

कोरबा के मानिकपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव घर के बाथरूम में पाया गया है। अज्ञात कारणों से उसके द्वारा यह

नवविवाहिता ने बाथरूम में लगाई फांसी

आखिरी बार परिवार से की फोन पर बात

आत्मघाती कदम उठाया गया है। शादी के महज आठ माह बाद ही प्रीति जांगड़ा द्वारा जिस तरह से यह कदम उठाया गया है,उससे कई सवाल खड़े हो रहे है। मृतका ने मौत को गले लगाने से पहले अपने परिजनों को फोन कर जानकारी दी थी कि सास,ससुर और ननद उसे प्रताड़ित कर रहे है। प्रीति जांगिड़ के पिता आत्माराम जांगड़े

ने बताया भिलाईगढ़ नवापारा के रहने वाले हैं और कुछ मन पहले ही उसकी बेटी की शादी कोरबा मानिकपुर के गौरव जांगड़े के साथ पारिवारिक रीति रिवाज के साथ विवाह हुआ था। विवाह के बाद से ही उसकी बेटी को उसके सास,नंद दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। यही नहीं बीमार पड़ने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। शादी में दहेज अपेक्षा रखे थे। जहां उनके अनुरूप नहीं मिलने पर प्रताड़ित करना शुरू किया। इसकी जानकारी उसने फोन करके देते रहती थी। लेकिन मामला इतना बिगड़ गया। यह उसकी जानकारी में नहीं था।

पिकअप बेकाबू होकर पलटी, 12 यात्री घायल

अनूपपुर। एजेंसी

जिले के अमरकंटक थाना अंतर्गत ग्राम नोनघटी के पास बुधवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर कर पलट गई। इस हादसे 12 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए, जिन्हें पुष्पराजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार देवरा गांव से कुछ लोग पिकअप में सवार होकर छत्तीसगढ़ के मरही माता दर्शन करने जा रहे

माता का दर्शन करने जा रहे थे ग्रामीण

थे। बुधवार को नोनघाटी के पास वाहन बेकाबू होकर पलट गई। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच स्थानीय लोगों की मदद से 108 वाहन से घायलों को पुष्पराजगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया।

फलोदी में गर्मी ने दिखाया तेवर

जयपुर। भाषा

राजस्थान के कई इलाकों में गर्मी ने जोर दिखाना शुरू कर दिया है जहां बीते चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान फलोदी में 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने इसकी जानकारी दी। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार बीते 24 घंटों में जोधपुर संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 40-41 डिग्री (औसत से 3-5 डिग्री ऊपर) दर्ज किया

तापमान पहुंचा 41.2 डिग्री पर

तापमान और बढ़ने की संभावना

गया है। राज्य के बाकी भागों में भी अधिकतम तापमान औसत से 2-3 डिग्री ऊपर दर्ज किया गया है। इसके अनुसार आगामी 24 घंटे में तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं

होने तथा उसके बाद अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री गिरावट होने की संभावना है। बुधवार को जैसलमेर व फलोदी क्षेत्र में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। वहीं गंगानगर हनुमानगढ़ क्षेत्र में बुधवार दोपहर बाद कहीं-कहीं मेघ गर्जन व छुटपुट हल्की बारिश हो सकती है।

एकनाथ शिंदे ने टेका बालाजी के दर पर माथा

दौसा। एजेंसी

महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे सपरिवार मंगलवार शाम को 4:40 बजे दौसा जिले के सिद्धपीठ मेहंदीपुर बालाजी धाम में पहुंचे। यहां उन्होंने बालाजी महाराज के दर्शन कर भगवान की पूजा अर्चना की। साथ ही बालाजी महाराज को मेवा मिष्ठान प्रसादी का भोग लगाया। इस दौरान सिद्धपीठ बालाजी धाम के पीठाधीश्वर महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज ने सीएम एकनाथ शिंदे की अगवानी की। इस अवसर पर महंत महाराज ने सीएम को बालाजी महाराज की चमत्कारी विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद सीएम एकनाथ शिंदे ने

महंत से जानी मंदिर के इतिहास की जानकारी

महंत नरेशपुरी महाराज से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान महंत नरेशपुरी महाराज ने सीएम एकनाथ शिंदे को बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गौ तस्करी के आरोप में चार लोगों की पिटाई

जयपुर। भाषा

राजस्थान के अलवर जिले में गौ तस्करी के आरोप में चार लोगों की कथित तौर पर पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घटना अलवर के खुशखेड़ा थाना इलाके में बुधवार तड़के करीब तीन बजे हुई और चारों लोग हरियाणा के रहने वाले हैं। खुशखेड़ा थानाधिकारी वीरेंद्र यादव ने कहा कि गश्ती अधिकारी को सूचना मिली कि कुछ स्थानीय लोगों ने एक पिकअप वाहन पकड़ा है जिसमें गायों की तस्करी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कथित तौर पर गायों की तस्करी कर रहे चार लोग घायल अवस्था में पाए गए। अधिकारी के अनुसार उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और पिकअप वाहन में बरामद सात गायों को गौशाला भेजा गया है। यादव ने कहा, आरोप है कि ये लोग गायों की तस्करी कर रहे थे।

कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

अनूपपुर। एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को कांग्रेस उम्मीदवार के

नामांकन जमा करने से कुछ घंटे पूर्व ही पार्टी को झटका लगा है।

लोकसभा नामांकन के पूर्व कांग्रेस को झटका

यहां कांग्रेस के जिला तथा प्रदेश स्तर के पदाधिकारी ने कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के समक्ष भाजपा की सदस्यता ले ली। इसके साथ ही दो कांग्रेस पार्षद एवं दो निर्दलीय पार्षदों ने भी सदस्यता ली है। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के बिजुरी स्थित कार्यालय में बुधवार को कांग्रेस के जिला महामंत्री मुकेश शुक्ला एवं उनकी पत्नी तथा वार्ड क्रमांक 12 बिजुरी से पार्षद लक्ष्मी शुक्ला ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण। इसके साथ ही कांग्रेस सेवादल के कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष शिव लखन शुक्ला ने भी भाजपा की सदस्यता ले ली है, साथ ही वार्ड क्रमांक एक की निर्दलीय पार्षद शालिनी विवेक द्विवेदी तथा वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पति बालकिशुन ने भी भाजपा की सदस्यता ली है।

इनकी रही भूमिका

बिजली नगर में कांग्रेस पदाधिकारी को भाजपा की सदस्यता दिलाने में प्रमुख रूप से कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा लोकसभा निर्वाचन की रणनीति के तहत कांग्रेस से असंतुष्ट पदाधिकारी को भाजपा में शामिल करते हुए सदस्यता दिलाई गई। इसके साथ ही इस कार्य में भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक शर्मा, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र महरा के प्रयासों से इन्हें भाजपा में शामिल किया गया। सदस्यता दिलाई जाने के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीष शर्मा, सहित समस्त भाजपा के पार्षद शामिल रहे।

तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

रायपुर। एजेंसी

गरियाबंद जिले के ग्राम धवलपुर के यादव पारा में एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की आज बुधवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे तालाब में नहाने के लिए आए थे, इसी दौरान यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को मिली तो तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्चों को तालाब से बाहर निकाला। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामला दर्जकर जांच कर रही है। यह खबर सुनने के बाद परिवार में मातम छा गया है। मैनपुर थाना प्रभारी शिव हुर्रा ने बताया कि दो बच्चे की डूबने से मौत हुई है। बाकी सुरक्षित हैं। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यादव पारा के 5-6 बच्चे पास के मछली पालन कर रहे पीर मोहब्बत के निजी तालाब में नहाने गए थे।

परिवार में छाया मातम

किसी को भी मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी: मोहित

चेन्नई। भाषा

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने गत आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ यहां 63 रन की हार के बाद स्वीकार



किया कि मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाज की भरपाई करना काफी मुश्किल है। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज शमी टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं और आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनके बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के साथ वापसी करने की उम्मीद है। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की घरेलू श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। शमी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाएंगे। मोहित ने सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, किसी भी टीम को शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी और आप उनकी भरपाई किसी अन्य खिलाड़ी से नहीं कर सकते। लेकिन चोट पर किसी का नियंत्रण नहीं है और आपको यह देखना होगा कि इसके साथ कैसे आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा, जहां तक गुजरात टाइटंस की बात है, स्पेंसर (जॉनसन) और अजमतुल्लाह (उमरजई) का यह पहला साल है।

शमी की टखने की हुई है सर्जरी

आईपीएल से हैं बाहर

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

जयपुर। भाषा

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत

नजरें ऋषभ पंत पर

दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे

और दबाव पंत पर आ गया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

टीम इस प्रकार हैं:

राजस्थान रॉयल्स: संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

समय: मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

मध्य रेल

अप्रैल-2024 माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम

भारत के राष्ट्रपति और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामुग्री प्रबंधक, स्क्रैप की बिक्री: **अप्रैल-2024** माह में निम्नानुसार नीलामी करेंगे:- **सूचना:** भविष्य मे माह की ई-नीलामी कार्यक्रम का प्रकाशन समाचार पत्रिका मे बंद कर दिया जायेगा। तब खरिदार मध्य रेल्वे की वेबसाईट- **www.ireps.gov.in** पर माह की ई-नीलामी का कार्यक्रम देख सकते है। **अप्रैल-2024** के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित है:-

नीलामी आयोजन करने वाले अधिकारी	नीलामी तिथि एवं दिन			संपर्क क्र.
वरि.मंडल सामुग्री प्रबंधक नागपुर	03.04.2024 बुधवार	10.04.2024 बुधवार	22.04.2024 सोमवार	7219612750
वरि.मंडल सामुग्री प्रबंधक भुसावल और मनमाड डिपो	04.04.2024 गुरुवार	15.04.2024 सोमवार	23.04.2024 मंगलवार	7219611751
वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक पुणे	08.04.2024 सोमवार	16.04.2024 मंगलवार	24.04.2024 बुधवार	7219613750
वरि.मंडल सामुग्री प्रबंधक मुंबई	10.04.2024 बुधवार	18.04.2024 गुरुवार	25.04.2024 गुरुवार	8828119750
वरि.मंडल सामुग्री प्रबंधक सोलापुर	12.04.2024 शुक्रवार	22.04.2024 सोमवार	30.04.2024 मंगलवार	7219614750
उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक(कर्षण) मुख्यालय, वरि. सामुग्री प्रबंधक (जी) करी रोड के लिये	03.04.2024 बुधवार	10.04.2024 बुधवार	22.04.2024 सोमवार	8828110761
उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एम) परेल	08.04.2024 सोमवार	16.04.2024 मंगलवार	24.04.2024 बुधवार	8828119755
उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (सीडब्ल्यूई) माटुंगा	04.04.2024 गुरुवार	15.04.2024 सोमवार	23.04.2024 मंगलवार	8828119770
उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (कर्षण) मुख्यालय,सहा.सामुग्री प्रबंधक हाजीबंदर डिपो के लिये	03.04.2024 बुधवार	10.04.2024 बुधवार	22.04.2024 सोमवार	8828110761
उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एसीएल) भुसावल	10.04.2024 बुधवार	18.04.2024 गुरुवार	25.04.2024 गुरुवार	7219611750

सूचना:- यदि आवश्यक हो तो पुरक नीलामी मूल तिथि से अगले कार्य दिवस और निलामी के समय पर आयोजीत की जाएगी। रेल्वे प्रशासन अपने स्वविवेक से किसी भी पुरक नीलामी को रद्द करने का अधिकार रखता हैं। टिप्पणी:-क) ई-निलामी से कोई भी लॉट वापस लेने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। किसी भी तदनंतर निलामी ने किसी भी डिपो/मंडलों के किसी भी लॉट की किसी भी उचित तरीके से निलामी करने का अधिकार भी रेलवे के पास सुरक्षित है। मध्य रेल के अन्य डिपो/मंडल के न बिक्री हुए लॉट को भी अन्य डिपो/मंडल की तदनंतर निलामी में बेचा जा सकता है। **ख)** सरकार की नीति के अनुसार जहां क्रय सामग्री की रि-साइकिलिंग से पर्यावरण को नुकासान पहुँचता हो तथा प्रदूषण फैलता हो, ऐसे लॉट्स केवल प्राधिकृत बोलीकर्ताओं को ही बेचे जाएँगे जिनके पास केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) / राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB) द्वारा जारी वैध लाइसेंस हो। **ग)** ई-निलामी पुस्तिका **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी। **घ)** ई-निलामी, डिजिटल हस्ताक्षर, पंजीकरण, कार्यविधि तथा सहभागीता आदि के संबंध में यदि कोई सहायता अपेक्षित हो तो कृपया निलामी आयोजित करनेवाले उपर्युक्त अधिकारियों अथवा उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिक्री/मुख्यालय से संपर्क करें जिनका मोबाईल नं. 8828110761 तथा ई-मेल पता **dycmm.s.cstm@gmail.com or dycmms@cr.railnet.gov.in** है।

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे 1011

संक्षिप्त समाचार

बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

प्रतापगढ़। एजेंसी महेशगंज थाना क्षेत्र के खैलरका पुरवा फतूहाबाद गांव निवासी 55 वर्षीय सिद्धनाथ मिश्रा घर के सामने सड़क पार कर रहे थे। तभी गांव का ही युवक बाइक से निकला तो अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया, वह भी बाइक समेत सड़क पर गिरा तो दोनों गंभीर घायल हो गए। परिजन दोनों घायलों को निजी चिकित्सक के पास ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद भी सिद्धनाथ की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मंगलवार देररात सिद्धनाथ की सांस थम गई।

रामनवमी मेला को लेकर प्रशासन की बैठक आज

अयोध्या। एजेंसी जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में आगामी चैत्र रामनवमी मेला 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर 28 मार्च को अपराह्न चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई है। सभी अधिकारियों को मेला से सम्बंधित समस्त आवश्यक तैयारियों और सूचनाओं के साथ बैठक में समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी नगर और मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने दी।

ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर,युवक की मौत

अमेठी। एजेंसी जायस थाने से गुजरने वाले सलोन मार्ग पर पूरे बनिया का पुरवा के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जब कि दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। रायबरेली जिले के डीह थाने के रामगंज कुटिया गांव निवासी अखिलेश (25) अपने गांव के धर्मराज के साथ मंगलवार को बाइक से जायस आ रहे थे। सलोन मार्ग पर पूरे बनिया का पुरवा के पास पीछे आए ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गया। दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

प्रतापगढ़। एजेंसी अंतू में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक आमने-सामने की टक्कर में सड़क पर गिरकर घायल हो गए। क्षेत्र के पूरे परमेश्वर गांव के पास देरशाम थाना क्षेत्र के पारा हमीदपुर गांव निवासी सूरज वर्मा (35) व राजेश वर्मा (40) बाइक से बाबूगंज बाजार जा रहे थे। सामने से अमेठी के संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलवा गांव निवासी निमरू (55) भी बाइक से मुख्यालय की तरफ जा रहे थे। तेज रफ्तार के चलते दोनों बाइक सवार आपस में भिड़ गए। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

विद्यालय में चोरी

बलिया। एजेंसी चोरों ने नगरा में एक इंटर कालेज व पकड़ी थाना क्षेत्र के एक कम्पोजिट विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिया। जनता इंटर कालेज के प्रधानाचार्य उमेश चंद्र पांडे ने बुधवार को विद्यालय परिसर में चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। चोर परिसर में स्थापित आरओ मशीन की तीन टोटियों के अलावा क्रीड़ा कक्ष का ताला तोड़कर उसमें रखा पीतल का घंटा, चार कुर्सी, चार फुटबाल तथा कमरे में रखी छड़ की चार खिड़कियों को भी उठा ले गए हैं।

मारपीट में 6 घायल

भदोही। एजेंसी सुरियावां थाना क्षेत्र के कौरड गांव में बुधवार को आपसी विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी सुरियावां में हुआ। बताया जाता है कि कौरड गांव में दो पक्ष के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

सड़क दुर्घटना में सिपाही की मौत

कौशांबी। एजेंसी

संदीपनघाट के बलिहावां मोड़ के समीप प्रयागराज-कानपुर

- तीनों सिपाही ड्यूटी के बाद सफारी से संदीपनघाट थाने जा रहे थे
- दो पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर

हाईवे पर डीसीएम से तेज रफ्तार सफारी पीछे से टकरा गई। हादसे में सफारी सवार तीन सिपाही गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को इलाज के लिए प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में ले जाया गया। जहां एक सिपाही अनुराग सिंह को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दो सिपाहियों की हालत नाजुक बताई जा रही

है। कानपुर के घाटमपुर निवासी अनुराग सिंह यादव, भदोही निवासी सुनील सिंह व एक अन्य सिपाही जौनपुर निवासी रोहित तिवारी की तैनाती संदीपनघाट कोतवाली के मूरतगंज पुलिस चौकी में है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक मंगलवार को तीनों सिपाही ड्यूटी के बाद सफारी से संदीपनघाट थाने जा रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। बलिहावां के समीप हाईवे पास रास्ता भटकने के कारण चालक हॉफ डाला गाड़ी (डीसीएम) मोड़ रहा था, तभी सिपाहियों की तेज रफ्तार सफारी पीछे से डीसीएम से टकरा गई। हादसे में तीनों सिपाहियों को गंभीर चोट आई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल ले गई। वहां डाक्टरों ने अनुराग को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुनील सिंह और रोहित तिवारी को ट्रामा सेंटर के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया है।

> कानपुर के घाटमपुर निवासी अनुराग सिंह यादव, भदोही निवासी सुनील सिंह व एक अन्य सिपाही जौनपुर निवासी रोहित तिवारी की तैनाती संदीपनघाट कोतवाली के मूरतगंज पुलिस चौकी में है।

सड़क पर बाइक में लगी आग

वाराणसी। एजेंसी

लंका रवींद्रपुरी मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने बुधवार सुबह एक मोटरसाइकिल में आग लग गई। चालक शॉर्ट सर्किट होते ही अपने वाहन को बीच मार्ग में ही छोड़कर किनारे खड़ा हो गया। जब आस- पास के दुकानदारों ने दो पहिया वाहन में आग देखा तो पानी लेकर पहुंचे, आग बुझा दी। वहीं स्थानीय दुकानदारों का कहना था कि गर्मी के कारण वाहन में शार्टसर्किट से आग लगी होगी। गनीमत थी कि समय रहते दुकानदारों ने पानी डालकर आग बुझा लिया। दुकानदारों ने बताया कि इंजन के पास आग लगी थी।

हत्यारोपित के घर के सामने शव दफनाने का प्रयास

प्रतापगढ़। एजेंसी

साउंड पर बज रहे गाने की आवाज कम करने को कहने पर

- आवाज कम करने को कहने पर महिला की हत्या
- एसडीएम-सीओ ने परिजनों से बातचीत कर ज्ञापन लिया

महिला की हत्या के बाद परिजन आरोपी के घर के सामने उसका शव दफन करने पर अड़ गए। मौके पर पहुंचे एसडीएम-सीओ ने परिजनों से बातचीत कर ज्ञापन लिया। इसके बाद गांव के बाहर शव दफन किया गया। लीलापुर थाना क्षेत्र के गोविंदा पुर गांव में सोमवार शाम साउंड बाक्स पर बज रहे गाने की आवाज कम करने को कहने पर लक्ष्मीकांत की 40 वर्षीय पत्नी कलावती की उसके जेठ, जेठानी और भतीजे ने पीट दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

जहाज का तेल लेकर निकला टैंकर पलटा

सुल्तानपुर। एजेंसी

लखनऊ से वाराणसी के लिए हवाई जहाज का तेल लेकर

- मौके पर फायर सर्विस वाहनों को बुलाया गया
- तत्काल तेल के ऊपर छिड़काव किया गया

निकला टैंकर सुलतानपुर जनपद के बधुआकलां के निकट हाइवे पर पलट गया। तेल से भरे टैंकर के पलटने पर पुलिस और फायर सर्विस के अधिकारी पहुंचे। बीती रात से बुधवार की सुबह

चार बजे तक फायर सर्विस के अधिकारी मौके पर डटे रहे और हाइड्रा मशीन से टैंकर को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया। अग्निशमन द्वितीय अधिकारी गिरीवर प्रसाद ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एचआर 55 एपी 7411 नम्बर का टैंकर के पलटने की सूचना मिली।

हादसे में दो युवकों की मौत

महाराजगंज। एजेंसी

गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फरेंदा कस्बे में अनियंत्रित बाइक डिवाइडर

- एक गंभीर घायल, पुलिस मौके पर पहुंची
- क्षेत्र में मचा कोहराम

से टकरा गई, जिसमें बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। फरेंदा थाना क्षेत्र के आनंद नगर के वार्ड नंबर दो जगदीशपुर निवासी अरमान अली (19) काजू (18) के साथ एक अन्य युवक जैकराव (20), निवासी शनिचरी बाजार, बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। अभी कस्बे के शनिचरी ढाला के करीब पहुंचे थे कि अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में बने डिवाइडर से बाइक जा टकराई। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गई। दो युवकों को मृत घोषित कर दिया गया।

बाइक सवार युवक की मौत

देवरिया। एजेंसी जिले में दोस्त के साथ घूमने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह रुद्रपुर पिड़रा मार्ग पर जा रहा था कि अहलादपुर मरकड़ी गेट के सामने पीछे से चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार उसका दोस्त घायल हो गया। घर पर उनकी पत्नी किरन और तीन बेटे राहुल, रोहित और रोशन रहते हैं। राहुल (22) रामजी सहाय पीजी कालेज में स्नातक का छात्र था।

दोस्त घायल

नमामि गंगे ने अस्सी घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

वाराणसी। एजेंसी

गंगा स्वच्छता पखवाड़ा में बुधवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने अस्सी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम के

- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन

संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर गंगा नदी को प्रदूषित कर रही अनेकों सामग्रियों को कूड़ेदान तक पहुंचाया। विदेशी पर्यटकों ने भी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नमामि गंगे के सदस्यों के साथ गंगा किनारे स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी को जागरूक किया। इस दौरान अस्सी घाट पर उपस्थित नागरिकों सहित पूजन सामग्री,खानपान विक्रेता और घाट पुरोहितों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की इस योजना का उद्देश्य है कि गंगा और इसके सहायक नदियों के संरक्षण के लिए व्यापक जन सहभागिता व जन जागरूकता लाई जा सके।

> विदेशी पर्यटकों ने भी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया।

बाइक से गिरकर दंपति घायल

मऊ। एजेंसी

मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोहरपुर निवासी लालधर मंगलवार को अपनी पत्नी लक्ष्मीना को लेकर बाइक से मुहम्मदाबाद गोहना आये थे। दोपहर के बाद घर जाते समय घोसी मार्ग पुल के निकट अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढे में पलट गए। इसी बीच किसी ने इसकी सूचना 108 नंबर एंबुलेंस को दिया। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

पुलिस लाइन में होली उत्सव का हुआ आयोजन

जौनपुर। एजेंसी

होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद मंगलवार को पुलिस लाइन में होली उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस के जवानों ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ व पुलिस अधीक्षक डा. अजयपाल शर्मा के साथ होली खेली। डीएम व एसपी ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। होली उत्सव के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, सर्किल के क्षेत्राधिकारी देवेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अनुपम सिंह, संदीप पांडेय व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश कर और अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान लोकगीत गायकों द्वारा फागुन गीत की प्रस्तुति दी गई।

जमकर हुई फूलों व अबीर की बारिश

जवानों ने डीएम व एसपी के साथ खेली होली

> एक-दूसरे पर फूलों की बारिश कर और अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

दो ट्रक सीज चालक गिरफ्तार

सोनभद्र/चोपन। एजेंसी

पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने बिना परमिट गिट्टी का परिवहन कर रहे दो ट्रकों को पकड़कर सीज कर दिया। दोनों के चालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ट्रकों के मालिक की तलाश की जा रही है। रॉबर्ट्सगंज पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम रात लोढ़ी में खनिज बैरियर के पास वाहनों की जांच कर रही थी। टीम ने जौनपुर नंबर की एक ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो चालक बिना जांच कराए ही वाहन लेकर भागने लगा।

चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

प्रयागराज। एजेंसी

करछना इलाके के नहर पुलिया के पास बुधवार को सुबह एक युवक खून से लथपथ मिला। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने युवक को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक का एक पैर कट गया है। आशंका जताई जा रही है कि चलती ट्रेन से गिरने से वह हादसे का शिकार हुआ है। उसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी सांसें थम गईं। करछना थाना क्षेत्र के नहर पुलिया के पास ट्रेन हादसे में एक युवक का पैर कट गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी करछना ले गई। कुछ देर में युवक ने दम तोड़ दिया।

नहर पुलिया के पास हुआ हादसा

जिला अस्पताल में डाक्टर और दलाल से हुई मारपीट

आजमगढ़। एजेंसी

जिला अस्पताल में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब आर्थो वार्ड में एक डाक्टर व दलाल के बीच भिड़ंत हो गई। विवाद के बाद दोनों ने एक दूसरे पर हमला किया। मारपीट में दलाल के कपड़े फट गए। वहीं डाक्टर के चेहरे पर चोट आई। एक मरीज से पैसों के लेनदेन को लेकर डाक्टर व दलाल के बीच विवाद हुआ था। घंटे भर तक मामले को लेकर अस्पताल में हंगामा मचा रहा। सूचना पर पुलिस पहुंची और एसआईसी कक्ष में सीएमओ की मौजूदगी में घंटों मामले को लेकर बातचीत हुई। डाक्टर व दलाल के बीच मारपीट चर्चा का विषय बन गया।

आर्थो वार्ड में मारपीट बना चर्चा का विषय

> एक मरीज से पैसों के लेनदेन को लेकर डाक्टर व दलाल के बीच विवाद हुआ था।

अयोध्या में बन रहा औषधि का प्रयोगशाला

अयोध्या। एजेंसी

मिलावटी खाद्य व नकली दवाओं के सैम्पल की जांच में लगने वाले लम्बे समय में अब

- खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट में नहीं लगेगा समय
- निर्माण का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा

काफी कमी आएगी। रिपोर्ट मिलने में अधिक समय लगने पर लोगों को मुकदमे का निपटारा कराने में वर्षों लग जाते थे। कोर्ट-कचहरी का लम्बे समय तक चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या

जनपद की रुदौली तहसील के फेलसण्डा में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की मण्डलीय प्रयोगशाला व कार्यालय की आधारशिला रखी थी। यह अब लगभग पूरी हो रही है। अप्रैल माह के अन्तिम सप्ताह तक भवन बन कर तैयार हो जाएगा और भवन में सभी कार्यालय शिफ्ट कर दिए जाएंगे। अयोध्या जनपद व मण्डल के अन्य सभी जनपदों से खाद्य सुरक्षा प्रशासन की ओर से मिलावटी व खाद्य पदार्थों के जो नमूने जांच के लिए एकत्र किए जाते थे, उन्हें जांच के लिए लखनऊ या आगरा स्थित प्रयोगशाला को भेजना पड़ाता था।

> नदी पर बने पुलों तथा अचानक तेज हवा की संभावना वाले क्षेत्रों पर ये उपकरण (डिवाइस) विशेष रूप से हवा के गति की निगरानी करेंगे।

सरयू नदी में मिला युवक का शव

बस्ती। एजेंसी

जिले के छावनी थाना क्षेत्र के रानीपुर- कठवनियां गांव के पास सरयू नदी में एक अज्ञात युवक (लगभग 40 वर्ष) का शव मिला। सुबह स्थानीय लोगों ने सबसे पहल नदी में शव को तैरते देखा। ग्राम प्रधान बबलू प्रजापति ने छावनी पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर चौकी प्रभारी विक्रमजोत रितेश कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी। बता दें कि लोलपुर-विक्रमजोत तटबंध के समीप सरयू की सहायक टेढ़ी नदी सूख गई है। नदी के ठहरे हुए पानी में मिला अज्ञात शव हरा टी शर्ट और काले रंग का लोवर पहना हुआ है। चेहरे व हाथों में कटे का निशान देख कर लोग हत्या कर शव यहां फेक देने की आशंका जता रहे हैं।

हत्या की आशंका

आग लगने से कई घर जलकर राख

आंबेडकरनगर। एजेंसी

कोतवाली क्षेत्र अकबरपुर के मखदूमपुर गांव में हाईटेंशन लाइन में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से छप्परनुमा घर में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक छह अन्य घर भी उसकी चपेट में आकर राख हो गए। इसमें लाखों की संपत्ति को नुकसान हुआ। ढीले हाईटेंशन तार से मंगलवार को गांव में शार्ट सर्किट हो गया। इससे चिंगारी निकली, जिससे नीचे स्थित गांव निवासी सिंगारी देवी के छप्परनुमा घर में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख चीख पुकार मच गई।

'एम-वाई' फैक्टर की मदद से उप्र की सभी 80 लोस. सीटें जीतेगी भाजपा: रविकिशन

गोरखपुर। भाषा

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी 'एम-वाई' फैक्टर की मदद से प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक भाषा में 'एम-वाई' फैक्टर का तात्पर्य मुस्लिम और यादव समुदाय से है, जिन्हें पारंपरिक तौर पर गैर-भाजपा मतदाता माना जाता है। रवि किशन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, लोग मुझसे एम-वाई फैक्टर के बारे में कहते हैं कि वे भाजपा को वोट नहीं देंगे। देश में एक बहुत प्रमुख 'एम-वाई' फैक्टर है, जिसके बारे में आप नहीं जानते हैं, और वह है मोदी-योगी फैक्टर। यह 'एम वाई' फैक्टर राज्य की सभी 80 सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगा। भारतीय जनता पार्टी ने रवि किशन को एक बार फिर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, हमारी नीतियों से हर समुदाय के लोगों को लाभ हुआ है।

> नीतियों से हर समुदाय के लोगों को लाभ हुआ



> भारतीय जनता पार्टी ने रवि किशन को एक बार फिर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है।

हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

मिर्जापुर। एजेंसी

राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसीरिया गांव में बुधवार को सुबह लगभग 7 बजे सेमरा माइनर के किनारे मोटरसाइकिल के नीचे दबा हुआ युवक का शव मिलने पर गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजन शव का पहचान कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव और बाइक को थाने ले गई। जहा शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया। युवक के मौत से पत्नी व अन्य लोग रोते-रोते बेसुध हो गए। थाना क्षेत्र के नौड़ीहवा गांव निवासी 26 वर्षीय राहुल पुत्र विनोद मंगलवार की शाम को अपने रिश्तेदार के घर निकरीका होली खेलने के लिए गया था। देर रात रिश्तेदार के घर से वापस अपने घर नौड़ीहवा बाइक से जा रहा था।

- रात भर बाइक के नीचे दबा पड़ा रहा
- परिजनों में मचा कोहराम

जैसे ही धनसीरिया गांव के पास सेमरा माइनर पर पहुंचा, माइनर की पटरी पर बड़े गड्ढे में बाइक समेत गिर गया। गढ्ढे में गिरते ही बाइक के नीचे दब गया। सुनसान रास्ते पर रात का समय होने के कारण घायल अवस्था में रात भर बाइक के नीचे दबा पड़ा रहा।

शराब पीने के विवाद में व्यक्ति की मौत

चंदौली। एजेंसी

पीडीडीयू नगर के चतुर्भुजपुर मुहल्ले में शिव मंदिर के समीप मंगलवार की रात नौ बजे शराब पीने के विवाद में एक व्यक्ति ने साथी पर राड से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से जख्मी व्यक्ति को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर आरोपी को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। मूल रूप से वाराणसी के शिवदास पुर इलाके के रहने वाले विजय उर्फ पंडितजी (40) पुत्र मोहनलाल पांडेय चतुर्भुजपुर मुहल्ले में किराए के मकान में रहते थे।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

सोनभद्र। एजेंसी

घोरावल में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया। कोतवाली घोरावल के वल्नरेबल व क्रिटिकल मतदान केंद्र वाले गांवों में एरिया डोमिनेशन के लिए पैरामिलिट्री फोर्स के साथ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने फोर्स के साथ रूट मार्च किए। एसएसबी व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ गुरेठ, बेलवनिया, गुरुवल, लोहांडी गांव में फ्लैग मार्च किया गया। हिस्ट्रीशीटरों के निगरानी के लिए हल्का दारोगा को निर्देश दिया गया है। इस दौरान स्थानीय लोगों से संपर्क कर उनकी विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी करते हुए उनका हरसंभव समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया गया।

एसएचओ ने ग्रामीणों से की अपील

श्रीकृष्ण उवाच

परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे ॥

यशोभूमि
संपादकीय

अब मुस्लिम मतदाताओं पर फोकस

इतिहास में लड़े गए सारे युद्धों का अंतिम लक्ष्य विजयश्री प्राप्त करना ही रहा है। आज भी युद्ध का अंतिम लक्ष्य जीत ही रहता है। चाहे वह यूक्रेन और रूस का युद्ध हो या फिर पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ छेड़ा गया छद्म युद्ध हो। सबका अंतिम लक्ष्य सुनिश्चित है। लोकतंत्र में चुनाव एक महायुद्ध के समान होता है। भारत के लोकसभा चुनाव को महाभारत युद्ध से कमतर आंकना ठीक नहीं होगा। इस महाभारत में जो जीतेगा उसे पांच साल के लिए निष्कंटक राजपाठ चलाने का अवसर मिलेगा और जो हारेगा उसे पांच साल के लिए फिर से वनवास में रहने पर मजबूर होना होगा, उसे पांच साल तक फिर से वन-वन भटकना होगा। इस दरमियान उसे आगामी युद्ध के लिए युद्ध सामग्रियां, अस्त्र- शस्त्र आदि आयुध इकट्ठे करने होंगे। फिर पांच साल के बाद जब लोकसभा की रणभेरी बजेगी तब उसे अपनी संचित शक्तियों के साथ रणभूमि में उतरना होगा। यदि वह तब विजयश्री हासिल कर सका तो ठीक वरना 'सब कुछ खत्म ही' समझना चाहिए। इस महाभारत में कौन कौरव है और कौन पांडव है। इसका फैसला जनता जनार्दन पर छोड़ना ही उचित होगा,लेकिन 2014 और 2019 के महाभारत में कांग्रेस की बुरी तरह से पराजय हुई थी। उसके हाथ से केंद्र की सत्ता तो गई ही थी साथ ही एक- एक करके सारे राज्य चले गए थे। किसी भी पराजय का ठीकरा किसी न किसी पर तो फोड़ना ही चाहिए,तो कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष ने दोनों चुनावों का ठीकरा 'ईवीएम हैक होने के आरोप' पर फोड़ा था। खैर उसके तत्काल बाद भारत निर्वाचन आयोग ने खुली चुनौती दी थी कि कोई भी व्यक्ति, अभियंता या पदाधिकारी उसके सामने आए और ईवीएम को हैक करके तो दिखाए। तब सबको सांप सूंघ गया था। कोई आगे नहीं आया था। इसके बाद मामला अदालतों तक गया,लेकिन उसका कोई फायदा नहीं हुआ। भाजपा जिस तरह की रणनीति बनाकर चुनाव लड़ती है, उसे आज की तारीख में तो हराने वाला कोई नहीं दिख रहा है। समूचा विपक्ष एकजुट तो हुआ,लेकिन निजी स्वार्थों के चलते धीरे-धीरे विखंडित हो गया। अब 2024 की विजय को और बंपर बनाने के लिए भाजपा ने अपना पूरा ध्यान मुस्लिम मतदाताओं पर केंद्रित किया हुआ है और उसमें भी मुस्लिम महिला मतदाताओं पर। इसके लिए भाजपा ने देश भर के 543 संसदीय क्षेत्रों के लिए 18 लाख से ज्यादा 'मुस्लिम मोदी मित्र' बनाए हैं। जिनके माध्यम से 1468 विधानसभा क्षेत्रों में 22,700 स्नेह संवाद कार्यक्रम करवाएं हैं। इन कार्यक्रमों में 'ना दूरी है, ना खाई है, मोदी हमारा भाई है' जैसे नारे चर्चित किए गए हैं। इससे भाजपा को वोट मिले या न मिले, लेकिन विपक्षी खेमे में बौखलाहट जरूर मची हुई है।

कटाक्ष

राजनीति को देखकर,मनवा हुआ बेहाल।
हरिश्चंद्र बन रहे हैं, सारे नटवरलाल ।।
सारे नटवरलाल,प्रजा भुगते लाचारी।
नारी का अपमान, लगी सबको बीमारी ।।
कह सुरेश कविराय धरा पर फिर से आओ ।
लोकतंत्र घायल है,अब हे राम बचाओ ।।

- सुरेश मिश्र

प्रसंगतः परिश्रम ही दवा है

एक चिकित्सक अपनी रामबाण चिकित्सा के लिए प्रसिद्ध थे। उनकी दी हुई दवा से रोगी को लाभ अवश्य होता था। वे खुद भी स्वस्थ थे और असाध्य रोगों को भी ठीक कर देते थे। एक दिन किसी असाध्य रोग से पीड़ित एक व्यक्ति ढूढते हुए उनके पास आया। उसने अपना रोग और पीड़ा उनसे बताई। उसका रोग जानकर चिकित्सक ने उसे वहीं पर एक महीने की दवा बना कर दी। उस व्यक्ति ने पूरे नियम से दवा का सेवन शुरू किया। माथे का पसीना निकालने में उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती। दवा ने अपना असर दिखाया और एक महीने में वे महाशय रोगमुक्त हो गए। चिकित्सक ने भेंट लेने से मना कर दिया और उन सज्जन को बताया कि चमत्कार दवा से नहीं आपकी मेहनत से हुआ है। इसलिए हमें मेहनत से नहीं घबराना चाहिए।

दैनिक पंचांग

28 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मीन में	मेष	06.50 बजे से
चंद्र	तुला में	वृष	08.30 बजे से
मंगल	मकर में	मिथुन	10.28 बजे से
बुध	मेष में	कर्क	12.41 बजे से
गुरु	मेष में	सिंह	14.57 बजे से
शुक्र	कुंभ में	कन्या	17.09 बजे से
शनि	कुंभ में	तुला	19.20 बजे से
राहु	मीन में	वृश्चिक	21.35 ब.से
केतु	कन्या में	धनु	23.51 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		मकर	01.56 बजे से
		कुंभ	03.42 बजे से
		मीन	05.15 बजे से

गुरुवार 2024 वर्ष का 88 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 18.57 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** स्वाती 18.38 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 23.13 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 06.05 बजे तदनन्तर विष्टि 18.57 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 06' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871932 **जूलियन दिन** 2460397.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रमजान **तारीख** 17 **विशेष** छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती, संकष्टी चतुर्थी।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
शुभ	05.54	से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40	से	07.11 बजे तक
रोग	07.22	से	08.51 बजे तक	चर	07.11	से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51	से	10.19 बजे तक	रोग	08.43	से	10.15 बजे तक
चर	10.19	से	11.47 बजे तक	काल	10.15	से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47	से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47	से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15	से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19	से	02.51 बजे तक
काल	02.43	से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51	से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11	से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23	से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

श्रीरामलला ने भारतीय समाज को एक किया

22 जनवरी 2024 का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा, क्योंकि इस दिन श्रीअयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के विग्रहों की एक भव्य मंदिर में समारोह पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई थी। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश से धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व तथा समस्त मत, पंथ, सम्प्रदाय के पूजनीय संत महात्माओं की गरिमामय उपस्थिति रही । इससे निश्चित ही यह आभास हुआ है कि प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारत में समस्त समाज को एक कर दिया है। इसे भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारम्भ का संकेत माना जा सकता है। सामान्यतः किसी भी भवन का ढांचा नीचे से ऊपर की ओर जाता दिखाई देता है परंतु प्रभु श्रीराम मंदिर के बारे में यह कहा जा रहा है कि प्रभु श्रीराम का यह मंदिर जैसे ऊपर से बनकर आया है और पृथ्वी पर स्थापित कर दिया गया है। इस भव्य मंदिर को त्रिभुवन का मंदिर भी कहा जा रहा है। तमिलनाडु के एक बड़े अधिकारी, जो कला के जानकार हैं, का तो यह भी कहना है कि इस प्रकार की नक्काशी से सज्जित मंदिर शायद पिछले 1000 वर्षों में तो बनता हुआ नहीं दिखाई दिया है। इस मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के समय लगभग समस्त समाज के लोग पूजा संपन्न कराने के उद्देश्य से बिठाए गए थे। पूजा सम्पन्न कराने के लिए माननीय पंडितों को देश के लगभग समस्त राज्यों से लाया गया था। देश में लगभग 150 संत-महात्माओं की परम्पराएं हैं जैसे गुरु परंपरा, दार्शनिक परंपरा आदि। ऐसी समस्त परम्पराओं के संत महात्माओं की भागीदारी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रही। साथ ही, सामाजिक जीवन के कई क्षेत्रों के प्रमुख नागरिकों की भी इस समारोह में भागीदारी रही, जैसे खेल, साहित्य, लेख, कला, मीडिया, प्रशासन, आदि। कुल 18 श्रेणियों के नागरिकों को इस समारोह में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। जिन लगभग 4000 श्रमिकों ने इस मंदिर के निर्माण में अपना योगदान दिया था उनमें से 600 श्रमिकों, इंजीनियरों एवं सुपरवाइजर आदि की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी करवाई गई। 22 जनवरी 2024 के पवित्र दिन श्रीअयोध्या धाम के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 60 चार्टर हवाई जहाज आए थे। कुल मिलाकर व्यवस्थाएं इतनी अच्छी थीं कि किसी भी नागरिक को श्रीअयोध्या धाम में प्रवेश करने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई थी। मंदिर परिसर में भी समस्त नागरिकों को अपनत्व लगा था। ऐसा लगा कि स्वर्ग में पहुंच गए हैं एवं मंदिर परिसर में दैवीय अनुभूति हुई। आज भारत एवं अन्य देशों से लगभग 2 लाख श्रद्धालु प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। 15 से 17 मार्च 2024 को नागपुर में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण पर एक प्रस्ताव पास किया गया है। इस प्रस्ताव में यह कहा गया है कि भारत में सम्पूर्ण समाज हिंदुत्व के भाव से ओतप्रोत होकर अपने 'स्व' को जानने तथा उसके आधार पर जीने के लिए तत्पर हो रहा है। अब जब प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है अतः अब भारत के समस्त नागरिकों के संदर्भ में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का यह सुविचरित मत है कि संपूर्ण समाज अपने जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को प्रतिष्ठित करने का संकल्प ले, इससे राम मंदिर के पुनर्निर्माण का उद्देश्य सार्थक होगा। प्रभु श्रीराम के जीवन में परिलक्षित त्याग, प्रेम, न्याय, शौर्य, सद्भाव एवं निष्पक्षता आदि धर्म के शाश्वत मूल्यों को आज समाज में पुनः प्रतिष्ठित करना आवश्यक है। सभी प्रकार के परस्पर वैमनस्य और भेदों को समाप्त कर समरसता से युक्त पुरुषार्थी समाज का निर्माण करना ही प्रभु श्रीराम की वास्तविक आराधना होगी। इसी दृष्टि से, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समस्त भारतीयों का आह्वान करती है कि बंधुत्व भाव से युक्त, कर्तव्य निष्ठ, मूल्य आधारित और सामाजिक न्याय की सुनिश्चितता करनेवाले समर्थ भारत का निर्माण करें, जिसके आधार पर वह एक सर्व कल्याणकारी वैश्विक

व्यवस्था का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर सकेगा। यदि भारतीय समाज एक होगा तो भारत को पुनः एक बार विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने में आसानी होगी। श्रीअयोध्या धाम में नव निर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर ने न केवल भारतीय समाज को एक किया है बल्कि इससे भारत की आर्थिक प्रगति में चार चांद लग रहे हैं। देश में धार्मिक पर्यटन की जैसे बाढ़ ही आ गई है। न केवल भारतीय नागरिक बल्कि अन्य देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग भी प्रभु श्रीराम के दर्शन करने हेतु श्रीअयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के लाखों नए अवसर विकसित हो रहे हैं। भारतीय समाज में एकरसता आने से भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों को भी बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, जिससे आपस में भाईचारा बढ़ता दिखाई दे रहा है। यदि मां भारती को विश्व गुरु बनाना है तो भारत में निवास कर रहे समस्त नागरिकों में एकजुटता स्थापित करनी ही होगी। भारत में मजबूत राजनैतिक स्थिति, मजबूत लोकतंत्र, मजबूत सामाजिक स्थिति, मजबूत सांस्कृतिक धरोहर होने के चलते विश्व के अन्य देशों का भारतीय सनातन संस्कृति पर विश्वास बढ़ रहा है जिसे भारत के वैश्विक स्तर पर पुनरुत्थान के रूप में देखा जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूज्य सर संघचालक मोहन भागवत भी अपने एक उद्बोधन में कहते हैं कि राम राज्य के सामान्य नागरिकों का जो वर्णन शास्त्रों में मिलता है, उसी का आचरण आज हमें करना चाहिए क्योंकि हम भी इस गौरवमय भारतवर्ष की संतानें हैं। आज हमें राम राज्य के समय नागरिकों द्वारा किए जाने वाले आचरण को अपनाने हेतु तप करना पड़ेगा, हमको समस्त प्रकार के कलह को विदाई देनी पड़ेगी। समाज में आपस में अलग-अलग मत हो सकते हैं, छोटे-छोटे विवाद हो सकते हैं, इन्हें लेकर आपस में लड़ाई करने की आदत छोड़ देनी पड़ेगी। राम राज्य के समय नागरिकों में अहंकार नहीं हुआ करता था वे बगैर अहंकार के आपस में मिलजुलकर काम करते थे। श्रीमद्भागवत में बताया गया है कि जिन चार मूल्यों की चौखट पर धर्म का निवास रहता है, वे चार मूल्य हैं - सत्य, करुणा, सुचिता और तपस। राम राज्य में इन मूल्यों का अनुपालन नागरिकों द्वारा किया जाता था। श्री भागवत कहते हैं कि आज की परिस्थितियों के बीच नागरिकों द्वारा आपस में समन्वय रखकर व्यवहार करना यह धर्म का ही प्रथम पायदान है। दूसरा कदम माना जाता है धर्म का आचरण अर्थात सेवा और परोपकार करना। केंद्र सरकार एवं अन्य कई राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही कई योजनाएं गरीबों को राहत दे रही है। आज इस संदर्भ में सब कुछ हो रहा है ,लेकिन भारत के नागरिक होने के नाते हमारा भी तो कुछ कर्तव्य है। इस समाज में जहां दुःख दिखाई दे, पीड़ा दिखाई दे, वहां हम दौड़ कर सेवा करने पहुंचे, यह सभी हमारे अपने बंधू ही तो हैं। हमारे शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि दोनों हाथों से कमाएं जरूर, परंतु अपने लिए न्यूनतम आवश्यक राशि रखकर शेष सारा पैसा सेवा और परोपकार के माध्यम से समाज को वापस कर दें। **-एजेंसी**

मोदी की रैली में जयंत के साथ रहेंगे 'राम'



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अपने प्रचार अभियान की शुरुआत मेरठ से करने जा रहे हैं। पहले ही ध्यान रखना होगा कि मोदी ने 2019 में और उसके पहले 2014 में भी इसी धरती पर पहली चुनावी रैली को संबोधित किया था। पिछली बार यह रैली 28 मार्च को हुई थी, तो इस बार 30 मार्च को होने जा रही है। पिछले चुनाव के पहले चरण में इस जाटलैंड में जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें से भाजपा को ६ सीटें हासिल हुई थीं। बहुजन समाज पार्टी ने बिजनौर और सहारनपुर, दो लोकसभा क्षेत्र अपने नाम किया था। तब बसपा और सपा के बीच बुआ-भतीजे की जोड़ी कारगर हुई थी। इन दोनों दलों ने राष्ट्रीय लोकदल को भी समर्थन दिया था परंतु प्रमुख जाट नेता चौधरी अजीत सिंह और उनके पुत्र जयंत चौधरी हार गए थे। दोनों पिता-पुत्र मुजफ्फरनगर और बागपत से उम्मीदवार थे। चौधरी अजीत सिंह अब नहीं हैं और जयंत चौधरी ने तब से कई राजनीतिक पैंतरे बदले। फिलहाल वे सपा का साथ छोड़कर भाजपा से हाथ मिला चुके हैं और निश्चित ही वे प्रधानमंत्री के मंच पर दिखाई देंगे। काफी कुछ सोच विचार कर उन्होंने सपा से मिल रही कुछ अधिक सीटों के मुकाबले भाजपा से सिर्फ दो पर समझौता किया है। वे स्वयं चुनाव मैदान में नहीं हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा ने उन्हें राज्यसभा में बनाए रखने का फैसला किया है। चौधरी की पार्टी बिजनौर और बागपत से भाजपा के सहयोग के साथ मैदान में है। प्रधानमंत्री की रैली में स्वाभाविक है कि मेरठ के अतिरिक्त जयंत चौधरी के प्रभाव वाले क्षेत्रों के बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। इनमें बिजनौर और बागपत से, जहां से आरएलडी प्रत्याशी हैं, उनके अतिरिक्त मुजफ्फरनगर से लेकर कैराना और खतौली से सहारनपुर तक जाट प्रभावित इलाके इस बार क्या फैसला करते हैं, यह देखना होगा। अब सवाल है कि कम होते असर के बावजूद भाजपा जयंत के दल को महत्व क्यों दे रही है। इसे समझने के लिए देखना होगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल के साथ मेरठ, अलीगढ़ और आगरा के उन 18 जाटबहुल क्षेत्रों पर भी पार्टी की नजर है, जहां वह बहुत अच्छा नहीं कर सकी थी। इसीलिए मुजफ्फरनगर के संजीव बालियान को मंत्री पद दिया गया, तो मुरादाबाद के भूपेंद्र चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इसके बाद भी चौधरी चरण सिंह के पोते और चौधरी अजीत सिंह के बेटे जयंत चौधरी का किसानों, खासकर जाट किसानों में असर बना हुआ है। जयंत के समाजवादी पार्टी के साथ जाने से मुस्लिम-जाट समीकरण को भी ताकत मिल रही थी। अब जबकि जयंत सपा का साथ छोड़ आए,भाजपा ने इस मिथक को तोड़ने की कोशिश की है। मुस्लिम-जाट टूटने के संकेत के साथ प्रधानमंत्री मोदी अपनी मेरठ की रैली से एक और बड़ा संदेश दे सकते हैं। कम लोगों के ध्यान में है कि मेरठ की रैली में मंच पर पार्टी उम्मीदवार अरुण गोविल भी रहेंगे। गोविल ने अपने जमाने के प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में राम का रोल निभाया था। देखा जाए तो इस धारावाहिक के अलावा अरुण गोविल को फिल्म अथवा छोटे परदे पर बहुत जगह नहीं मिली। इस तरह वह लोगों की नजर से अंतर्ध्यान ही रहे किंतु अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम का हर प्रतीक महत्वपूर्ण लगने लगा है। भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी इस अवसर को इसकी चर्चा के बिना जाने देंगे, यह मुमकिन नहीं लगता। तो जाट-मुस्लिम गठजोड़ तोड़ने के साथ ही हिंदू मतों का ध्रुवीकरण मेरठ रैली का मूल मकसद होगा और पूरे उत्तर भारत में इस प्रयोग को अमल में लाने की तैयारी हो चुकी है। **-एजेंसी**

आपकी चिट्ठी

अवैध पार्किंग से परेशानी

आपकी चिट्ठी के माध्यम से नवी मुंबई मनपा का ध्यान नवीन पनवेल में अनधिकृत पार्किंग से होनेवाली परेशानी की तरफ दिलाना चाहता हूँ। यहां फिनिक्स हॉटेल के पास सेक्टर -17 से सेक्टर-6 की तरफ जानेवाली सड़क पर अवैध ढंग से गाड़ियां खड़ी की जाती हैं। इससे सड़क से गुजरनेवाले वाहनों को परेशानी होती है। सुबह-शाम यहां बड़ी गाड़ियां जहां-तहां खड़ी कर दी जाती हैं। इससे सड़क तंग होने से वाहन चालकों को काफी असुविधा होती है। अतः मनपा प्रशासन से विनती है कि उक्त सड़क को अवैध पार्किंग मुक्त करें।

■ **महेंद्र यादव,** पनवेल

पानी कटौती से परेशानी

आपकी चिट्ठी के माध्यम से वसई-विरार शहर मनपा का ध्यान वसई (पूर्व) में पानी कटौती से होनेवाली परेशानी की तरफ दिलाना चाहता हूँ। यहां पूर्व के कई इलाकों में पिछले कई दिनों से पानी कटौती से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वसई पूर्व के चिंचोटि, कोल्हि, देवदल, सागपाड़ा , गिदराई , गोखिवरे आदि इलाकों में पानी कटौती से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। इससे लोगों के बजट पर असर पड़ रहा है और उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अतः मनपा प्रशासन से विनती है कि उक्त इलाकों में नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

■ **संजय पांडेय,** वसई (पूर्व)

घर में मनी प्लांट लगाने के हैं 7 नुकसान

मनी प्लांट को अधिकतर लोग घर में इसलिए लगाते हैं क्योंकि यह मान्यता है कि यह धन को आकर्षित करता है। मनी प्लांट को अधिक पानी देने से इसकी जड़ें गल जाती है और इसमें फंगस लग जाता है। हालांकि घर में मनी प्लांट लगाने के नुकसान भी कई है जिनमें से जानिए 7 प्रमुख नुकसान।

1. फंगल इंफेक्शन : मनी प्लांट में जब फंगस लग जाता है तो इससे फंगल रोगों और पौधों के कीटों जैसे एफिड्स, माइलबग्स और स्पाइडर माइट्स से संक्रमित होने का खतरा बढ़ जता है जो कि सेहत के लिए खतरनाक है।

2. पालतू जानवर : मनी प्लांट से घर के पालतू जानवरों की सेहत को नुकसान होता है क्योंकि इसमें कैल्शियम ऑक्सालेट क्रिस्टल होते हैं। बच्चों को भी यह नुकसान पहुंचा सकता है।

3. उलझा हुआ मनी प्लांट: मनी प्लांट की देखरेख करना जरूरी है। समय समय पर इसकी बेल को दिशा दिखाने और फैलाने की जरूरत होती है नहीं तो यह एक दूसरे में उलझकर घुंघराली हो जाती है और नीचे की ओर झुकने लगती है।

4. उचित दिशा का हो चयन : वास्तु शास्त्र के अनुसार यह पौधा घर में उचित दिशा में नहीं लगाया गया है तो आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। मनीप्लांट को कभी भी ईशान यानी उत्तर-पूर्व दिशा में नहीं लगाना चाहिए। यह शुक्र का पौधा है। यह दिशा इसके लिए सबसे नकारात्मक मानी गई है, क्योंकि ईशान दिशा का प्रतिनिधि देवगुरु बृहस्पति माना गया है और शुक्र तथा बृहस्पति में शत्रुवत संबंध होता है।

5. नसों पर डालता असर : यह भी मान्यता भी प्रचलित है कि मनी प्लांट हमारी नसों पर प्रभाव डालता है। यदि यह उचित रूप से ऊपर की दिशा में विकसित हो रहा है तो अच्छा है अन्यथा नुकसानदायक है।

6. उचित पौधे रखें उसके पास : कहते हैं कि मनी प्लांट शुक्र का पौधा है इसलिए उसके पास शुक्र के शत्रु ग्रहों का पौधा नहीं लगाना चाहिए। जैसे मंगल, चंद्र और सूर्य का पौधा।

7. दूसरों का ना दें यह पौधा : कहते हैं कि कोई व्यक्ति यदि अपने घर का मनी प्लांट किसी दूसरे को उगाने के लिए दे देते हैं तो उसके घर की लक्ष्मी या बरकत चली जाती है।

आपका राशिफल 28 मार्च

मेष — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-7-8-9

वृषभ — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

मिथुन — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-7-9

कर्क — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। शुभांक-4-8-9

सिंह — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-6-8

कन्या — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-2-7-8

धनु — आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

मकर — 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

कुंभ — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

मीन — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। शुभांक-1-5-9

यह दैनिक **श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स** के लिए **मुद्रक-प्रकाशक** श्री. प्रविण मुरलीधर शिंगोटे ने श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स, प्लाट नं. 7 इंडस्ट्रियल इस्टेट, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग, लालबाग, मुंबई - 400012 और प्लाट नं. डी- 222/1/बी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, एमआइडीसी, शिरवने, डी. वाई. पाटील स्टेडियम के सामने, मुंबई-पुणे हाइवे, नेरुल (पूर्व), नई मुंबई, थाने - 400706 में मुद्रित कर 215, दूसरा माला, नारायण उद्योग भवन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, पुराने पोस्ट ऑफिस के पास, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग, लालबाग, मुंबई - 400012 में प्रकाशित किया। **संस्थापक : स्व. मुरलीधर अनंता शिंगोटे, संपादक : श्री. प्रविण मुरलीधर शिंगोटे, कार्यकारी संपादक : श्रीनारायण तिवारी*** (*पी.आर.बी. अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी।) ■ इस अंक में प्रकाशित हुई खबरों व लेखों में व्यक्त मतों से संपादक / संचालक सहमत ही होंगे ऐसा नहीं। R. N. I. No. 64822/96 ■ दूरध्वनी : (022) 27618843 ■ E-mail- yashobhumi@gmail.com ■ **मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे, नाशिक और अहमदनगर से एक साथ प्रकाशित**

संक्षिप्त समाचार

कॉनकॉर्ड ने जमीन का किया अधिग्रहण

नयी दिल्ली। भाषा, रियल एस्टेट कंपनी कॉनकॉर्ड ने 400 करोड़ रुपये की कुल राजस्व क्षमता वाली एक आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए बेंगलुरु में 100 करोड़ रुपये में 4.5 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि यह जमीन उत्तरी बेंगलुरु के थानिसंड्रा में स्थित है। उसकी योजना इस भूमि खंड पर करीब 400 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता के साथ एक आवासीय परियोजना विकसित करने की है। कॉनकॉर्ड के प्रबंध निदेशक अनिल आर. जी. ने कहा, ' यह परियोजना बेंगलुरु में हमारी पहुंच का विस्तार करने की योजना का हिस्सा है।'

अडाणी ग्रीन का सौर संयंत्र शुरू

नयी दिल्ली। भाषा, अडाणी ग्रीन एनर्जी ने राजस्थान के जैसलमेर के देवीकोट में 180 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू करने की बुधवार को जानकारी दी। बयान के अनुसार, संयंत्र का भारत की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई), अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के साथ 25 साल का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) है। इस संयंत्र की सफल शुरुआती के साथ एजीईएल का परिचालन सौर खंड बढ़कर 6,243 मेगावाट हो गया है। कुल परिचालन नवीकरणीय उत्पादन क्षमता 9,784 मेगावाट हो गई है, जो भारत में सबसे अधिक है।

इंट्रेपिड ट्रैवल की भारत में विस्तार की योजनाएं

नयी दिल्ली। भाषा, यात्रा कंपनी इंट्रेपिड ट्रैवल ने भारत में विस्तार की योजनाएं तैयार की हैं। इसका लक्ष्य 2030 तक देश में 30,000 ग्राहकों को जोड़ना है। इंट्रेपिड ट्रैवल के सह-संस्थापक एवं चेयरमैन डेरेल वेड ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में नए क्षेत्रों में प्रवेश करने की कंपनी की योजना को साझा किया और इसे अपने व्यवसाय का 'स्वाभाविक विस्तार' बताया। उन्होंने कहा, ' हमारा लक्ष्य 2030 तक भारत में 30,000 ग्राहकों को जोड़ना है। यह एक साहसिक महत्वाकांक्षा है, जिससे ग्राहकों की संख्या में करीब 350 प्रतिशत का इजाफा होगा।'

आरईसी ने उधारी सीमा को मंजूरी दी

नयी दिल्ली। भाषा, सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लि. के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,60,000 करोड़ रुपये की उधारी सीमा तय की है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आरईसी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की आज हुई बैठक में 1.6 लाख करोड़ रुपये की कर्ज सीमा को मंजूरी दी गयी है। इसमें 1.45 लाख करोड़ रुपये बॉन्ड से जबकि अल्पकालीन कर्ज 5,000 करोड़ रुपये का होगा। इसके अलावा, 10,000 करोड़ रुपये वाणिज्यिक पत्रों के जरिये जुटाये जाएंगे।

एसएलएमजी के मैन्ड्रेया सीईओ नियुक्त

नयी दिल्ली। भाषा, पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी कोका-कोला की भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया में सबसे बड़ी 'बॉटलर' एसएलएमजी ग्रुप ने अपने कोका-कोला परिचालन के लिए कॉस्टिन मैन्ड्रेया को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि मैन्ड्रेया ने पश्चिमी और मध्य यूरोप, रूस और जापान में कोका-कोला 'बॉटलिंग' व्यवस्था में प्रमुख पदों पर काम किया है। मैन्ड्रेया को पेय पदार्थ उद्योग में काम करने का 25 साल से ज्यादा का अनुभव है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक में लिवाली से सेंसेक्स चढ़ा

मुंबई। भाषा

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 526 अंक की बढ़त में रहा। मुख्य रूप से सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में भारी लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 526.01 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,996.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 668.43 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 118.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,123.65 अंक पर बंद हुआ।

526 अंक की बढ़त

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे ज्यादा 3.50 प्रतिशत की बढ़त रही। सेंसेक्स में जो तेजी आई, उसमें बड़ा योगदान इसी का रहा। इसके अलावा मारुति,

बजाज फाइनेंस, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और टाटा मोटर्स शामिल हैं। सेंसेक्स मंगलवार को 361.64 अंक नुकसान में रहा था, जबकि एनएसई निफ्टी 92.05 अंक टूटा था।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख था। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में मंगलवार को गिरावट रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को शुद्ध खरीदार रहे। उन्होंने 10.13 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85.42 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

पल्लवी श्रॉफ का एशियन पेंट्स की दूसरे कार्यकाल से इनकार

नयी दिल्ली। भाषा

प्रमुख विधि कंपनी शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी की प्रबंधकीय भागीदार पल्लवी श्रॉफ ने एशियन पेंट्स की स्वतंत्र निदेशक के तौर पर दूसरा कार्यकाल लेने से मना कर दिया है। उन्होंने यह फैसला एक प्रॉक्सी कंपनी द्वारा इस संबंध में चिंता जताए जाने के बीच लिया है। श्रॉफ ने एशियन पेंट्स के निदेशक मंडल को बता दिया है कि वह 'कंपनी में स्वतंत्र निदेशक के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि उनकी फर्म ने कई नई परियोजनाएं अपने हाथ में ली हैं।' अग्रणी पेंट निर्माता कंपनी ने हाल ही में शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा था कि श्रॉफ ने स्वतंत्र निदेशक पद का दूसरा कार्यकाल नहीं लेने के लिए इसके अलावा कोई अन्य वजह नहीं बताई है। इससे पहले, एशियन पेंट्स के निदेशक मंडल ने एक अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2026 तक दो साल के दूसरे कार्यकाल के लिए स्वतंत्र निदेशक के रूप में पल्लवी श्रॉफ की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी थी। कंपनी ने श्रॉफ की दोबारा नियुक्ति के उद्देश्य से अपने शेयरधारकों से मंजूरी लेने के लिए 17 जनवरी, 2024 को एक पोस्टल बैलेट नोटिस भी जारी किया। ई-वोटिंग 28 फरवरी को शुरू हो चुकी थी और 28 मार्च को समाप्त होने वाली थी।



हालांकि, इसमें कहा गया कि एशियन पेंट्स के बोर्ड ने पोस्टल बैलेट प्रक्रिया की उक्त सूचना को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का निर्णय लिया है। इससे पहले एक प्रॉक्सी सलाहकार कंपनी इनगवर्न ने चिंता जताते हुए कहा था कि 'शेयरधारक उनकी पुनर्नियुक्ति के खिलाफ मतदान करें।' इस बारे में श्रॉफ से ई-मेल के जरिये पूछा गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली थी।

1,023 करोड़ रुपए का कर्ज निपटान

नयी दिल्ली। भाषा

रिलायंस पावर की दो अनुषंगी कंपनियों ने ऑथम इन्वेस्टमेंट की शाखा रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस के साथ 1,023 करोड़ रुपये के कर्ज का निपटान किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि रिलायंस पावर लिमिटेड की दो अनुषंगी कंपनियों कलाई पावर प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस क्लीनजेन लिमिटेड ने ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के साथ एक ऋण निपटान और मुक्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बताया कि 1,023 करोड़ रुपये के कर्ज का निपटान किया है। रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस के साथ ऋण समझौता रिलायंस पावर द्वारा महाराष्ट्र में अपनी 45 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना को जेएसडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी को 132 करोड़ रुपये में बेचने की घोषणा के कुछ दिन बाद आया है। कलाई पावर ने दिसंबर 2023 में अरुणाचल प्रदेश में अपनी प्रस्तावित 1,200 मेगावाट की जल-विद्युत परियोजना के विकास अधिकार टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को 128 करोड़ रुपये में बेच दिए थे।

रिलायंस पावर का लक्ष्य 31 मार्च 2024 के अंत तक एकल आधार पर एक ऋण-मुक्त कंपनी बनने का है। वित्त वर्ष 2023 के अंत में कंपनी पर करीब 700 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया था।

एमपीसी बैठकों का कार्यक्रम जारी

मुंबई।भाषा

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को नये वित्त वर्ष (2024-25) के लिए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो महीने पर होने वाली बैठकों के कार्यक्रम की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पहली बैठक तीन से पांच अप्रैल को होगी। अगली बैठक पांच जून को शुरू होगी जबकि मौद्रिक समीक्षा की घोषणा सात जून को होगी। आमतौर पर, छह सदस्यीय समिति के सदस्य बैठक के तीसरे दिन एक प्रस्ताव पर मतदान करते हैं और आरबीआई गवर्नर मतदान पूरा होने के बाद बैठक के नतीजों की घोषणा करते हैं।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने एचपीसीएल के साथ किया गठजोड़

नयी दिल्ली। भाषा

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने इस साल के अंत तक देशभर में 5,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ गठजोड़ किया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने बुधवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाये जाएंगे। ये स्टेशन उन स्थानों पर लगाये जाएंगे जहां 1.2 लाख से अधिक टाटा इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिक प्रायः आते हैं। दोनों संस्थाओं ने इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। कंपनियां सह-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से एक सुविधाजनक भुगतान प्रणाली शुरू करने की संभावना भी टटोल रही हैं। एचपीसीएल के पास 21,500 से अधिक पेट्रोल पंप का नेटवर्क है। कंपनी का दिसंबर, 2024 तक 5,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजी राजन ने कहा, 'एचपीसीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी भारत के ईवी परिवेश को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

5,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य

कुछ वित्तीय कंपनियों की जांच कर रहा है प्रतिस्पर्धा आयोग

नयी दिल्ली। भाषा

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा है कि सीसीआई कुछ वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाइयों के खिलाफ जांच कर रहा है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के उनके तरीके प्रतिस्पर्धा को प्रभावित तो नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नियामक प्रतिस्पर्धी डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। आयोग विभिन्न संशोधित नियमों, डिजिटल बाजार में प्रतिस्पर्धा-रोधी गतिविधियों के खिलाफ व्यवस्था के साथ अनुचित व्यापार के तौर-तरीकों पर अंकुश लगाने के अपने प्रयासों को मजबूत कर रहा है। प्रतिस्पर्धा आयोग की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर विभिन्न इकाइयों के बीच जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान 'विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने' पर है। उन्होंने कहा नियामक का ध्यान बड़ी तकनीकी कंपनियों के साथ-साथ वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और ऑनलाइन मध्यस्थ सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर है। कौर ने कहा, 'सीसीआई फिनटेक क्षेत्र की कुछ इकाइयों की जांच कर रहा है। हम देख रहे हैं कि फिनटेक कंपनियां कैसे प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही हैं और क्या इसके जरिये वे बाजार में प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर रही हैं? मामले में जांच जारी है।' इस बारे में और जानकारी दिये बिना, उन्होंने यह भी कहा कि नियामक फिल्म उद्योग खासकर फिल्म वितरकों से संबंधित कुछ मामलों को देख रहा है। कौर के अनुसार, बाजार खराब करने की गतिविधियों को दूर कर और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे कुल मिलाकर नवोन्मेष और समग्र आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। उन्होंने कहा, 'यह सब विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने को लेकर है।

लाभ उठाने के तरीकों की जांच

सोना मजबूत चांदी में गिरावट

नयी दिल्ली। भाषा

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी की कीमत 250 रुपये की गिरावट के साथ 77,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

जैक्सन ने पावरनसन के साथ की साझेदारी

नयी दिल्ली। भाषा

ऊर्जा एवं बुनियादी ढांचा कंपनी जैक्सन समूह ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश और पूरे महाराष्ट्र में सौर उत्पादों की विशेष वितरण के लिए दुबई स्थित पावरनसन के साथ रणनीतिक साझेदारी की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी के एक बयान के अनुसार, जैक्सन समूह नोएडा में अपनी सुविधा में उत्पादों का निर्माण करेगा। इस सहयोग का मकसद जैक्सन के वितरण नेटवर्क को मजबूत करना है, जिससे क्षेत्रों तथा उससे आगे के लिए एक स्थायी ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ा जा सके। जैक्सन सोलर मॉड्यूल्स एंड प्रोडक्ट्स बिजनेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुराग गर्ग ने कहा, '1.2 गीगावॉट की हमारी बढ़ी हुई विनिर्माण क्षमता के साथ और अयोध्या हवाई अड्डे पर सौर छत जैसी प्रमुख परियोजनाओं को विकसित करके और इसके बाद राज्य में 40 मेगावाट के बिजली संयंत्र के साथ हम सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहे हैं।' यह साझेदारी सौर ऊर्जा समाधानों को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए दोनों संगठनों के पारस्परिक लक्ष्यों के अनुरूप है। जैक्सन ग्रुप की स्थापना 1947 में हुई थी। समूह डीजल जनरेटर विनिर्माण में विशेषज्ञता से एक बहुआयामी ऊर्जा समाधान प्रदाता बन गया है।

दाते एनआईए के महानिदेशक नियुक्त

पृष्ठ 1 का शेष... 2026 को उनकी सेवानिवृत्ति तक रहेगा। यह आदेश 26 मार्च को जारी किया गया है। वह दिनकर गुप्ता का स्थान लेंगे, जो 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। एसीसी ने राजस्थान कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार शर्मा को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का महानिदेशक नियुक्त किया है। आदेश में कहा गया है कि उनका कार्यकाल 30 जून 2026 को उनकी सेवानिवृत्ति तक रहेगा। शर्मा, बालाजी श्रीवास्तव का स्थान लेंगे, जिनका मार्च के अंत में कार्यकाल पूरा हो जाएगा। पीयूष आनंद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के नए प्रमुख होंगे। उत्तर प्रदेश कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी आनंद वर्तमान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विशेष महानिदेशक हैं। आदेश में कहा गया है कि उन्हें दो साल की अवधि के लिए एनडीआरएफ का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। आनंद 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे अतुल करवाल का स्थान लेंगे। एसीसी ने केरल कैडर के 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी एस सुरेश को विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) में अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

देश के शीर्ष सात शहरों में जनवरी - मार्च में आवासीय बिक्री 14% बढ़ी

नयी दिल्ली। भाषा

इस वर्ष जनवरी से मार्च के दौरान सात प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी है।

एनारॉक के अनुसार मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद में आवासीय संपत्तियों की बिक्री बढ़ी, हालांकि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई और कोलकाता में गिरावट आई। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने देश के शीर्ष सात आवासीय बाजारों में बिक्री से जुड़े आंकड़े बुधवार को जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, शीर्ष सात शहरों में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में आवासीय बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 1,30,170 इकाई हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 1,13,775 इकाई थी। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, ' 1.5 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले महंगे मकानों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इस तिमाही में पिछले दशक में अभी तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई है।' जनवरी-मार्च के दौरान एमएमआर में आवासीय बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 42,920 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 34,690 इकाई थी। पुणे में आवासीय बिक्री 19,920 इकाइयों से 15 प्रतिशत बढ़कर 22,990 इकाई हो गई।

महा विकास आघाड़ी से अलग हुए प्रकाश आंबेडकर

पृष्ठ 1 का शेष... राजनीति के प्रचार के लिए वीबीए का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं जिसका हमने विरोध करने की कोशिश की है।' वीबीए ने भंडारा गोंदिया से संजय केवट, गढ़चिरौली से हितेश मडावी, चंद्रपुर से राजेश बेले, बुलढाणा से वसंत मागर, वर्धा से राजेंद्र सालुंखे, अमरावती से प्राक्जक्ता पिल्लेवार और यवतमाल-वाशिम से खेमसिंह पवार को मैदान में उतारा है। कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने इनमें से अधिकतर सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

जब्त धन को जनता को लौटाना मेरा उद्देश्य : मोदी

पृष्ठ 1 का शेष... अनुमान है कि राज्य में नौकरी पाने के लिए रिश्वत के रूप में दी गई राशि करीब 3,000 करोड़ रुपये है। मोदी ने रॉय से कहा कि वह लोगों को इसके बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि सत्ता में वापस आने के तुरंत बाद वह ऐसा रास्ता निकालेंगे ताकि लोगों के पैसे वापस मिलें। प्रधानमंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ने पर कानूनी विकल्प भी तलाशा जाएगा। मोदी ने भ्रष्टाचार के एक मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें समर्थन देने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जिन लोगों ने आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ शिकायत की थी, उन्होंने अब अपना रुख बदल लिया है। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'यह दिखाता है कि उनकी प्राथमिकता देश नहीं बल्कि सत्ता है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा नीत गठबंधन युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए, भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए लड़ रहा है जबकि सभी भ्रष्ट एक दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं।

रॉय 18वीं सदी के स्थानीय राजा कृष्णचंद्र रॉय के परिवार से हैं। मोदी ने उन लोगों पर पलटवार भी किया जिन्होंने भाजपा द्वारा उन्हें (रॉय को) उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद कथित तौर पर अंग्रेजों का समर्थन करने के लिए इस राजघराने पर निशाना साधा। रॉय ने मोदी से कहा कि उनके परिवार को 'देशद्रोही' कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृष्णचंद्र रॉय लोगों के लिए काम करते थे और उन्होंने 'सनातन धर्म' को बचाने के लिए अन्य राजाओं से हाथ मिलाया था। इस पर मोदी ने रॉय से कहा कि वह ऐसे आरोपों से कतई परेशान ना हों।

एम्प्लॉयबिलिटी डॉट लाइफ ने की फेडरेशन यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। भाषा

एम्प्लॉयबिलिटी डॉट लाइफ ने 'फ्यूचर ऑफ वर्क सेंटर प्रोग्राम' के लिए ऑस्ट्रेलिया की फेडरेशन यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी की है। इस पहल के लिए सात भारतीय विश्वविद्यालयों का चयन किया गया है।

एम्प्लॉयबिलिटी डॉट लाइफ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। ये केंद्र चंडीगढ़, बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें स्नातक कर रहे विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता निखारने के लिए वैश्विक कॉर्पोरेट मांगों के अनुरूप कौशल-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय; लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी (पंजाब), एमजीएम इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट (मुंबई), भगिनी निवेदिता विश्वविद्यालय (कोलकाता), गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी (बैंगलोर), नरगुंड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (बैंगलोर) और मलनाड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (हसन) चयनित किए गए छह विश्वविद्यालय हैं।

संक्षिप्त समाचार

योगी आज प्रबुद्ध सम्मेलनों को करेंगे संबोधित

लखनऊ। प्रतिनिधि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार 28 मार्च को मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:35 बजे लाल जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जबकि दोपहर 02:00 बजे स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल, कैराना रोड, शामली और सायं 04:00 बजे जन मंच प्रेक्ष्यागृह, सहारनपुर में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

पत्रकार ज्ञानेन्द्र शर्मा के निधन पर शोक

लखनऊ। प्रतिनिधि वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र शर्मा के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कई पत्रकारों व नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेन्द्र शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पूर्व सूचना आयुक्त तथा वरिष्ठ पत्रकार शर्मा 80 वर्ष के थे।

पत्नी की हत्या में फरार शराबी पति गिरफ्तार

लखनऊ। एजेंसी राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों बेल्ट से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या करने वाले पति को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने बताया कि सहुदल्ला खेड़ा में रहने वाला सुरेश मजदूरी कर पत्नी चंद्रावती और बच्चों शिवा (13) सुशांत (09), आयुष (05) और बेटी कविता का जीवन यापन करता है, लेकिन वह शराब का लती है और आए दिन नशे की हालत में घर आता था। घर में पत्नी से झगड़ा करता। बेवजह उसे मारता-पीटता था। सोमवार की आधी रात को वह नशे की हालत में घर पहुंचा तो पत्नी से झगड़ा हो गया। उसने पत्नी को बेल्ट से पीट दिया, जिससे उसने दम तोड़ दिया।

किसान ने फांसी लगाकर दी जान

महोबा। एजेंसी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल खराब होने से आहत किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। खरेला थाना क्षेत्र के गांव पहरेता निवासी किसान बृजराज सिंह (42) ने घर पर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पत्नी अर्चना का रो-रोकर हाल बेहाल है। किसान के भाई पुष्पेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि बृजराज सिंह खेती किसानी करके पत्नी और दो बच्चों का भरण पोषण करते थे। कुछ दिन पहले हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण उनकी सारी फसल बर्बाद हो गई थी।

पत्नी से विवाद के बाद पति ने फांसी लगाई

जालौन। एजेंसी कालपी कोतवाली क्षेत्र स्थित एक गांव में बुधवार को पत्नी से झगड़ने के बाद पति ने फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही है। ग्राम किरतपुर के किसान सुनील बाबूपाल (28) का अपनी पत्नी शिवकांति से घरेलू मामलों को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके कुछ देर बाद सुनील खेत पर गया और फांसी लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई अनिल पाल ने बताया कि अक्सर सुनील का पत्नी से झगड़ा होता था, जिसे लेकर वह तनाव में रहता था। इसी के चलते उसने यह कदम उठाया है।

'फैमिली फर्स्ट' और 'नेशन फर्स्ट' के बीच योगी आदित्यनाथ

मथुरा/मेरठ । भाषा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी लोकसभा चुनाव को 'फैमिली फर्स्ट' की बात करने वाले विपक्ष और 'नेशन फर्स्ट' की बात करने वाले सत्तापक्ष के बीच का मुकाबला करार देते हुए बुधवार को दावा किया कि विपक्ष भ्रष्टाचार का पक्षधर है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले में 'कतई बर्दाश्त नहीं' के पक्षधर हैं। मुख्यमंत्री ने मथुरा में आयोजित 'प्रबुद्ध सम्मेलन' को संबोधित करते हुए विपक्ष पर हमला किया और कहा, ' एक पक्ष (विपक्ष) के लिए परिवार पहले है तो मोदी जी के नेतृत्व में जो पक्ष है उसके लिए राष्ट्र पहले है। परिवार पहले मानने वाला पक्ष अपने कृत्य से माफिया राज को प्रश्रय देता है जबकि मोदी जी का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करने का काम करता है।' उन्होंने कहा, 'माफिया राज को प्रश्रय देने वाला एक पक्ष भ्रष्टाचार का पक्षधर है और मोदी जी का पक्ष कतई बर्दाश्त नहीं का है । एक पक्ष तुष्टीकरण के नाम पर व्यक्ति, जाति, मत और मजहब के आधार पर समाज को बांटना चाहता है, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व वाला पक्ष सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर एक तबके को देने का पक्षधर है।' उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है लेकिन, विपक्ष ने हमेशा जातिवाद को प्राथमिकता दी

मोदी के इस कार्यकाल में शक्ति के रूप में उभरेगा भारत

देहरादून। एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनता लोकतंत्र के त्योहार को मनाने के लिए तैयार है। चार जून को हम सब मिलकर जीत की दीपावली मनाएंगे। उन्होंने कहा कि निश्चित ही जनता के आशीर्वाद से अजय भट्ट दूसरी बार सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को गांधी मैदान रुद्रपुर में नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट के पक्ष में आयोजित जनसभा में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में और अधिक बड़े फैसले होने वाले हैं। विकसित भारत का संकल्प तेजी से आगे बढ़ेगा। भारत और बड़ी वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उन्होंने उत्तराखंड की संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम किया है। रोड, रेल, हवाई सेवा का विस्तार हुआ है। लंबे समय से लंबित जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय स्वीकृति प्रदान हुई है। किच्छा में एम्स का सैटेलाइट सेंटर बनने जा रहा है। एचएमटी फैक्ट्री की कई एकड़ जमीन उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरित कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अजय भट्ट के नेतृत्व में नैनीताल लोकसभा क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। धामपुर-काशीपुर रेलवे लाइन के लिए स्वीकृति मिल गई है। सड़कों का चौड़ीकरण हुआ है।

तेजी से बढ़ेगा विकसित भारत का संकल्प- पुष्कर सिंह धामी

मकान में लगी आग

गोपेश्वर। एजेंसी

चमोली जिले के नारायणबगड़ विकास खंड के सुदूर उत्तरी कडाकोट पट्टी के कोथरा गांव में बुधवार को एक मकान में आग लगने से मकान के चार कमरे तथा वहां रखा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के दौरान परिवार पड़ोसी के मकान में सो रहा था, जिससे उनकी जान बच गई। बुधवार को कोथरा में योगम्बर सिंह की मकान में अचानक आग लग गई। इस घटना से गांव में कोहराम मच गया। लोग मकान में रह रहे परिवार को बचाने के लिए आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। लेकिन जब पड़ोस के घर में सो रहे परिवार को सकुशल देखा तो लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की रात को मकान मालिक योगम्बर सिंह पुत्र कुंदन सिंह पास के गांव सुनभी गया था। जिस वजह से उनकी पत्नी मंजू देवी अपने दो बच्चों के साथ पड़ोसी के घर सोने चली गई थी। इस कारण उनकी जान बच गई।

सामान जलकर खाक

मुरादाबाद : सपा में मचा 'महासंग्राम'

मुरादाबाद । प्रतिनिधि

अखिलेश यादव और आजम खान की आपसी लड़ाई अब सतह पर आ गई है। आजम खान चाहते थे कि अखिलेश रामपुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ें। मुरादाबाद सीट पर भी वह एसटी हसन की जगह अपने समर्थक उम्मीदवार को चुनाव लड़ाना चाहते थे, जिसपर अखिलेश को झुकना पड़ा है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और आजम खान के बीच ठन गई है। आजम खान की तरफ से एक चिट्ठी भी आई जिसके बाद सियासी गर्मी बढ़ गइ। बात यहां तक पहुंच गई कि सपा को मुरादाबाद सीट पर उम्मीदवार बदलना पड़ा। यहां एसटी हसन ने अपना नामांकन भी दाखिल कर लिया था लेकिन उनकी जगह आजम खेमे से रुचि वीरा को उम्मीदवार बनाया गया है। मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एसटी हसन को अपने नामांकन के बाद अपनी उम्मीदवारी वापस लेनी पड़ी है। आजम खान ने अखिलेश पर मुरादाबाद से एसटी हसन को हटाकर रुचि वीरा को टिकट देने का दबाव बनाया था। अखिलेश यादव ज्यादा देर तक आजम खान का दबाव नहीं झेल पाए। मंगलवार रात होते-होते उन्होंने एसटी हसन का टिकट काट दिया। आजम खान की चहेती पूर्व विधायक रुचि वीरा को मुरादाबाद से लोकसभा का टिकट दे दिया। आजम खान ने सीतापुर जेल में बैठे-बैठे यह दिखा दिया कि बेशक वह कमजोर हो गए हों लेकिन सियासी तौर पर वह टूटने वाले नहीं हैं। पहले अखिलेश को जेल में बुलाकर और फिर मुरादाबाद के सांसद एसटी हसन का नामांकन के बाद टिकट कटवा कर आजम ने अपनी ताकत का एहसास करा दिया। हालांकि, आजम खान के इस फैसले का विरोध मुरादाबाद में शुरू हो गया और एसटी हसन के टिकट काटे जाने के बाद समाजवादी पार्टी का एक तबका आजम खान के विरोध में भी उतर आया है।

आजम के सामने बैकफुट पर क्यों आए अखिलेश

पंजाब से पिस्टल लेकर ससुराल आए व्यक्ति ने झोंका फायर

हरिद्वार। एजेंसी

पंजाब से ज्वालापुर अपनी ससुराल आए व्यक्ति ने रात को सड़क पर उतर कर पिस्टल से फायर झोंक दिया। पुलिस के चेतक सिपाहियों ने आरोपित को मौके से धर दबोचा। आरोपित की लाइसेंसी पिस्टल जब्त कर पुलिस ने उसका चालान काटा है। बीती रात पुलिस की रात्रि गश्त टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ज्वालापुर के धीरवाली क्षेत्र स्थित बैरियर नंबर 5 के पास अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायर कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को मौके से धर दबोचा और थाने ले आईं। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पंजाब का रहने वाला है और ज्वालापुर अपनी ससुराल आया हुआ था। जहां वह किसी बात पर गुस्से में आकर उसने फायर कर दिया। आरोपी की पहचान जगजीत सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी तरण पंजाब के रूप में हुई। आरोपित के पास से पिस्टल बरामद कर उसका आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया गया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस सभी लाइसेंसी हथियारों को जमा करवा रही है।

आरोपी की पहचान जगजीत सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी तरण पंजाब के रूप में हुई

लोहिया अस्पताल में खाद्य पदार्थ का वितरण

लखनऊ। प्रतिनिधि

लोहिया अस्पताल में मरीजों के परिजनों को चाय-बिस्किट के साथ सेब, संतरे व गुजिया का वितरण किया गया। प्रतिदिन शाम को मरीजों के परिजनों को चाय बिस्किट उपलब्ध कराने वाले डॉ. विजेंद्र सिंह राणा ने बताया की अमित मेहरोत्रा भैया के जन्मदिवस के अवसर पर चाय सेवा में चाय-बिस्किट के साथ सेब, संतरे, गुजिया का भी वितरण किया गया। भारतीय जनता पार्टी के तेज तर्रार युवा नेता व शिक्षाविद् डॉ. विजेंद्र सिंह राणा को लोहिया अस्पताल में मरीजों के तीमारदार चाय वाले भैया के रूप में जानते हैं। प्रतिदिन शाम होते ही डॉ. राणा अपने सहयोगी के साथ चाय का कई कंटेनर व बिस्कुट की कई बड़ी पेटी लेकर लोहिया संस्थान आ जाते हैं व सभी रेन बसेरा में जाकर मरीजों के तीमारदारों को बिस्कुट के साथ गरमा-गरम चाय पिलाते हैं। डॉ. राणा बताते हैं कि पिछले 3 महीने से यह सिलसिला लगातार जारी है। शाम होते ही मरीजों के तीमारदार डॉ. राणा की प्रतीक्षा करने लगते हैं। डॉ. राणा लोहिया संस्थान में प्रवेश करते ही सुरक्षा गाड्र्स से लेकर के मरीजों के तीमारदारों को बिस्कुट के साथ चाय उपलब्ध कराते हैं। लोहिया संस्थान में करीब आधा दर्जन रेन बसेरा बने हैं। सभी रेन बसेरा में जाकर वह बुला-बुलाकर चाय पिलाते हैं। किसी को दो चाय के साथ दो बिस्कुट के पैकेट चाहिए तो भी वह खुशी-खुशी उन्हें देते हैं। सहारनपुर के रहने वाले डॉ. राणा का कहना है कि उनके मित्रों व शुभचिंतकों के सहयोग से यह सेवा कार्य चल रहा है। इस सेवा को और विस्तार देने के लिए वह प्रयत्नशील हैं।

मरीजों के परिजनों को दिया गया चाय-बिस्किट के साथ सेब, संतरे व गुजिया

सब्जी की आड़ में शराब की तस्करी

हरिद्वार। एजेंसी

आगामी लोकसभा निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी के चलते पुलिस ने चेकिंग के दौरान सब्जी सप्लाई की आड़ में तस्करी कर लाई जा रही बड़ी मात्रा में शराब की खेप को पकड़ा है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पकड़ी गई शराब की कीमत नौ लाख रुपये बतायी गई है। मामले को खुलासा करते हुए एसपी देहात ने बताया कि झबरेडा पुलिस चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान उत्तराखंड उत्तर प्रदेश बार्डर पर स्थित गांव खडखडी दयाला के पास से सब्जी ला रहे एक छोटा हाथी वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें सब्जी की आड़ में भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। पुलिस ने इस मामले में आरोपित राजेंद्र पुत्र खेमा सिंह निवासी ग्राम सांगा थाना राउड़ी जिला करनाल हरियाणा को 100 पेटी अंग्रेजी शराब गिरफ्तार कर लिया।

नौ लाख रुपए की शराब पकड़ी गई

स्वामी स्मरणानंद जी महाराज के निधन पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। एजेंसी

रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखते हुए मुख्यमंत्री ने इसे आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने लिखा, 'रामकृष्ण मिशन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद और आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके अनुयायियों और परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। परमपिता परमेश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और रामकृष्ण परिवार को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।' उल्लेखनीय है कि श्रीमत स्वामी स्मरणानंद 95 वर्ष के थे। वह 2017 में रामकृष्ण मिशन के 16वें अध्यक्ष बने थे। उन्हें संक्रमण के कारण 29 जनवरी को कोलकाता स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान में भर्ती कराया गया था, बाद में उन्हें सांस लेने में समस्या होने लगी। इसके बाद उन्हें तीन मार्च को वेंटिलेटर पर रखा गया था। उनका मंगलवार रात निधन हो गया। उनके निधन पर देशभर की जानी-मानी हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है।

बिजनौर में बेकाबू कार पलटी

बिजनौर। एजेंसी

बिजनौर में बुधवार की सुबह अनियंत्रित होकर कार पलट गई। हादसे में कार सवार पिता-पुत्र समेत चार लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा नजीबाबाद थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर गुनियापुर गांव के पास हुआ है। पुलिस को जांच के दौरान मिले परिचय पत्र और आधार कार्ड से मृतकों की शिनाख्त अमरोहा निवासी पुलिस विभाग में तैनात सिपाही परविंदर (35) उसका भाई रतन सिंह (32), पिता मेहर चंद और मामा 50 वर्षीय देवेंद्र के रूप में हुई। प्रभारी नजीबाबाद राजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में मिली है कि पिता मेहर की कुछ दिनों से तबीयत खराब चल रही थी। इस पर रामपुर में तैनात बेटे परविंदर के कहने पर मेहर सिंह अपने साले, बेटों के साथ बिजनौर पहुंचे। यहां से परविंदर सभी को कार में बैठाकर ऋषिकेश के लिए निकल पड़ा। कार परविंदर चल रहा था।

पिता-पुत्र समेत 4 की मौत

स्नान करने गए तीन किशोर यमुना में डूबे

फतेहपुर। एजेंसी

यमुना नदी में बुधवार को स्नान करने गये तीन किशोर डूब गये। गोताखोरों ने एक को सकुशल बचा लिया, वहीं, दो किशोरों के शव बरामद कर लिए। भतपुरवा देवलान निवासी जगरूक का बेटा इशू (15) अपनी ननिहाल देवलान आया हुआ था। बुधवार को वह अपने दोस्त विवेक (16) और विमल कुमार (24) के साथ स्नान के लिए औगासी पुल यमुना किनारे गए हुए थे। नदी में स्नान करते समय गहराई में चले गए और डूबने लगे। डूबते किशोरों की आवाज को सुनकर यमुना किनारे काम कर रहे गोताखोरों व ग्रामीणों ने उन्हें बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। इस बीच सूचना पर बच्चों के परिवार और अन्य ग्रामीण के लोग भी आ गए। विमल को बचाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। वहीं, ढाई घंटे की मेहनत के बाद अन्य दोनों किशोरों को नदी से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुहंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि आज तीन किशोर यमुना नदी में स्नान करने गये। तीनों गहरे पानी में डूब गए। गोताखोरों ने एक किशोर को बचा लिया जबकि दो लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई।

दो के शव बरामद

सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत, 8 घायल

देहरादून । एजेंसी

डोईवाला थाना के अन्तर्गत कुआंवाला क्षेत्र में बुधवार की सुबह 6 बजे स्पोर्ट्स कार अनियंत्रित होकर दूसरी ओर से आ रही दो अन्य कारों से टकरा गयी। इस दुर्घटना में दो अन्य कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी और आठ लोग घायल हो गये। इनमें से दो लोगों को मामूली चोट थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया कि डोईवाला की तरफ से आ रही ईको स्पोटर्स कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर दूसरी तरफ जा गिर गई, जो देहरादून से डोईवाला की ओर जा रही दो अन्य कारों से टकरा गई। इसमें डोईवाला की ओर जा रही कार सवारों के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि इस हादसे में स्पोर्ट्स कार में सवार सहित कुल आठ लोग घायल हो गए। इन सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सा के दौरान गौरव कन्वासी, भुवनेश्वरी देवी और पांच वर्षीय गौरी की मृत्यु हो गयी।

संक्षिप्त समाचार

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 3 घायल

पूर्वी सिंहभूम । एजेंसी पूर्वी सिंहभूम के जादूगोड़ा-गोविंदपुर मुख्य मार्ग पर कुलडीहा गांव के समीप एक अज्ञात कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बुधवार दोपहर की है। घायलों की पहचान भालूकडीह निवासी राजेश सिंह, रोहित सिंह, रोहित महतो के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस की सहयोग से घायलों के जादूगोड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया।

चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

मेदिनीनगर। भाषा पलामू जिले में होली के जश्न के दौरान एक व्यक्ति की उसके चचेरे भाई ने गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में मंगलवार की रात उनके परिवार द्वारा आयोजित की गई एक पार्टी में यह घटना हुई थी। मेदिनीनगर के उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि पार्टी के दौरान दो चचेरे भाइयों अजय चौधरी और मनोज चौधरी के बीच झगड़ा हो गया था। उन्होंने कहा कि अजय ने पहले कैंची से मनोज पर हमला किया और फिर पिस्तौल से उसपर दो गोलियां चलाईं।

होली के दौरान झड़प में नौ लोग घायल

गिरिडीह। भाषा गिरिडीह जिले में पिछले दो दिन में होली उत्सव के दौरान झड़प की छिटपुट घटनाओं में कम से कम नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बेंगाबाद, मुफस्सिल और गावां सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों से झड़प की सूचना मिली है। बेंगाबाद थाना क्षेत्र के अर्तोका गांव में सोमवार रात झड़प हो गयी, जिसमें कम से कम आठ लोग घायल हो गये। उनका गिरिडीह के सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। गिरिडीह के उपमंडल पुलिस अधिकारी विनोद रवानी ने कहा कि गांव में किसी बात को लेकर मामूली झड़प हुई।

जीजा ने की साली की हत्या

बेगूसराय। एजेंसी बेगूसराय के चकिया थाना क्षेत्र के मल्हीपुर बिंदटोली गांव में सनकी जीजा ने अपनी ही साली की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका मल्हीपुर दक्षिण पंचायत के मल्हीपुर बिंदटोली गांव निवासी स्व. सिकंदर निषाद की 25 वर्षीया पुत्री निशा कुमारी थी। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। इसी बीच घटना को अंजाम देने के बाद मृतका के बहनोई व उसके दोस्त को घर से भागते देख स्थानीय लोगों ने खदेड़कर दोनों को हथियार समेत पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। इसके बाद दोनों को चकिया थाने की पुलिस के हवाले कर दिया।

झारखंड में फिर बिगड़ेगा मौसम

रांची। एजेंसी झारखंड में एक बार फिर मौसम बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने झारखंड में दो दिन आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने 30 और 31 मार्च को झारखंड में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इन दो तारीखों पर पूरे राज्य में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने मौसम खराब रहने के दौरान लोगों को वज्रपात की घटनाओं से सचेत रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर-पूर्व असम और आसपास के क्षेत्र में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है।

बिहार: हादसों में 22 की मौत

पटना। एजेंसी

होली पर दो दिनों में हुए सड़क हादसों में उत्तर बिहार में 22 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में कई लोगों को स्थिति गंभीर है। सभी को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुजफ्फरपुर में पांच, पूर्वी चंपारण में चार, पश्चिम चंपारण में एक, समस्तीपुर में पांच, मधुबनी व दरभंगा में दो-दो और सीतामढ़ी में तीन लोगों की मौत हो गई है। अधिकतर जगहों पर बाइक से गिरने के कारण हादसे हुए हैं। सीतामढ़ी जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि 7 से अधिक लोग जख्मी हो गए। जिले के बेला में दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग जख्मी हो गए। जिले के बाजपट्टी में बाइक हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। जिले में अन्य जगहों पर हुए हादसों में पांच से अधिक लोग जख्मी हो गए। पूर्वी चंपारण जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में तुरकौलिया थाना क्षेत्र के कोरैया

40 से अधिक घायल

गांव निवासी हीरा चौधरी, कवलपुर निवासी सूरज कुमार, कोटवा थाना क्षेत्र के मधुवाहां गांव निवासी विरेंद्र पटेल उर्फ रविंद्र पटेल और बंजरिया थाना क्षेत्र के झखिया गांव निवासी मीतलाल सहनी शामिल हैं। जिले में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। पश्चिम चंपारण जिले में हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि आठ से अधिक लोग घायल हो गए हैं। जिले के बैरिया में ससुराल से घर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। नरकटियागंज में कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दंपती जख्मी हो गये। वाल्मीकिनगर में कार व बाइक की टक्कर में दो लोग जख्मी हो गए। वहीं पर साइकिल व कार की टक्कर में एक व्यक्ति जख्मी हो गया। रामनगर में भी हादसे में में तीन लोग जख्मी हो गये। समस्तीपुर जिले में होली के दौरान सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि 13 लोग जख्मी हो गये। समस्तीपुर में मोक्षधाम के पास बिजली के पोल से टकराने से एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो लोग जख्मी हो गए। विभूतिपुर में बाइक सवार मामा व भांजे की मौत हो गई। विद्यापतिनगर में वाहन ने एक साइकिल सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके अलावा मोरवा में दो, सिंघिया में तीन, समस्तीपुर, कल्याणपुर,

> मृतकों में तुरकौलिया थाना क्षेत्र के कोरैया गांव निवासी हीरा चौधरी, कवलपुर निवासी सूरज कुमार, कोटवा थाना क्षेत्र के मधुवाहां गांव निवासी विरेंद्र पटेल उर्फ रविंद्र पटेल और बंजरिया थाना क्षेत्र के झखिया गांव निवासी मीतलाल सहनी शामिल हैं।

हसनपुर व विभूतिपुर में एक-एक व्यक्ति सड़क हादसे में जख्मी हो गए। शिवाजीनगर में हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग जख्मी हो गए। मधुबनी जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच लोग घायल हो गए।

पटना से मुंबई जा रही

होली स्पेशल ट्रेन में लगी आग

पटना। एजेंसी

राजधानी पटना से मुंबई जा रही होली स्पेशल ट्रेन में मंगलवार देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया। 01410

> एसी बोगी जलकर खाक
>
> यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

दानापुर-लोकमान्य तिलक होली स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच में अचानक आग लग गई। यह हादसा आरा-बक्सर रेलखंड के कारीसाथ बिहिया स्टेशन के बीच हुआ। आग लगने से ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे की वजह से अप और डाउन दोनों लाइन पर ट्रेनों का परिचालन लगभग 5 घंटे तक प्रभावित रहा। इस कारण कई एक्सप्रेस ट्रेनों का रूट बदला गया। होली स्पेशल ट्रेन में आग लगने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि ट्रेन में यात्रियों की ज्यादा भीड़ नहीं थी, इस वजह से बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना मिलने पर थाना डीआरएम जयंत चौधरी, आरपीएफ इंस्पेक्टर सुमन कुमारी सहित कई रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे। रेलवे ने आरा-बक्सर रूट से चलने वालीं ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया। विभूति एक्सप्रेस, राजेंद्र नगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का रूट बदला गया।

> जानकारी के मुताबिक यह ट्रेन तय समय से पांच घंटे लेट चल रही थी। पूर्व मध्य रेलवे के मुताबिक दानापुर से यह ट्रेन मंगलवार रात 11 बजकर 6 मिनट पर खुली थी। इसके बाद आरा से यह 11 बजकर 58 मिनट पर रवाना हुई थी।

तेजस और राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ। हालांकि, बुधवार सुबह ट्रेनों का परिचालन सुचारू कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक यह ट्रेन तय समय से पांच घंटे लेट चल रही थी। पूर्व मध्य रेलवे के मुताबिक दानापुर से यह ट्रेन मंगलवार रात 11 बजकर 6 मिनट पर खुली थी।

राजग गठबंधन बिहार की सभी 40 लोकसभा सीट जीतेगा: दीपक प्रकाश

रांची। भाषा

बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सह-प्रभारी दीपक प्रकाश ने बुधवार को दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन

> 40 स्टार प्रचारक सूची में शामिल

(राजग) राज्य की सभी 40 लोकसभा सीट जीतेगा। भाजपा की झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश को पार्टी ने बिहार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। बिहार की 40 लोकसभा सीट पर चुनाव सात चरणों में होंगे। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होगा। स्टार प्रचारक के रूप में उनके नाम की घोषणा के तुरंत बाद राज्यसभा सदस्य प्रकाश ने कहा कि भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीट जीतेगी और जनता पूरे देश में 400 सीट का आंकड़ा पार कर नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। उन पर भरोसा जताने के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा शानदार जीत दर्ज करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने रविवार को राज्य की 17 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। इसने केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे सहित तीन मौजूदा सांसदों को इस बार टिकट नहीं दिया। भाजपा, जनता दल (यूनाइटेड) और दिवंगत राम विलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 39 सीट पर जीत दर्ज की थी।

हादसे में युवक की मौत

नवादा। एजेंसी

तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से बुधवार को एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। मौत की खबर मिलते ही परिवारवालों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार के हवाले कर दिया है। पुरा मामला जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के मेघीपुर गांव का है, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक रेहुआ गांव निवासी राजेंद्र यादव का 28 वर्षीय पुत्र सनी कुमार है। युवक होली खेल रहा था तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।

पूर्व कांग्रेसी नेता की गोली मारकर हत्या

पलामू। एजेंसी

पलामू के चैनपुर में अपराधियों ने एक पूर्व कांग्रेसी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना बुधवार दोपहर की बतायी जा रही है। मृतक की पहचान राजमोहन पोलु के रुप में हुई है। उनके साथ एक अन्य व्यक्ति का शव भी बरामद हुआ है। जिसकी अब तक पहचान नहीं हो सकी है। अपराधियों ने उनके घर के सामने ही वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू पुलिस अधीक्षक समेत, सदर एसडीपीओ मणि भूषण

पुलिस छानबीन में जुटी

प्रसाद, चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमात चौधरी, इंस्पेक्टर जीतराम महली समेत कई पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के लोगों से बातकर मामले की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि मृतक राजमोहन पोलु पूर्व में एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

नदी में डूबने से बच्चे की मौत

भागलपुर। एजेंसी

जिले के घोघा थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्नूचक में बुधवार को 11 वर्षीय बच्चा नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब गया। पन्नूचक का रहने वाला 11 वर्षीय बच्चा अंकित अपने चार-पांच साथियों के साथ गंगा नदी नहाने गया था। सभी ने मिलकर पहले तुत के पेड़ पर चढ़कर तुत खाया। उसके बाद गंगा नदी में स्नान करने लगा। इसी दौरान अंकित का पैर फिसला और वह गंगा के तेज बहाव में बह गया। ग्रामीणों जब घटना की जानकारी हुई तब ग्रामीण ने खोजबीन कर अंकित के शव को नदी से बाहर निकाला। तब तक अंकित दम तोड़ चुका था। घटना के बाद से परिजन में कोहराम मचा हुआ है।

गांजे के साथ 26 लाख का टैबलेट बरामद, पति-पत्नी गिरफ्तार

मेदिनीनगर। एजेंसी

पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कोट खास से पुलिस

> आरोपी का रहा है आपराधिक इतिहास
>
> घर से बेच रहे थे गांजा

ने चार किलो चार सौ ग्राम गांजा के साथ 26 लाख का टैबलेट बरामद किया। मौके से पति-पत्नी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी पति विष्णु सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ लेस्लीगंज थाने में दो-दो मामले दर्ज हैं। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने इसकी जानकारी दी। पलामू की एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी पति-पत्नी द्वारा अपने घर में गांजा, नशीला टैबलेट और सिरप धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। विष्णु सिंह व फुलेश्वरी देवी पति-पत्नी हैं। एसपी के निर्देश पर लेस्लीगंज एसडीपीओ के द्वारा टीम गठित कर छापेमारी की गयी।

ट्रक से कुचलकर पिता की मौत

गया। एजेंसी

गुरुआ महापुर सड़क में भरौंधा टॉवर के पास बुधवार को अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से पिता की मौत हो गई। वहीं, पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटनास्थल से ट्रक व चालक को गिरफ्तार कर थाना ले आई मिली जानकारी के अनुसार गुरुआ के देवरिया गांव के 40 वर्षीय गणेश ठाकुर अपने 16 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के साथ घर से भरौंधा डाक स्थान में पूजा करने के लिए जा रहे थे। इसी बीच भरौंधा टॉवर के पास सड़क पर महापुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक सीमेंट लोड ट्रक ने पिता व पुत्र को धक्का मार दिया।

पुत्र घायल

पत्नी ने पति को मौत के घाट उतारा

नवादा। एजेंसी

नवादा जिले में बीते 12 मार्च को युवक की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक सुनील रजक (45) रोह थाना क्षेत्र के बारा पांडेया गांव के स्व. रामधनी

> हाथ-पैर और सिर काटा
>
> सरिता देवी समेत 3 लोग गिरफ्तार

रजक का बेटा था। इस संबंध में पुलिस ने मृतक की पत्नी सरिता देवी समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पत्नी ने अपने दो प्रेमियों (सुजीत सिंह और रजनीश विश्वकर्मा) के साथ मिलकर पति की निर्मम हत्या कर

दी थी। मृतक सुनील रजक (45) रोह थाना क्षेत्र के बारा पांडेया गांव के स्व. रामधनी रजक का बेटा था। उसका सिर कटा शव 12 मार्च को बारा पांडेया गांव से करीब 500 मीटर दूर अनैला-सुंदरा मार्ग पर अनैला गांव के बधार से बरामद किया गया। उसके सिर के अलावा दोनों हाथ व पैर भी कटे थे, वे भी गायब थे। नवादा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनोज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की ओर से इस घटना को लेकर जांच के लिए टीम बनाई गई थी।

कुख्यात कैदी राजा सिंह गिरफ्तार

सरायकेला-खरसावां। एजेंसी

सरायकेला-खरसावां जिला की आरआईटी पुलिस ने रांची रिम्स स्थित कैदी वार्ड से फरार कुख्यात राजा सिंह उर्फ राजू उर्फ पगला को कुलुपटांगा स्थित मुन्ना शर्मा के ईट भट्टा के पास गिरफ्तार कर लिया

> पुलिस को चकमा देकर हुआ था फरार

है। राजा सिंह के साथ एक और बदमाश कुलूपटांगा का रहनेवाला प्रकाश गोप उर्फ छोटू गोप भी पकड़ा गया है। यह जानकारी सरायकेला पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी 24 मार्च को पुलिस कस्टडी से पुलिस को चकमा देते हुए फरार हो गया था। जिसके बाद रांची से आदित्यपुर आरआईटी थाना क्षेत्र के कुलुपतांगा स्थित मुन्ना शर्मा के ईट भट्टा के पास रवि शर्मा हत्याकांड का आरोपी रहा मुरारी सिंह की हत्या की योजना बना रहा था। पुलिस ने दोनों के पास से एक लोडेड देसी कट्टा और दो जिंदा गोली बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया की रिम्स से भागने के बाद आरोपी आरआईटी पहुंचा था, जिसके बाद एडीपीओ के नेतृत्व

में एक एसआईटी का गठन किया गया। पुलिस ने छापेमारी कर राजा सिंह एवं प्रकाश गोप को अवैध लोडेड देशी कट्टा एवं गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। राजा ने पूछताछ में बताया कि आरआईटी ट्रांसपोर्ट कॉलोनी के रहने वाले मुरारी सिंह की हत्या करने की योजना बना रहे थे।

हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

गुमला। एजेंसी

गुमला जिला अंतर्गत बसिया थाना की पुलिस ने दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें लुंगटू पंडरा टोली के लक्ष्मण सिंह व लुंगटू गांव के सुनील कुमार है। इन दोनों के पास से पिस्तौल व गोली बरामद हुआ है। बताया जाता है कि ये सभी किसी घटना को अंजाम देने जा रहे थे। तभी पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दोनों को पकड़ा। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। बसिया अनुमंडल के एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्र में चौक चौराहों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी निर्देश के आलोक में बसिया थाना में पदस्थापित गस्ती दल एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ करीब रात 10.30 बजे कुम्हारी तालाब चौक पर दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गयी।

दो परिवारों में मारपीट, 12 लोग घायल

गुमला। एजेंसी

गुमला जिले में पेट्रोल भराने के विवाद में दो परिवारों के बीच मारपीट हो गई। इस विवाद में पंचायत समिति सदस्य समेत 12 लोग घायल हो गए। मामला 26 मार्च का है। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि गुमला शहर से सटे तेलगांव में होली पर्व के दिन मंगलवार को दोपहर में दो परिवारों के बीच मामूली बात को लेकर जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट की घटना में कम से कम 12 लोग घायल हो गये।

सबजोनल कमांडर राजेश समेत 5 उग्रवादी गिरफ्तार

हजारीबाग। एजेंसी

राजधानी रांची से करीब 90 किलोमीटर दूर स्थित हजारीबाग जिले से पुलिस ने जेजेएमपी के

> टीपीसी के नाम पर लेवी मांगते थे
>
> हथियार और कारतूस बरामद हुए

5 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। इनमें एक सबजोनल कमांडर शामिल है। पुलिस ने बुधवार (27 मार्च) को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के ये उग्रवादी एक अन्य उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के नाम पर लेवी मांग रहे थे। इनके पास से हथियार और

कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इनके खिलाफ चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ जिले में 13 से अधिक मामले दर्ज हैं। हजारीबाग के एसपी ने एक विशेष टीम का गठन कर उन्हें जेजेएमपी के सबजोलन कमांडर राजेश गंझू उर्फ बंधन और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सौंपी। टीम ने राजेश गंझू समेत 5 उग्रवादियों को हथियार और कारतूस के साथ पकड़ लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई 14 मार्च 2024 को हजारीबाग जिले के बड़कागांव के बलोदर गांव में चल

> पुलिस ने बताया कि इनके खिलाफ चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ जिले में 13 से अधिक मामले दर्ज हैं।

रहे पुल और सड़क निर्माण कंपनी की साईट पर वाहनों में आगजनी और फायरिंग मामले में की है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उग्रवादी संगठन टीपीसी के धर्मवीर के नाम से इन क्षेत्रों में लेवी मांगी जा रही थी।

बिहार में बढ़ेगी गर्मी बारिश के भी आसार

पटना। एजेंसी

बिहार में मौसम लगातार बदल रहा है। कई जिलों में बारिश के चलते किसानों की फसल को काफी

> छह जिलों में बारिश का अलर्ट

नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने बुधवार को ताजा अलर्ट जारी किया है, जिसके मुताबिक बिहार के 6 जिलों में बारिश के आसार हैं। इन जिलों में किशनगंज, अररिया, भागलपुर, पूर्णिया, पटना और गया के कुछ हिस्से शामिल हैं। यहां लोगों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। मौसम विभाग ने लोगों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि

वे अलर्ट के मुताबिक सतर्क और सावधान रहें। यदि दे आप खुले में हो तो शीघ्रताशीघ्र किसी पक्के मकान की शरण लें।

दो लोगों के शव मिले

मेदिनीनगर। भाषा

झारखंड के पलामू जिले में बुधवार को दो लोगों के शव बरामद किए हैं। दोनों शवों पर गोली लगने से बने घाव मिले हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शव चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ गांव के एक घर से बरामद किए गए हैं। दोनों शवों में से एक की शिनाख्त राजमोहन पोलू (57) के रूप हुई है। वह हत्या के एक मामले में जेल में था। उन्होंने बताया कि दूसरे शव की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों पर गोली लगने के निशान मिले हैं। पुलिस अधीक्षक रेश्मा रमेसन ने घटनास्थल का दौरा किया।

कृति सेनन ने एक्टर शाहीर शेख को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

मैं 'दो पत्ती' में लोगों द्वारा आपका जादू देखने का इंतजार नहीं कर सकती।'शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित इस मिस्ट्री थ्रिलर में काजोल और तन्वी आजमी भी हैं। यह उत्तर भारत की पहाड़ियों पर आधारित एक मनोरम कहानी बताती है। 'दो पत्ती' में दिखाई देने वाली एक्ट्रेस कृति सेनन ने फिल्म में अपने को-स्टार एक्टर शाहीर शेख को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। कृति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शाहीर के साथ फिल्म के सेट से एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में दोनों सेल्फी के लिए पोज देते हुए कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो शाहीर शेख,आशा है कि इस साल आपको वह सब कुछ मिले जो आपका दिल चाहता है।

विन डीजल ने दीपिका के साथ पोस्ट की तस्वीर

विन डीजल ने इस पोस्ट में एक भाई-बहन की कहानी का भी जिक्र किया, जो कारुसो ने उन्हें भेजी थी। पिक्चर में विन डीजल एक ऑटो के बगल में खड़े होकर दीपिका को बड़े ही प्यार से ब्लेजर पहना रहे हैं। दोनों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिल रहा है। विन डीजल ने इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'जब मैं उन निर्देशकों के बारे में सोचता हूं जो एक से अधिक बार मेरे साथ काम करना चाहते हैं तो मैं हमेशा विनम्र हो जाता हूं। यह तब की तस्वीर है जब मैं भारत गया था, जैसा कि मैंने दीपिका से वादा किया था कि मैं उस समय के निर्देशक डीजे कारुसो के साथ भारत जाऊंगा... जबकि हम वर्तमान में प्रोडक्शंस के ऑर्डर के बीच जूझ रहे हैं।वर्ष 2017 में दीपिका पादुकोण ने हॉलीवुड फिल्म स्टार विन डीजल के साथ : रिटर्न टू जेंडर केज में काम किया था। यह दीपिका की पहली हॉलीवुड फिल्म थी। इसमें उन्होंने जबरदस्त एक्शन दृश्य भी किए थे। दो दिन पूर्व ही फास्ट एंड फ्यूरियस फेम हॉलीवुड एक्टर विन डीजल ने दीपिका पादुकोण और फिल्म निर्माता डीजे कारुसो के साथ अपनी एक अनदेखी फोटो शेयर की। यह तस्वीर तब की है जब वे साल 2017 में अपने भारत दौरे पर फिल्म ' : रिटर्न टू जेंडर केज' का प्रमोशन कर रहे थे। फिल्म में उनके अपोजिट दीपिका थीं और ऐसे में दोनों ने जमकर प्रचार किया था। अब ये तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। मेरी सबसे बड़ी बेटी ने वह स्क्रिप्ट पढ़ी जो डीजे ने मुझे भेजी थी, यह सोचकर कि यह पेसिफायर ब्रैकेट में आ जाएगा। वह रोई...मैंने उससे पूछा कि वह क्यों रोई और उसने कहा क्योंकि एक भाई और बहन की कहानी उसके लिए सच थी और यह भावनात्मक था।'



अदिति राव हैदरी ने कर ली गुपचुप शादी

अदिति और सिद्धार्थ ने कुछ रिश्तेदारों और दोस्तों की मौजूदगी में शादी की। शादी के लिए तमिलनाडु से पुजारियों को आमंत्रित किया गया था। अदिति और सिद्धार्थ दोनों ने अपनी परंपराओं और संस्कृति को बनाए रखने के लिए पारंपरिक तरीके से शादी करने का फैसला किया। अदिति और सिद्धार्थ दोनों के परिवार शादी में मौजूद थे और खुश थे। अदिति और सिद्धार्थ के बीच 2021 में तेलुगु फिल्म 'समुद्रम' के सेट पर अच्छी दोस्ती हो गई। दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों एक-दूसरे को डेट करने लगे। शुरुआत में दोनों ने अपने रिश्ते को गुप्त रखा लेकिन बाद में उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते का खुलासा किया। बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने कुछ दिन पहले ही अपने बॉयफ्रेंड से शादी की है। अब तापसी के बाद अदिति राव हैदरी अपने बॉयफ्रेंड और मशहूर अभिनेता सिद्धार्थ के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। यह जोड़ा आज 27 मार्च को तेलंगाना के श्रीरंगम रंगनाथम स्वामी मंदिर में एक-दूसरे के साथ शादी के बंधन में बंध गया। अदिति की यह दूसरी शादी है और उनकी पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। अदिति-सिद्धार्थ ने अभी तक शादी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। उनके फैंस उनकी शादी की तस्वीरों के लिए उत्सुक हैं।

तृप्ति डिमरी बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट के साथ पार्टी में नजर आईं

तृप्ति और सैम को कई बार एक साथ स्पॉट किया जा चुका है। साथ ही वे खास अवसर पर सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे के लिए पोस्ट शेयर करते रहते हैं। तृप्ति के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी पिछली फिल्म 'एनिमल' थी। इसके बाद तृप्ति को फैंस ने नेशनल क्रश का टाइटल दे दिया। वह अब जल्द ही विक्की कौशल के साथ 'बेड न्यूज' फिल्म में नजर आएंगी। एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने अपने कथित बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट और दोस्तों के साथ होली का त्योहार मनाया। तृप्ति और सैम की जोड़ी पार्टी में नजर आईं। वे दोस्तों के साथ फुल एन्जॉय करते दिखाई दिए। तृप्ति की दोस्त ने कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपलोड किया है। इनमें तृप्ति, सैम और अन्य दोस्तों के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इस कॉमेडी-ड्रामा को आनंद तिवारी ने डायरेक्ट किया है। इसके अलावा तृप्ति, कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' का भी हिस्सा हैं।

परवीन बॉबी का दीवाना हो गया था ऑस्ट्रेलिया का इंजीनियर

बॉब भले ही फिल्मों में लड़ाई-झगड़े करते थे लेकिन उनकी असल जिंदगी में रोमांस के रंग भी बड़े दिलचस्प थे। बॉब का भारत पहुंचने का किस्सा भी बड़ा मजेदार था। वो मस्कट के लिए ऑस्ट्रेलिया से निकले लेकिन वीजा नहीं मिला तो भारत में ही रुकना पड़ा था। एक दिन बॉब क्रिस्टो ने एक मैगजीन में फेमस एक्ट्रेस परवीन बाबी की एक तस्वीर देखी और उन्हें देखते ही रह गए। परवीन से मिलने की ख्वाहिश लिए बॉबी मुंबई पहुंचे। इसके बाद का किस्सा बेहद दिलचस्प है।90 के दशक की फिल्मों में अक्सर आपने एक अंग्रेज को विलेन का रोल करते हुए देखा होगा। फिल्म 'मर्द' से लेकर 'कालिया' और 'मिस्टर इंडिया' जैसी बड़ी फिल्मों में इन्होंने कई बड़े रोल निभाए। हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड के मशहूर विलेन बॉब क्रिस्टो की। आइए जानते हैं खतरनाक विदेशी विलेन की स्टोरी...बॉलीवुड के खतरनाक विदेशी विलेन बॉब क्रिस्टो का जन्म ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में 1938 में हुआ था। वर्ल्ड वॉर-2 में पिता के साथ जर्मनी गए। वहां दादी और बुआ ने इन्हें पाला था। बॉब कुछ समय तक थिएटर में काम करते रहे लेकिन इस फील्ड में करियर नहीं बनाया। सिविल इंजीनियरिंग में पढ़ाई करने के बाद इसी में अपना करियर बनाया।

सारा अली खान ने जाह्नवी कपूर को अपनी बेस्ट फ्रेंड मानने से किया इनकार

दरअसल, सारा का हाल ही में नेटफ्लिक्स पर एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें कॉमेडियन अनुभव बस्सी, एक्ट्रेस से कुछ सवाल करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान बस्सी पूछते हैं कि क्या सारा और जाह्नवी कपूर बेस्ट फ्रेंड्स हैं? दरअसल, सारा और जाह्नवी कई बार साथ में वेकेशन एंजॉय करते दिख हैं। दोनों एक ही जिम में जाते हैं और बॉन्ड भी अच्छा है तो सारा ने इस सवाल के जवाब में कहा, 'हम बेस्ट फ्रेंड्स नहीं हैं। लेकिन अच्छी दोस्त हैं।' सारा अली खान इन दिनों छाई हुई हैं। उनकी हाल ही में 2 फिल्में रिलीज हुई हैं मर्डर मुबारक और ऐ वतन मेरे वतन। सारा की एक्टिंग की दोनों फिल्मों में तारीफ हुई है। सारा अली खान की जाह्नवी कपूर के साथ दोस्ती काफी चर्चा में रहती है। दोनों कई बार साथ में वेकेशन पर गए हैं। इतना ही नहीं दोनों का जिम भी एक है और कई बार दोनों साथ में एक्सरसाइज भी करती दिखी हैं।

वैसलीन के फायदे और चेहरे पर लगाने का तरीका

वैसलीन का प्रयोग कई तरह से किया जाता है। जहां वैसलीन का उपयोग ज्यादातर ठंड के मौसम में फटी त्वचा और फटे होठों को ठीक करने के लिए किया जाता है, वहीं वैसलीन का उपयोग कट और खरोंच को ठीक करने के लिए भी किया जाता है। इस दौरान विशेषज्ञ डॉ। जुश्या भाटिया सरीन, जो त्वचा विशेषज्ञ हैं, ने वैसलीन लगाने के सही तरीके के बारे में जानकारी दी और वैसलीन लगाने के फायदों के बारे में भी जानकारी दी।

विशेषज्ञ डॉ। जुश्या भाटिया सारी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है और इस पोस्ट में उन्होंने चेहरे पर वैसलीन लगाने का सही तरीका और चेहरे पर वैसलीन लगाने का तरीका बताया है। वैसलीन आवश्यक खनिज तेलों और मोम के मिश्रण से बनाई जाती है। वैसलीन के इस्तेमाल से त्वचा को कई फायदे होते हैं, यह त्वचा की नमी को भी बरकरार रखता है। वैसलीन त्वचा को मॉइस्चराइज करने और उसकी मरम्मत करने में भी मदद करती है।

ऐसे करें वैसलीन का इस्तेमाल

- विशेषज्ञों का कहना है कि होठों और पलकों पर वैसलीन लगाने से पहले मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें और फिर वैसलीन लगाएं। अगर आप इस तरह वैसलीन लगाएंगे तो बाल और पलकें दोनों हाइड्रेटेड रहेंगे।
- विशेषज्ञों का कहना है कि सूखे घावों को ठीक होने में अधिक समय लगता है, इसलिए जब भी छोटे-मोटे कट, खरोंच और घाव हों तो उन पर वैसलीन लगाना चाहिए ताकि वे तेजी से ठीक हो जाएं।
- फटी एड़ियों को ठीक करने में वैसलीन भी बहुत मददगार है।
- इसके अलावा, सैंडल और जूते पहनने के कारण पैरों में हुए छालों को ठीक करने के लिए वैसलीन लगाएं।
- अगर नहाने के तुरंत बाद गीले नाखूनों पर वैसलीन लगा लिया जाए तो वे आसानी से नहीं टूटते। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि अगर किसी बच्चे को डायपर पहनाते समय आपको रैशेज हो जाएं तो हर बार डायपर बदलने के बाद वैसलीन लगाएं। ऐसा करने से जाति की समस्या नहीं रहेगी।

बालों के विकास और स्वस्थ खोपड़ी के लिए योगा, 5 व्यायाम जो स्वस्थ बालों में योगदान करते हैं

योग और आयुर्वेद में बालों और नाखूनों को मल या चयापचय अपशिष्ट उत्पाद माना जाता है, जो कंकाल प्रणाली का निर्माण करने वाली चयापचय प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, योग के साथ बालों के स्वास्थ्य के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण आपको लंबे, सुंदर बालों का आनंद लेने में मदद करेगा यदि आप इसे विटामिन सी और ओमेगा -3 फैटी एसिड के साथ मिलाते हैं।

अधो मुख संवासन (नीचे की ओर मुख किए हुए कुत्ते की मुद्रा):

यह मुद्रा खोपड़ी में रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाने में मदद करती है, जो बालों के रोमों को पोषण दे सकती है। अपने हाथों और घुटनों से शुरू करें, फिर अपने कूल्हों को ऊपर और पीछे उठाएं, अपने पैरों को सीधा करें और एक उलटा वी आकार बनाएं। कई सांसों तक रुकें, रीढ़ की हड्डी को लंबा करने और सिर और गर्दन को आराम देने पर ध्यान केंद्रित करें।

पादहस्तासन (आगे की ओर झुकना):

पादहस्तासन खोपड़ी में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है और रीढ़ और हैमस्ट्रिंग सहित शरीर के पिछले हिस्से को फैलाता है। पैरों को कूल्हे की चौड़ाई पर फैलाकर खड़े हो जाएं, सांस छोड़ें और रीढ़ की हड्डी को लंबा रखते हुए कूल्हों से आगे की ओर मोड़ें। सिर को भारी लटकने दें, गर्दन में तनाव दूर करें और खोपड़ी में रक्त संचार को बढ़ावा दें।

सर्वांगासन (कंधे पर खड़ा होना):

सर्वांगासन खोपड़ी में रक्त परिसंचरण में सुधार करता है और थायरॉयड ग्रंथि को उत्तेजित करता है, जो हार्मोन के स्तर को नियंत्रित करता है। अपनी पीठ के बल लेटें और अपने पैरों को ऊपर उठाएं, अपने हाथों से अपनी पीठ के निचले हिस्से को सहारा दें। गर्दन लंबी रखें और सर्वाइकल स्पाइन पर ज्यादा दबाव डालने से बचें।

वज्रासन (वज्र मुद्रा):

वज्रासन पाचन में सुधार और तनाव को कम करने में मदद करता है, जो अप्रत्यक्ष रूप से बालों के स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकता है। अपने नितंबों को अपनी एड़ियों पर और अपने हाथों को अपनी जाँघों पर टिकाते हुए फर्श पर घुटनों के बल बैठ जाएँ। आराम और शांति पर ध्यान केंद्रित करते हुए सीधे बैठें और गहरी सांस लें।

मत्स्यासन (मछली मुद्रा):

मत्स्यासन गर्दन और गले को फैलाता है, थायरॉयड ग्रंथि को उत्तेजित करता है और सिर में रक्त परिसंचरण में सुधार करता है। अपने पैरों को फैलाकर और हाथों को बगल में रखकर अपनी पीठ के बल लेटें। जैसे ही आप अपनी छाती को छत की ओर उठाते हैं, अपने अग्रबाहुओं और कोहनियों को फर्श पर दबाएँ। अपनी कोहनियों पर वजन रखें और गले और छाती को खोलते हुए अपने सिर को पीछे की ओर झुकाएं।

गर्मियों में जरूर करें नारियल का सेवन मिलेंगे गजब के फायदे

नारियल हर रूप में बहुत ही काम की चीज है, फिर चाहे वो उसका पानी हो, फल हो या फिर तेल हो। यही कारण है कि सभी अपने घर में नारियल का इस्तेमाल किसी न किसी रूप में जरूर करते हैं। गर्मी का मौसम आते ही नारियल पानी जरूर पीना चाहिए। आइए जानते हैं नारियल के गजब के फायदों के बारे में।

पोषक तत्वों की खान: नारियल प्रोटीन, कार्ब्स, हेल्दी फैट्स, फाइबर, मैंगनीज, कॉपर, पोटैशियम, आयरन, जिंक, सेलेनियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर है।

हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद: नारियल से बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है, और साथ ही बेली फैट भी कम होता है, जिससे हार्ट संबंधी समस्याओं का जोखिम भी कम होता है।

ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रखे: नारियल में कम मात्रा में कार्ब्स पाए जाते हैं और यह एमिनो एसिड, हेल्दी फैट और फाइबर से युक्त होता है जिससे यह ब्लड शुगर कंट्रोल करने में सहायक होता है।

हड्डियों को मजबूती दे: नारियल में मौजूद मैंगनीज और फॉस्फोरस हड्डियों के लिए बहुत अहम होता है।

पॉवरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर: इसमें पॉलीफेनोल एंटी ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इससे कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है।

एनर्जी का स्रोत: नारियल का पानी पीने से आपको फौरन एनर्जी मिलती है। इसमें मीडियम चेन ट्राईग्लिसराइड पाया जाता है जो एक तरह का सैचुरेटेड फैट है और शरीर में जाते ही तत्काल ये एनर्जी में बदल जाता है।

हाइड्रेटेड रखे: नारियल में पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट पाए जाते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड करने का काम करते हैं।

यशोभूमि वर्ग पहेली क्र. 60



बाएं से दाएं :
1. कृषक, कास्तकार
3. निर्बल, दुर्बल
6. अपमानित, जिसका अपमान हुआ हो
7. मृत्यु, मौत
8. प्रतिशोध
10. महापुरुष की कब्र
12. मकान, सदन
13. मराठी का एक अखबार
15. एक लचीला पदार्थ
17. पृथ्वी के नीचे का एक लोक
18. बलपूर्वक दबाना
20. बोझ, वजन
21. प्राण, ताकत
23. आत्मा
24. बदमाशी, उद्दंडता

ऊपर से नीचे :
1. पुस्तकागार, पुस्तकालय
2. जुकाम
3. लेखनी चलाने वाला, लेखक
4. मजाकिया, विदूषक
5. छुट्टी, सहमत
9. एक दरवाजे से दूसरे दरवाजे तक
11. गहरी चाल चलने वाला
14. सामान लाने-ले जाने वाला
16. एक विदेशी शराब
19. सुंदर दृश्य
20. बरछी
22. मादा का विलोम

कल के छोटों सुडोकू का जवाब

3	4	2	1
2	1	4	3
1	2	3	4
4	3	1	2

मध्यम सुडोकू खाने में 1 से 6 तक की संख्याएँ और 2 बाय 3 के ऐसे 6 वर्ग इस प्रकार भरिए कि ये संख्याएँ किसी भी स्तंभ की पंक्ति में दोहराई न जाएँ।

	5	2		6	4
3			5		
6		3		1	
	1		6		2
2			1	4	
	6	1			3

छोटों के लिए सुडोकू

इस 4 बाय 4 बॉक्स में नंबर दिए गए हैं। रिक्त स्थानों को भरें और इस मिनी सुडोकू पहेली को पूरा करें। बॉक्स में 1 से 4 तक की संख्याएँ और 2 बाय 2 के ऐसे चार वर्ग इस प्रकार भरें कि ये संख्याएँ किसी भी कॉलम की पंक्ति में दोहराई न जाएँ।

	2		4
4			
			1
1		2	

कल के मध्यम सुडोकू का जवाब

6	3	1	5	2	4
5	4	2	6	1	3
2	1	3	4	6	5
4	6	5	1	3	2
1	2	4	3	5	6
3	5	6	2	4	1

वर्ग पहेली क्र. 59 हल

म	हा	दे	व		प	क्षी	
हो		व	न	च	र		स
द	रा	र		ना	वा	कि	फ
य	म		रो		ह		ल
	ना	म	ज	द		मा	ता
ज	मी	न		म	का	न	
ल्ला		च	म	क		व	क्र
द	ह	ला		ल	त		म

सूडोकु नवताल- 60

★☆☆☆☆ सरल

3	9		5		1	4		
	4	2		6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
4					6	5		
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3		1	2	
		8	6		5		7	9

Jagrutidaur.com, Bangalore

▸ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 33 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल- 59 का हल

9	6	2	3	4	1	7	5	8
1	4	8	9	7	5	6	2	3
5	7	3	2	6	8	1	4	9
3	2	1	6	9	4	8	7	5
4	8	7	5	1	2	9	3	6
6	9	5	8	3	7	4	1	2
8	3	4	7	2	6	5	9	1
2	1	6	4	5	9	3	8	7
7	5	9	1	8	3	2	6	4

मणिकर्णिका घाट पर जाने के लिए महिषासुर घाट जाना होगा : डीएम

वाराणसी। एजेंसी

शहर के व्यस्ततम क्षेत्र मैदागिन-काशी विश्वनाथ मंदिर-गोदौलिया मार्ग से चौक स्थित मोक्षद्वार मणिकर्णिका तक शव लाने वाले वाहनों का मार्ग बदल दिया गया है। अब शव वाहनों को बदले गए मार्ग भदऊ चुंगी होते हुए महिषासुर घाट पर जाना होगा। जहां पर तीन एनडीआरएफ की बोट लगाई गई है। ये बोट पूर्णतया निःशुल्क हैं । बोट से शव एवं शव के साथ आये सम्बन्धित लोगों को जल मार्ग के रास्ते मणिकर्णिका घाट पर पहुंचाया

बदले मार्ग का डीएम ने किया निरीक्षण

घाट पर शेड लगाने के लिए नगर निगम को निर्देशित किया

जायेगा। बुधवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम,एडिशनल सीपी लॉ एण्ड आर्डर एस. चन्नप्पा ने चौकाघाट, महिषासुर घाट, मैदागिन चौराहा आदि स्थानों का निरीक्षण किया। एडिशनल सीपी ने इस दौरान कहा कि पुलिस अधिकारी शव लेकर आने वालों को सहानुभूतिपूर्वक समझा बुझाकर विभिन्न मार्गों से शव वाहनों को चयनित मार्ग पर डायवर्ट करायेंगे। इसके लिए सम्बन्धित थानों की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस सभी सम्भावित स्थानों पर ड्यूटी के दौरान शव वाहनों को डायवर्ट करेंगे। यह क्रम नियमित सुगमतापूर्वक चलाया जायेगा। इसके लिए जल्द ही साइनेज आदि नगर निगम की ओर से लगाये जायेंगे। इसके अलावा शव लेकर आने वालों के विश्राम के लिए जिलाधिकारी ने नगर निगम को महिषासुर घाट पर एक बड़ा शेड लगवाने का निर्देश दिया है। साथ ही घाट पर पेयजल आदि की व्यवस्था भी की जायेगी। दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में ही महिषासुर घाट से एनडीआरएफ के बोट से कई शवों को मणिकर्णिका घाट पर पहुंचाया गया।

यूपी का प्रसिद्ध राजकीय मेला देवीपाटन नौ अप्रैल से होगा शुरू

बलरामपुर । एजेंसी

चैत्र नवरात्रि पर नौ अप्रैल से शुरू हो रहे प्रसिद्ध राजकीय देवीपाटन मेले की तैयारी जिला

- तैयारी पूरी
- परिसर में लग रहे झूले व अन्य मनोरंजन के साधन
- मेला व्यवस्था में उपजिलाधिकारी की विशेष तैनाती

व मंदिर प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है। मेला परिसर में मनोरंजन की झूला व जादूगर के तंबू कनात लगने लगे हैं। शासन के निर्देश पर मेला के लिए विशेष एसडीएम की तैनाती की गई है, जो लगातार व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे।

51 शक्तिपीठों में शुमार शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन में हर वर्ष चैत्र नवरात्रि में एक माह का मेला लगता है। इस मेले में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु देवीपाटन मंदिर पहुंचकर मां पाटेश्वरी के दर्शन पूजन करते हैं। मेले का भी आनंद उठाते हैं। मंदिर की ऐतिहासिक व धार्मिक

महत्व के चलते लगने वाले इस मेले को प्रदेश सरकार के द्वारा राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर जिला प्रशासन व मंदिर प्रशासन के द्वारा साफ-सफाई सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक इंतजाम किया जाता है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि नौ अप्रैल से शुरू हो रही है। लगने वाले मेले को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की जा चुकी है। मेले की तैयारी को लेकर पूर्व में ही देवीपाटन पीठाधीश्वर के साथ बैठक हो चुकी है। शुद्ध पेयजल,साफ-सफाई, आवागमन,सुरक्षा, शाहिद विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये जा चुके हैं। मेला शुरू होने से पूर्व एक बार फिर समीक्षा बैठक होगी। मेला व्यवस्था में उपजिलाधिकारी की विशेष तैनाती की गई है। देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि मंदिर व प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की जा चुकी है। परिसर में मंदिर के द्वारा लगे सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से वह स्वयं व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहते हैं। किसी भी भक्त को कोई भी समस्या नहीं होने दी जाएगी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

जौनपुर। एजेंसी

महराजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मंगलवार की देर रात हो गई। मौत के बाद विवाहिता के परिजनों ने दहेज के लालच में जहर देकर मार डालने की बात कह रहे हैं। जबकि पुलिस अभी मामले को संदिग्ध मानकर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। थाना क्षेत्र के बनकट लोदी गांव में शराबी पति ने दहेज के लोभ में पहले पत्नी को पीटा और फिर जहर देकर उसकी हत्या कर दिया है। बनकट गांव निवासी विकास कुमार गौतम का विवाह लगभग 6 साल पूर्व चंदा गौतम 26 वर्ष से हुआ था। इसी बीच उसे दो संतान हुई। लेकिन ससुराल के लोग हमेशा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया करते थे। मंगलवार की शाम जब उसकी अचानक तबियत खराब हुई तब उसे बदलापुर स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। चिकित्सक ने महिला की हालत खराब होने का कारण जहर होना लिखा। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

परिजनों ने लगाया दहेज का आरोप

नगर आयुक्त ने एकल खिड़की का किया निरीक्षण

वाराणसी। एजेंसी

नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में स्थित एकल खिड़की 'सिंगल विन्डो सिस्टम'पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। नगर निगम प्रशासन ने आम नागरिकों के सहूलियत के लिए विगत कुछ माह पहले निगम मुख्यालय भवन में सिंगल विन्डो संचालित किया है। यहां कोई भी नागरिक जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रकार के लाइसेन्स एवं अन्य शुल्कों को एक ही स्थान पर जमा कर सकता है। इसके लिए कम्प्यूटराइज्ड सुविधा दी गई है, जो सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि नवीन लाइसेंस धारक को आनलाइन फार्म उपलब्ध कराया जाय, जिससे के कोई भी

जन्म मृत्यु पंजीयन शुल्क का भी प्रपत्र आनलाइन तैयार किया जाए

नागरिक घर बैठे अपने प्रतिष्ठान का अनुज्ञप्ति पंजीकरण कराते हुए शुल्क जमा कर सकें। अभी यह व्यवस्था है कि जिन प्रतिष्ठानों का पंजीकरण का डाटा नगर निगम के कम्प्यूटर में दर्ज है, उन्हीं के द्वारा अपना शुल्क आनलाइन जमा हो सकता है।

नशेड़ी युवक ने खुद को लगाई आग

जौनपुर। एजेंसी

मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी एक युवक किसी बात से नाराज होकर खुद को आग लगा लिया। आग लगते ही मौके पर हड़कम्प मच गया। लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। उपचार के लिए युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मालूम हो कि उक्त मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय निवासी कल्लू कसेरा मंगलवार को परिवार में किसी बात को लेकर नाराज हो गया। लोगों ने काफी प्रयास किया लेकिन वह नाराज रहा। रात में ही युवक ने खुद को आग लगा लिया। जिससे वह काफी जल गया है। उसे उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में लाया गया। जहां पर हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चिकित्सक ओम प्रकाश ने बताया है कि वह लगभग 70 प्रतिशत जल गया है। केरोसिन डालकर आग लगाया है उसके मुंह से शराब की महक भी आ रहा थी।

परिवार से किसी बात को लेकर था नाराज

कुआनो नदी के पुल से कूदी युवती की मौत

बस्ती। एजेंसी

लालगंज थानाक्षेत्र स्थित कुआनो नदी पुल से एक युवती नदी में कूद गई। जब तक स्थानीय गोताखोर उसे नदी से बाहर निकालते, तब तक उसकी मौत हो गई थी। हेमवंती (17) पुत्री रिंकू निवासी हथियांव कला थाना लालगंज अपने घर से गन्ना छीलने निकली थी। सुबह निकली युवती अपने घर वापस नहीं लौटी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 9.20 बजे वह लालगंज बाजार में कुआनो नदी पर बने पुल पर चढ़ गई और नदी में कूद गई। कूदते ही वहां पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय गोताखोर नदी में कूदे। जब तक उसे बाहर निकालते, तब तक उसकी मौत हो गई थी। एसओ लालगंज सुनील कुमार गौड़ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। घटना के कारणों की जानकारी की जा रही है।

मची अफरा-तफरी

मवेशी से टकराई बाइक, अधेड़ घायल

जौनपुर। एजेंसी

मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सतहरिया के सीड़ा मार्ग पर मंगलवार की रात करीब दस बजे एक अधेड़ बाइक समेतमवेशी से टकरा जाने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए ले जाया गया। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सतहरिया कालोनी निवासी संदीप शुक्ला पुत्र विशंभर नाथ शुक्ल 40 वर्ष अपने किसी कार्य से अपने बाइक से कहीं जा रहा था कि अचानक उसके सामने एक मवेशी आ गया। जिससे टकरा जाने से वह बाइक समेत गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से उसे सीएचसी सतहरिया में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए हो समुचित व्यवस्था

चुनाव की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त ने बूथों का किया निरीक्षण

मिर्जापुर । एजेंसी

मंडलायुक्त डा. मुथुकुमार स्वामी बी. ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) शिव प्रताप शुक्ल के साथ विभिन्न विधानसभाओं के बूथों पर बुधवार को पहुंचकर मतदान के लिए की जाने वाली तैयारियों का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने नगर क्षेत्र के सेंट मेरी स्कूल के मतदेय स्थलों पर पहुंचकर की जाने वाली तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी, प्राथमिक विद्यालय बरकछा कला, पूर्व कन्या

प्राथमिक विद्यालय जमुई मड़िहान पर पहुंचकर प्रत्येक बिन्दुओं पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने दिव्यांग मतदाताओं के मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर दिए जाने वाली सुविधाओं के बारे में उप जिला निर्वाचन अधिकारी व सम्बन्धित स्कूल के प्रधानाध्यापकों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से देय सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। ताकि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैम्प, व्हीलचेयर से उन्हें मतदान कक्ष तक ले जाने के लिए कार्मिकों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

रायफल के साथ आरोपी गिरफ्तार

बलिया। एजेंसी

कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधित रायफल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसआई ज्ञान प्रकाश तिवारी व राजू कुमार ने मुखबिर की सूचना पर कृपा राय के डेरा निवासी छट्टू बिंद को प्रानपुर सोमाली गांव से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक अवैध प्रतिबंधित रायफल व एक कारतूस बरामद हुआ।

डाईट और फिटनेस

वर्कआउट के बाद क्या खाएं ?

जानें पोस्ट वर्कआउट मील के बारे में

1 बॉडी बनाने और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन में वर्कआउट साथ साथ आपका भोजन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फिट बॉडी बनाने में 70% आपकी पोस्ट वर्कआउट मील और 20% वर्कआउट का रोल होता है।

2 वर्कआउट के दौरान हमारे शरीर से अधिक मात्रा में पसीना निकलता है, इसके अलावा मांसपेशियां भी टूटती हैं जिसके कारण इनकी मरम्मत करने के लिए शरीर में पर्याप्त पोषक तत्वों की जरूरत होती है।

3 आपको जिम करने के बाद या आफ्टर वर्कआउट ऐसी मील्स लेना चाहिए जो आपके शरीर को पर्याप्त ऊर्जा देकर बॉडी को रिकवर करने में मदद करे। आज हम आपको वर्कआउट के बाद क्या खाएं और पोस्ट वर्कआउट मील के बारे में जानकारी देंगे।

पोस्ट वर्कआउट मील

वर्कआउट करने के 30 मिनट के अंदर आप प्रोटीन, तरल और कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। अगर आप अपनी बॉडी को शेप में लाना चाहते है तो इसके लिए व्यायाम के बाद निम्न पोस्ट वर्कआउट मील को करें।

ऑमलेट

एक्सरसाइज करने के बाद आपको अधिक प्रोटीन की आवश्यकता होती है जो आपकी मांसपेशियों के विकास में मदद करता है। इसके लिए आप पोस्ट वर्कआउट मील में ऑमलेट का सेवन करें। ऑमलेट अंडा से बनता है जिसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और अमीनो अम्ल होते हैं।

डाइट में खाएं मुर्गा

चिकन में प्रोटीन, ओमेगा-3 तथा अमीनोअम्ल अच्छी मात्रा में होता है। इसके अलावा मुर्गा खाने से आपको विटामिन बी-6 भी प्राप्त होता है। ये सभी आपको ऊर्जा देकर मांसपेशियों के निर्माण में मदद करते हैं।

मील में खाएं सफेद चावल

जिम में एक्सरसाइज करने के बाद 30 मिनट के अंदर आपको सफेद चावल का सेवन करना चाहिए। हालांकि ब्राउन राइज, सफेद चावल की तुलना में अधिक फायदेमंद होते हैं , लेकिन सफेद चावल में उच्च ग्लाइसीमिक इन्डेक्स होता है और वर्कआउट के ग्लाइकोजन स्तर को सुधारने में इसका सेवन करना लाभदायक होता है। इसके अलावा सफेद चावल रक्त में शुगर लेवल को भी बढ़ता है जिससे जीआई भी बढ़ता है।

खाएं केला

जिम करने के बाद केला खाना बहुत ही फायदेमंद है। केला कार्बोहाइड्रेट का एक अच्छा स्रोत है, यह हमारे शरीर में ग्लाइकोजन संश्लेषण करने में मदद करता है। केले से आपको कार्बोहाइड्रेट के साथ-साथ पोटैशियम भी बहुत अच्छी मात्रा में मिलता है।

ड्राई फ्रूट्स खाएं

ड्राई फ्रूट्स या नट्स खाना हमारे लिए कई प्रकार से लाभदायक होते हैं। यदि आप जिम में बॉडी बनाना चाहते हैं तो पोस्ट वर्कआउट मील में नट्स जैसे मूंगफली, खुबानी, अंजीर आदि खाना चाहिए। इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन-ए, विटामिन-के और कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है। ड्राई फ्रूट्स आसानी से पच जाते हैं और ग्लाइकोजन स्तर को सुधारते हैं जिससे आपको अधिक देर तक एनर्जी मिलती है।

फल खाएं

फलों का सेवन सभी के लिए फायदेमंद होता है। इनमें विटामिन-सी, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और पानी की अधिक मात्रा होती है। ये वर्कआउट के दौरान डैमेज मसल्स को फिर से रिपेयर करने में मदद करता है। फल का सेवन पानी की कमी दूर करके इसका कार्बोहाइड्रेट आपको एनर्जी देने में मदद करता है। फलों में प्रोटीन की मात्रा भी होती है जो आपकी थकान दूर करने में सहायक होता है।

ब्राउन ब्रेड खाएं

ब्राउन ब्रेड, वर्कआउट के बाद खाना बहुत ही फायदेमंद होता है। ब्राउन ब्रेड में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट अच्छी मात्रा में होता और फैट बहुत कम मात्रा में होता है। ब्राउन ब्रेड को बिना चोकर हटाए बनाया जाता है, इसलिए इसमें सभी प्रकार के पोषक तत्व मौजूद होते हैं। पोस्ट वर्कआउट मील ब्राउन ब्रेड का सेवन एक्सरसाइज के दौरान हेवी वर्कआउट करने के बाद भी आपको एनर्जेटिक महसूस कराता है।

खाएं एवोकैडो

वर्कआउट या जिम के बाद शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी की जरूरत होती है। एवोकैडो में प्रचुर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन मौजूद होता है जो शरीर की चयापचय क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। जिम करने के बाद ताजे एवोकैडो को धोकर पतला टुकड़ा काटें और ऑमलेट के साथ मिलाकर खाएं। यह जिम करनेवाले शरीर के लिए बहुत लाभकारी होता है।

शकरकंद

वर्कआउट के बाद शरीर के ग्लाइकोजन लेवल लो हो जाता है, इसे सुधारने के लिए शकरकंद का सेवन करें। शकरकंद में कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, बीटा कैरोटीन, विटामिन-सी, मैंगनीज और पोटैशियम भरपूर मात्रा में होता है। इसका कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट ग्लाइकोजन लेवल को सुधारने में मदद करता है।

अनाज

होल ग्रेन या पूरे अनाज का सेवन वर्कआउट के बाद फायदेमंद होता है। इसमें अच्छी मात्रा में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। अनाज आसानी से पच जाता है और आपको आवश्यक एनर्जी देता है। वर्कआउट के बाद एक एक कटोरी अनाज को दूध के साथ खाएं।

चाहिए

चाहिए वेटर, हेल्पर, रेस्टॉरंट और बार, अनुभवी, उम्र 45 तक (माजगांव भाऊ का धक्का) संपर्क : 9702179800 MUM2024B.2102451159

ड्रायव्हर, ऑफिस - बॉय, सिक्युरिटी गार्ड, हाऊस - किपिंग, एम. आय. डी. सी. वर्कर, पेमेंट 20,000 (8 घंटे ड्युटी) (संडे छुट्टी) - 9527320810 MUM2024B.2102450051

मिठाई कारीगर, हेल्पर, मोरीवाला चाहिए, रहना खाना फ्री, मो. : ओमस्वीट 8356000262. MUM2024B.2102451162

BMW / मर्सिडीज गाडी चलानेवाला अनुभवी ड्राईवर चाहिए, आपका बायोडेटा और फोटो Whatsapp किजिये। संपर्क : 9107290290 MUM2024B.2102451927

वसई के वेयर हाऊसमें पेकेजिंग के काम के लिए तुरंत लडके चाहिए। संपर्क : 9107290290 MUM2024B.2102451930

सिक्युरिटी गार्ड चाहिए पगार 24500 कल्याण ठाणे, एरोली कुर्ला 9967445104 MUM2024S.5502451529

मुलुंड पेस्ट कंट्रोल के लिए ऑपरेटर चाहिए 9004885662 MUM2024S.5502451549

घरकाम केलिये महिलाये, लड़कियाँ, लड़के, युगल, नर्स, हॉटेल स्टाफ, जापामेड, वेटर, हेल्पर कूक रहना खाना फ्री 8976034958/ 8976034959 MUM2024S.5502451507

Req. Office Assistant Exp. min 1 Year (Tally, MS Office) Marol, Andheri East. sanjay.kawar@parijatpackaging.com MUM2024B.2102450044

बगदादी रेस्टॉरंट कुलाबा में चाहिए वेटर, हेल्पर, मोरीबॉय। संपर्क : 9892280008/ 9653446678 MUM2024B.2102451104

यशोभूमि CLASSIFIED 8108110772

खाना बनाने के लिए (ऑलराऊंडर) वेज कुक चाहिए घर के लिए। सुरत, गुजरात में। पगार - 25 से 30 हजार। संपर्क : 9892575886 MUM2024B.2102450315

सेफ सिक्युरिटी वसई के लिए गार्ड चाहिए रहने खाने कि सुविधा 9967766651 MUM2024B.2102439684

भिवंडी में प्रिंटिंग प्रेस के लिए आदमी चाहिए। संपर्क : 9619461598/ 9820262865 MUM2024B.2102449987

घरकाम, बेबीकेअर, पेशन्टकेअर, लेडिज, वॉर्डबॉय चाहिए। संपर्क : 8452093693 MUM2024B.2102446018

BISLERI कंपनीको लड़के/ लड़कियाँ चाहिए पगार 17500 से 37000 रहना खाना फ्रि बोरीवली (E) 8779159987 MUM2024B.2102450877

गोरेगाव पुर्व के लिए डिलिव्हरी बॉईज (बाईक होनेवाले) चाहिए। पगार 20000/ - से 25000/ - तक। संपर्क : 8169014720 MUM2024S.5502451490

ड्रायवर चाहिए ठाणे, डोंबिवली के लिए, पगार 15000/ - + OT +PF+ ESIC. संपर्क : 9594562296/ 8879937291 MUM2024B.2102451909

चाहिये - ट्रक - टेम्पो ड्रायवर, पगार 30 हजार, मोबाईल : 7718998933 MUM2024B.2102451101

जगह

कल्याण पूर्व चाली में कम बजटमें खुदका घर 1RK : 3,75,000/-, 1BHK, 2BHK रुम उपलब्ध. संपर्क : 9619919113 MUM2024B.2102451917

फिल्म

बॉलीवुड में पोर्टफोलियो से फिल्मो, सिरियलो कास्टिंग को गाइडेन्सभी (कोई रजिस्ट्रेशन फॉर्म नही)- 9224455971 MUM2024B.2102436632

निवेश

START YOUR OWN BUSINESS JUST INVEST 1 LACS AND EARN 30,000 TO 5 LACS. 8369141305/ 8291488673 MUM2024B.2102446564

ज्योतिष

मुफ्त सलाह, कालीशक्तीके सम्राट, वशीकरण स्पेशालीस्ट, प्यार मे धोखा, प्यार जोडना तोडना, पतीपत्नी मतभेद, प्रेमविवाह, मुठकरणी. 8655095105, 8655092655 MUM2024B.2102439325

सागर ज्योतिष : नोकरीधंदा, प्रेमविवाह, शत्रुनाश, गुप्तसमस्या, वशीकरण यंत्र, जन्मकुंडली : 9870126299 (नवी मुंबई) MUM2024B.2102430878

कालभैरव ज्योतिष : 3 घंटे मे परिणाम प्यार मे धोखा, मनचाहा प्यार, तलाक, शत्रुनाश, मोहिनी स्पेशा., 501 में काम, अंधेरी - वेस्ट : 7737857877 MUM2024B.2102446535

फ्री सेवा! A TO Z स्पेशाः शत्रू लव्ह प्रॉ. सौतन वशीकरण.घाटकोपर -9257880955 PUN2024V.4302446172

श्री मोहिनी ज्योतिष सभी समस्याओं का 7 घंटे में 101% रिजल्ट, मनचाहा प्यार, तलाक, शत्रुनाश, वशीकरण स्पेशालिस्ट गुरुजी, दादर. : 7728887743 MUM2024B.2102450773

कर्ज

पाठकों हेतु नियम सूचना

''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र में प्रकाशित होनेवाले विविध प्रकार के विज्ञापनों के मसौदा की जांच-पड़ताल करके ही पाठकों को इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करना चाहिए. विज्ञापन में अपने उत्पाद के संदर्भ में या सेवा के संबंध में विज्ञापनदाता, जो दावा करते हैं इसका ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र कोई भी गारंटी नहीं लेता. विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्तता विज्ञापनदाता की ओर से नहीं हुई, तो इसके परिणाम के बारे में ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र समूह के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक एवं मालिक **जवाबदार नहीं होंगे**, इसका कृपया पाठकों को ध्यान देना चाहिए.

AUR2023SA002380443

पाठकों को सूचना

विशेष सूचना

विज्ञापन का बिल लेते समय विज्ञापन के फॉर्म पर दिये गये मूल शब्दों की पंक्ति अनुसार ही विज्ञापन का बिल लिया जाता है. इस संदर्भ में आगे ऐसा स्पष्ट किया जा रहा है कि प्रकाशन के लिए दिया गया मसौदा अंग्रेजी में होने पर विज्ञापन के फॉर्म में होनेवाली मूल अंग्रेजी पंक्ति की संख्या अनुसार ही बिल लिया जायेगा. इसके लिए भाषांतरित किये गये (मराठी या हिंदी) मसौदा की पंक्तियों के अनुसार नहीं लिये जायेंगे. विज्ञापन फॉर्म पर पंक्ति एवं प्रकाशित हुए विज्ञापन की पंक्ति में फर्क हो सकता है, इसका एजेंसी एवं विज्ञापनदाताओं को ध्यान देना चाहिए.

- प्रबंधक

AUR2023SA002380437

क्लासिफाईड के लिए २ दिन पहले संपर्क करें

नियमित पढें यशोभूमि

दैनिक
यशोभूमि
मुंबई | गुरुवार, 28 मार्च 2024 | पेज 12
2nd Front Page

अमरावती से उम्मीदवार बनीं नवनीत राणा

नयी दिल्ली। भाषा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दो उम्मीदवारों की सातवीं सूची जारी कर दी। पार्टी ने महाराष्ट्र की अमरावती सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा को जबकि कर्नाटक के चित्रदुर्ग से वर्तमान सांसद ए नारायणस्वामी के स्थान पर पूर्व उपमुख्यमंत्री गोविंद करजोल को टिकट दिया है।

कोलकाता में दो विमानों के पंख क्षतिग्रस्त

कोलकाता। भाषा, कोलकाता हवाई अड्डा पर बुधवार को एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख आपस में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विमानन कंपनी 'इंडिगो' के एक विमान के पंख 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान से टकराये जिसमें दोनों विमानों के पंख क्षतिग्रस्त हो गए।

संक्षिप्त समाचार

रेस्तरां मालिक की गोली मारकर हत्या

नयी दिल्ली। भाषा, उत्तर-पूर्वी दिल्ली में स्थित न्यू उस्मानपुर इलाके में अज्ञात हमलावरों ने एक रेस्तरां के 32 वर्षीय मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। रेस्तरां मालिक संजय सिंह जब मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को रेस्तरां से लौट रहे थे तो उस दौरान हमलावरों ने उनके घर के पास हमला कर दिया। सिंह पर हत्या का एक मामला दर्ज है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंह के एक दोस्त ने उन्हें सड़क पर घायल स्थिति में पड़े हुए देखा और उनके छोटे भाई नितिन को इस बारे में जानकारी दी। नितिन एक डेयरी का मालिक है।

भाजपा ने किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। भाषा, राष्ट्रीय राजधानी में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा विधायकों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था।

दिनेश शर्मा को महाराष्ट्र की कमान

मुंबई। एजेंसी, भाजपा ने चुनावी दृष्टि से यूपी सहित कई राज्यों में चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। इसके अनुसार पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा को पार्टी ने महाराष्ट्र का चुनाव प्रभारी बनाकर बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। डा. शर्मा के पास लंबा संगठनात्मक अनुभव है और वे पहले भी गुजरात सहित कई राज्यों में प्रभारी के रूप में काम कर चुके हैं। जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है तो सह प्रभारी बनाए गए संजीव चौरसिया पहले से ही यह जिम्मा संभाल रहे हैं। उन्हें 2022 में यूपी के विधानसभा चुनाव से पहले यह जिम्मेदारी दी गई थी। उस समय उन्हें ब्रज क्षेत्र का प्रभारी भी बनाया गया था। संजीव बिहार में पटना से विधायक हैं। वहीं दिल्ली से सांसद रमेश विधुड़ी पहले भी यूपी के सह प्रभारी रह चुके हैं।

जेल से नहीं चलेगी दिल्ली सरकार

उपराज्यपाल वी के सक्सेना की दो टूक

नयी दिल्ली। भाषा

दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलाई जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। आप नेताओं ने कई मौकों पर केजरीवाल के इस्तीफे से इनकार किया और जोर देकर कहा कि वह जेल के अंदर से अपनी सरकार चलाएंगे। 'टाइम्स नाउ समिट' में एक सवाल का जवाब देते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा, मैं दिल्ली के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि सरकार जेल से नहीं चलेगी। केजरीवाल ने मंगलवार को ईडी की हिरासत से अपना दूसरा कार्य आदेश जारी

आप नेताओं ने कहा था जेल से चलाएंगे सरकार

भाजपा के नेता कर रहे हैं विरोध प्रदर्शन

किया और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में लोगों के लिए दवाएं और जांच व्यवस्था उपलब्ध हों। इससे पहले रविवार को आप सुप्रीमो ने जल मंत्री आतिशी को शहर के कुछ इलाकों में पानी और सीवर संबंधी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए थे। इक्कीस मार्च को केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा था कि वह (केजरीवाल) मुख्यमंत्री बने रहेंगे और जरूरत पड़ने पर जेल से दिल्ली की सरकार चलाएंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कहा था कि पार्टी सुप्रीमो को बदला नहीं जा सकता। इस बीच, आप और भाजपा के नेता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आप जहां केजरीवाल की रिहाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही है, वहीं भाजपा केजरीवाल के इस्तीफे की मांग के लिए दबाव बना रही है।

सक्सेना ने परोक्ष रूप से आप सरकार को निशाना बनाते हुए कहा, बच्चों के रूप में हम सभी ने 'लोहे के चने चबाना' जैसी एक कहावत सुनी है। दिल्ली आने के बाद मुझे वास्तव में इस कहावत का अर्थ पता चला। सक्सेना ने कहा, इस शहर में कोई भी काम करवाना 'लोहे के चने चबाने' जैसा लगता है। आप जो भी करने की कोशिश करते हैं, कुछ ताकतें होती हैं जो उस काम को रोकने में अपनी पूरी ताकत झोंक देती हैं, और अगर आप (किसी भी तरह) उस काम को सफलतापूर्वक पूरा कर पाते हैं, तो ये ताकतें श्रेय लेने की कोशिश करती हैं।

हैदराबाद ने बनाया रिकॉर्ड स्कोर



हैदराबाद। भाषा

सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां तीन विकेट पर 277 रन बनाए, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक ताबड़तोड़ रन बटोरे जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रही। ट्रैविस हेड ने 24 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्के की मदद से 62 रन बनाए जबकि अभिषेक शर्मा ने 23 गेंद पर 63 रन बनाए जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं। इन दोनों के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन (34 गेंद पर नाबाद 80 रन, चार चौके, सात छक्के) और एडेन मार्कराम (28 गेंद पर नाबाद 42, दो चौके, एक छक्का) ने 55 गेंद पर 116 रन की अटूट साझेदारी की। हेड जब पांच रन पर थे तब हार्दिक पंड्या की गेंद पर टिम डेविड ने उनका कैच छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 17 वर्षीय क्वेना मफाका पर लगातार दो छक्के और दो चौके जड़कर इसका जश्न मनाया जिससे सनराइजर्स तीन ओवर में 40 रन बनाने में सफल रहा। मफाका बेहद महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 66 रन लुटाए। हार्दिक ने इसके तुरंत बाद जसप्रीत बुमराह को आक्रमण पर लगाया और वह स्वयं छोर बदलकर गेंदबाजी के लिए आए। उनकी यह रणनीति कारगर साबित हुई और इस बार डेविड ने मयंक अग्रवाल (11) का कैच लेने में कोई गलती नहीं की।

क्लासेन ने खेली नाबाद 80 रनों की पारी

हेड और अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी

सुप्रिया पाटिल यादव को मिला सेवा विस्तार

नयी दिल्ली। भाषा

केंद्र ने बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के रूप में तैनात भारतीय पुलिस सेवा की वरिष्ठ अधिकारी सुप्रिया पाटिल यादव को एक साल का सेवा विस्तार दे दिया। कार्मिक मंत्रालय के आदेश में इसकी जानकारी दी गयी है। आदेश में कहा गया है कि यादव महाराष्ट्र कैडर के 2004 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं।

केरल के मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ मामला दर्ज

कोच्चि। भाषा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी वीणा विजयन, उनके स्वामित्व वाली आईटी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया है। यह मामला एक निजी खनिज फर्म द्वारा वीणा और उनकी कंपनी को किए गए कथित अवैध भुगतान से संबंधित है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है और इसमें शामिल लोगों को तलब किए जाने की संभावना है।

जल्द हो सकती हैं तलब

दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस

नई दिल्ली

हाल ही में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और हिमाचल प्रदेश की मंडी से बीजेपी उम्मीदवार कंगना रनौत पर की गई टिप्पणियों को लेकर चुनाव आयोग ने ऐक्शन लिया है। ममता बनर्जी पर बयान देने वाले बीजेपी सांसद दिलीप घोष और कंगना रनौत पर विवादित पोस्ट को लेकर घिरीं कांग्रेस की सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस दिया गया है। चुनाव आयोग ने दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणियों को 'अशोभनीय और गलत' बताया है।

लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी से टिकट दिया है। इसके बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से कंगना रनौत को लेकर विवादित पोस्ट किया गया। हालांकि, बाद में सुप्रिया ने दावा किया कि उनके अकाउंट का एक्सेस कई लोगों के पास है। उन्हीं में से किसी ने यह पोस्ट किया।

उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा, मेरे फेसबुक और इंस्टा के अकाउंट पर कई लोगों का एक्सेस है। इसमें से किसी व्यक्ति ने आज एक बेहद घृणित और आपत्तिजनक पोस्ट किया था। मुझे जैसे ही इसकी जानकारी हुई मैंने वह पोस्ट हटा दिया। जो भी मुझे जानते हैं, वह यह अच्छी तरह से जानते हैं कि मैं किसी भी महिला के लिए व्यक्तिगत बात नहीं करती हूं। उधर, बीजेपी सांसद घोष को एक कथित वीडियो क्लिप में बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक उड़ाते हुए सुना गया था।

ममता और कंगना के खिलाफ की थी टिप्पणी

चुनाव आयोग ने बताया 'अशोभनीय'

ईडी ने महुआ मोइत्रा को आज तलब किया

नयी दिल्ली। भाषा

प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। तृणमूल नेता को इससे पहले भी केंद्रीय एजेंसी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। मोइत्र को 'रिश्वत लेकर सवाल पूछने' के मामले में दिसंबर में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उन्हें उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से फिर से उम्मीदवार घोषित किया है।

भारत ने अमेरिकी राजनयिक को तलब किया

नयी दिल्ली। भाषा

भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर बुधवार को अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया था। बैठक 30 मिनट से ज्यादा चली। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया के लिए प्रोत्साहित करता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बाद में एक बायन में कहा, हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाही के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं।

की थी केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी

'आप' सांसद सुशील रिंकू भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली। भाषा

पंजाब के जालंधर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर तावड़े ने कहा कि दोनों नेताओं के आने से पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में दोनों नेताओं की क्षमताओं का पंजाब व पार्टी के हित में उपयोग किया जाएगा। पुरी ने कहा कि जहां 'डबल इंजन' की सरकार है वहां तो विकास हो रहा है लेकिन पंजाब इसमें पीछे रह गया। केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को भाजपा के नेता अक्सर 'डबल इंजन' की सरकार कहते हैं। जाखड़ ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया और बताया कि पार्टी मुख्यालय पहुंचने से पहले रिंकू ने लोकसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया है।

विधायक शीतल अंगुराल भी भाजपा में हुए शामिल

इनके आने से पंजाब में होगी भाजपा मजबूत